
हरिभूमि
रायपुर भूमि





# फेस स्कैनिंग के बाद हुई एंट्री, गर्मी से बचाने ओआरएस घोल-जलजीरा, प्रत्येक केंद्र में एंबुलेंस

सीजी पीएससी मेंस : 239 पदों पर होगी इसके जरिए नियुक्ति

1099 परीक्षार्थियों में से 1013 परीक्षार्थी हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राज्य सेवा मुख्य परीक्षा-2025 के द्वितीय दिवस प्रथम पाली में पंजीकृत 1099 परीक्षार्थियों में से 1013 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। नई व्यवस्था के अंतर्गत परीक्षार्थियों को फेस स्कैनिंग की प्रक्रिया से गुजरना पड़ा। यह उच्च स्तरीय जांच व्यवस्था राष्ट्रीय स्तर की विभिन्न परीक्षाओं में सामने आ रही गड़बड़ियों के बाद सुरक्षात्मक दृष्टिकोण से की गई है। फेस स्कैनिंग के अलावा कैंडिडेट्स को अन्य जांच से भी गुजरना पड़ा। राजधानी में परीक्षा के लिए केवल तीन केंद्र बनाए गए हैं। तीनों ही केंद्रों में शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ। ड्रेस कोड अथवा अन्य नियमों को लेकर किसी तरह का विवाद उत्पन्न नहीं हुआ। अलग-अलग विभागों में 239 पदों पर इस भर्ती परीक्षा के माध्यम से नियुक्ति होगी। 6 से 9 जून तक आयोजित पीएससी मेंस का कल अंतिम दिवस है। पहले यह परीक्षा 16 से 19 मई को होने वाली थी, लेकिन जनगणना तथा प्रारंभिक व मुख्य परीक्षा के मध्य कम अंतराल को देखते हुए इसे रि-शेड्यूल किया गया। जिन उम्मीदवारों ने 22 फरवरी को आयोजित प्रारंभिक परीक्षा उत्तीर्ण की थी, वे ही मुख्य परीक्षा में शामिल होने के पात्र हैं।

अलग खबर

### निर्धारित समय पर परीक्षा सामग्री का वितरण

ना केवल परीक्षार्थियों की जांच बल्कि परीक्षा सामग्री के विरतण को लेकर भी विशेष सावधानी बरती जा रही है। निर्धारित समय में ही इनका वितरण किया जा रहा है। परीक्षा के द्वितीय दिवस की प्रथम पाली के लिए गोपनीय परीक्षा सामग्री का वितरण सुबह 7:15 बजे जिला कोषालय कलेक्ट्रेट परिसर से किया गया। परीक्षा उपरांत प्रथम पाली की गोपनीय परीक्षा सामग्री को दोपहर 2:30 बजे जिला कोषालय कलेक्ट्रेट में सुरक्षित रूप से जमा किया गया। इसी तरह द्वितीय पाली की परीक्षा के लिए गोपनीय परीक्षा सामग्री का वितरण दोपहर 12 बजे हुआ।

### तपती गर्मी में लंबी लाइन

प्रत्येक केंद्र में परीक्षार्थियों को गर्मी से बचाने कई तरह की व्यवस्थाएं की गई थीं, लेकिन भीषण गर्मी को देखते हुए यह व्यवस्था अपर्याप्त रही। फेस स्कैनिंग के लिए परीक्षार्थियों को लगभग आधे घंटे तक धूप में खड़ा रहना पड़ा। प्रथम पाली और द्वितीय पाली की परीक्षा के मध्य अंतराल में कैंडिडेट्स केंद्र में बने शेड्स में ही भोजन और आराम करते दिखे। इसके अलाव केंद्र में परीक्षार्थियों के लिए ओआरएस घोल तथा जलजीरा की भी व्यवस्था की गई थी। एम्बूलेंस भी एहतियात के रुप में रखे गए थे। हालांकि इनके इस्तेमाल की स्थिति निर्मित नहीं हुई।

## खबर संक्षेप

### उरला में नया पुलिस सहायता केंद्र लोकार्पित



**रायपुर।** पुलिस कमिश्नरेट द्वारा आमजनों की सुरक्षा, कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा पुलिसिंग व्यवस्था को जनसुलभ एवं प्रभावी बनाने की दिशा में डीसीपी नार्थ जोन के उरला थाना क्षेत्र की एएचपी कॉलोनी में रविवार को नवीन पुलिस सहायता केंद्र का शुभारंभ किया गया। नवीन पुलिस सहायता केंद्र का उद्घाटन डीसीपी मयंक गुर्जर ने विधिवत फीता काटकर एवं पूजा-अर्चना के साथ किया। उद्घाटन समारोह में डीसीपी मयंक गुर्जर, एडीसीपी आकाश मरकाम, एसीपी पूर्णिमा लामा, टीआई सहित कई जनप्रतिनिधि, स्थानीय रहवासी उपस्थित रहे।

### महिला के कब्जे से 105 पौवा शराब जब्त

**रायपुर।** डीडीनगर थाना क्षेत्र में पुलिस, एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट के साथ एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स की टीम ने मुखबिर की सूचना पर एक महिला के कब्जे से 105 पौवी शराब जब्त की है। पुलिस ने सरोना निवासी नेहा कंडरा के कब्जे से शराब जब्त की है। नेहा शक्तिघाट के पास एक पेड़ नीचे लोगों को शराब बेचते पकड़ी गई।

### गांजा के साथ उत्तरप्रदेश का युवक गिरफ्तार

**रायपुर।** गंज थाने की पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर उत्तरप्रदेश के एक युवक के कब्जे से छह किलो गांजा जब्त किया है। पुलिस ने गांजा तस्करी करने के आरोप में उत्तरप्रदेश, हमीरपुर निवासी रामदास को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से गांजा एक्सप्रेस-वे चूनाभट्ठी के पास से जब्त किया है। रामदास गांजा ओडिशा से लाकर रायपुर में खपाने की फिराक में था।

### लूट के आरोप में नाबालिग समेत हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार



**रायपुर।** अभनपुर पुलिस ने चाकू की नोक पर मारपीट कर युवक से लूटपाट करने के आरोप में एक नाबालिग तथा एक फरार हिस्ट्रीशीटर बदमाश को गिरफ्तार किया है। आकाश तिवारी की शिकायत पर पुलिस ने नवा रायपुर, राखी निवासी धर्मेंद्र टंडन उर्फ लल्ला उर्फ हटेला तथा उसके एक नाबालिग साथी को गिरफ्तार किया है। आकाश ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि 2 जून को वह देर रात राजिम से लौट रहा था। अभनपुर यात्री प्रतीक्षालय के पास बाइक रोककर पानी पी रहा था। इस दौरान दोनों बदमाशों ने आकाश से माचिस के साथ गांजा देने मांग की। आकाश ने गांजा नहीं होने की बात कही तो बदमाश उसे चाकू की नोक पर एक खेत के अंदर जबरन अपने साथ ले गए और उसके साथ मारपीट कर सोने की दो नग अंगूठी, सोने की चेन लूटकर मौके से फरार हो गए थे।

बिहार के 25 हजार के इनामी बदमाश को स्थानीय पुलिस ने गिरफ्तार कर किया बिहार पुलिस के हवाले

# इंटरस्टेट बदमाशों का सुरक्षित ठिकाना बना रायपुर का इंडस्ट्रियल इलाका

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

बिहार के जहानाबाद के 25 हजार रुपए का ईनामी हिस्ट्रीशीटर धरसींवा थाना क्षेत्र में पकड़े जाने के बाद राजधानी में बड़े पैमाने पर पड़ोसी राज्य बिहार, उत्तरप्रदेश के बदमाशों के होने की बात से इंकार नहीं किया जा सकता। इन दोनों राज्यों से आए ज्यादातर मजदूर स्टील फैक्ट्री, राइस मिल तथा अन्य उद्योगों में लेबर के साथ ट्रक चलाने का काम करते हैं। पुलिस ने जिस बदमाश को गिरफ्तार किया है, वो 10 दिन पूर्व 25 मई को निजी कंपनी में काम करने पहुंचा था। ठेकेदार की मदद से मजदूर ने स्टील फैक्ट्री में नौकरी हासिल की थी।

बिहार पुलिस की निशानदेही पर सिलतरा चौकी पुलिस ने छह साल से फरार बदमाश अजय यादव को गिरफ्तार किया है। अजय के खिलाफ बिहार में हत्या की कोशिश, गैंगरेप सहित कई गंभीर अपराध दर्ज हैं। बिहार पुलिस को तकनीकी विश्लेषण के आधार पर अजय के रायपुर में होने की जानकारी मिली। इसके बाद बिहार पुलिस ने ग्रामीण एसपी श्वेता सिन्हा से संपर्क कर आरोपी की गिरफ्तारी के लिए मदद मांगी। आरोपी के सिलतरा में होने की पुष्टि के बाद सिलतरा चौकी प्रभारी एसआई राजेंद्र कंवर, जहानाबाद पुलिस की एसआई सुरुचि शर्मा की संयुक्त टीम ने आरोपी की पतासाजी करते हुए स्टील कंपनी के लेबर क्वार्टर में दबिश देकर फरार हिस्ट्रीशीटर अजय यादव को गिरफ्तार किया।

राजधानी के उरला, सिलतरा, तिल्दा-नेवरा में बिहार, उत्तरप्रदेश के 50 से 70 हजार मजदूरों के काम करने का अनुमान

### गांजा तस्करी समेत कई अन्य गंभीर अपराधों में लिप्त

दूसरे प्रांत से मजदूरी करने आए मजदूरों में से एक वर्ग के मजदूर बड़ी संख्या में गांजा, शराब तस्करी सहित यहां आकर कई अन्य गंभीर आपराधिक घटनाएं करते हैं। इसके अलावा ऐसे आपराधिक प्रवृत्ति के मजदूरों द्वारा लोकल बदमाशों से संपर्क कर उन्हें हथियार मुहैया कराने के भी आरोप हैं।



### बरती जाएगी सख्ती

दूसरे प्रांत से मजदूरी करने आए मजदूरों का पुलिस वेरिफिकेशन कराने उद्योग प्रबंधन से जुड़े लोगों को पूर्व में भी कई बार नोटिस जारी किया जा चुका है। मजदूरों का पुलिस वेरिफिकेशन कराए जाने सख्ती बरती जाएगी। किसी मजदूर के आपराधिक घटना में लिप्त होने की जानकारी मिलने पर मजदूर के अलावा संबंधित लोगों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

- **श्वेता सिन्हा,** एसपी रायपुर ग्रामीण

### एक प्रतिशत का भी वेरिफिकेशन नहीं

इंडस्ट्रीज में काम करने वाले मजदूर ठेकेदार के माध्यम से काम पर लगते हैं या फिर स्वतंत्र रूप से फैक्ट्री प्रबंधन से संपर्क कर मजदूरी कार्य करते हैं। स्वतंत्र रूप से मजदूरी कार्य करने वाले मजदूरों की संख्या कम है। सबसे ज्यादा ठेकेदार के माध्यम से दूसरे प्रांत से आए लोग मजदूरी करते हैं। पुलिस ने जिस मजदूर को गिरफ्तार किया है, वह ठेकेदार के माध्यम से स्टील फैक्ट्री में मजदूरी कार्य करने जुड़ा था। ग्रामीण एसपी श्वेता सिन्हा के अनुसार, फैक्ट्रियों में दूसरे प्रदेश से मजदूरी करने आए मजदूरों में से एक प्रतिशत का भी पुलिस वेरिफिकेशन नहीं हुआ है।

### मजदूर ने फर्जी नाम से बनवा लिया था ईएसआईसी कार्ड

पुलिस ने बिहार के जिस मजदूर को गिरफ्तार किया है। उसने फर्जीवाड़ा करते हुए शंभू यादव के नाम से ईएसआईसी कार्ड तक बनवा लिया था, जिसमें उसने अपना पता तिल्दा होना बताया। स्थानीय पुलिस को मजदूर की पहचान करने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। इसके बाद एक साथी के मोबाइल में पुलिस ने अजय की फोटो देखी। इसके बाद पुलिस ने अजय के बारे में पूरी जानकारी हासिल कर संबंधित स्टील फैक्ट्री में दबिश देकर उसकी गिरफ्तारी की।

### 50 से 70 हजार मजदूर कार्यरत

उरला, सिलतरा फेस-1, फेस-2 तथा तिल्दा क्षेत्र में संचालित फैक्ट्रियों में उत्तरप्रदेश, बिहार, झारखंड, मध्यप्रदेश से बड़ी संख्या में लोग मजदूरी करने आते हैं। इनमें एक अनुमान के मुताबिक, 50 से 70 हजार के करीब मजदूर, उत्तरप्रदेश तथा बिहार के रहने वाले हैं। बिहार तथा उत्तरप्रदेश से आने वाले मजदूर विशुद्ध रूप से मजदूरी करने के साथ वाहन चलाने का काम करते हैं।

# दाम बढ़ने के बाद रायपुर, दुर्ग में सिलेंडर अब 1013 रुपए बस्तर में सबसे कम 966 रुपए

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



रसोई गैस के दाम में एक बार फिर से 29 रुपए का इजाफा कर दिया गया है। बीते तीन माह में यह दूसरी बार है, जब दाम बढ़ाए गए हैं। मार्च में 60 रुपए दाम बढ़े थे। दाम बढ़ने के बाद अपने राज्य छत्तीसगढ़ में अलग-अलग जिलों में अलग-अलग दाम है। सबसे कम दाम बस्तर में 966.50 रुपए हैं। राजधानी रायपुर, दुर्ग सहित कुछ जिलों में दाम 1013 रुपए हैं। सबसे ज्यादा दाम कोरिया, सारंगढ़ में 1031.50 रुपए है। अमेरिका, इजरायल, ईरान युद्ध के चलते एलपीजी गैस का संकट पैदा हो गया है। हालांकि घरेलू उपभोक्ताओं को रसोई गैस उपलब्ध कराने का काम हो रहा है, लेकिन पहले की तरह आसानी से गैस नहीं मिल पा रही है। अब एक दिन से ज्यादा का समय लग रहा है। इसी के साथ रसोई गैस के दाम में भी लगातार इजाफा हो रहा है।

- बिलासपुर में 1030 और कोरिया, सारंगढ़ में सबसे ज्यादा 1031.50 रुपए

### परिवहन के कारण दाम भी अलग

रसोई गैस की कीमत पूरे देश में अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग है। इसी तरह से अपने राज्य छत्तीसगढ़ में भी परिवहन के कारण अलग-अलग शहरों में अलग-अलग कीमत है। बस्तर में रसोई गैस की पहुंच आसानी से हो जाती है तो वहां पर इसके दाम सबसे कम 966.50 रुपए हैं। जिन स्थानों पर रसोई गैस को पहुंचने में परिवहन शुल्क ज्यादा लगता है, वहां दाम ज्यादा हैं।

### किस शहर में कितने दाम

| | |
|---|---|
| रायपुर | 1013 रुपए |
| दुर्ग | 1013 रुपए |
| बेमेतरा | 1013 रुपए |
| बालोद | 1021.50 रुपए |
| बलौदाबाजार | 1022 रुपए |
| बलरामपुर | 1030 रुपए |
| बस्तर | 966.50 रुपए |
| बिलासपुर | 1030 रुपए |
| बीजापुर | 1030 रुपए |
| दंतेवाड़ा | 1030 रुपए |
| धमतरी | 1030 रुपए |
| गरियाबंद | 1030 रुपए |
| मरवाही | 1030 रुपए |
| जांजगीर | 1030.50 रुपए |
| जशपुर | 1030 रुपए |
| कांकेर | 1030 रुपए |
| कवर्धा | 1030 रुपए |
| खैरागढ़ | 1030.50 रुपए |
| कोंडागांव | 1030 रुपए |
| कोरबा | 1030 रुपए |
| कोरिया | 1031.50 रुपए |
| महासमुंद | 1022.50 रुपए |
| रायगढ़ | 1030 रुपए |
| राजनांदगांव | 1025.50 रुपए |
| सारंगढ़ | 1031.50 रुपए |

# अपहरण केस दबाने का आरोप, सिलयारी चौकी प्रभारी दुबे सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

धरसींवा थाना क्षेत्र की सिलयारी चौकी के प्रभारी एएसआई जितेंद्र दुबे को ग्रामीण एसपी श्वेता सिन्हा ने निलंबित करने का आदेश जारी किया है। किशोरी के अपहरण केस में चौकी प्रभारी पर लापरवाही बरतने के साथ प्रकरण खारिज करने का आरोप है। जितेंद्र की जगह सुशील वर्मा सिलयारी चौकी के नए प्रभारी बनाए गए हैं।

सिलयारी चौकी में किशोरी के पिता ने 17 अप्रैल 2026 को अपनी बेटी की अपहरण होने की शिकायत दर्ज कराई थी। इस पर धरसींवा थाने में 137(2) बीएनएस का अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान गुमशुदा बालिका को दूसरे दिन ही बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया गया। परिजनों के सुपुर्द करने के पूर्व किशोरी का महिला पुलिस ने बयान दर्ज किया।




ग्रामीण एसपी श्वेता सिन्हा के आदेश पर चौकी प्रभारी निलंबित

बालिका के दादा ने पैसों के लेन-देन का वीडियो वायरल किया, एसपी ने की कार्रवाई

साथ ही बाल कल्याण समिति एवं कोर्ट के समक्ष किशोरी का 183 के तहत कलमबंद बयान दर्ज कराया गया, जिसमें किशोरी ने अपने साथ किसी तरह के अपराध होने की बात से इंकार किया।

### दादा ने किया पैसों के लेन-देन का वीडियो वायरल

किशोरी के बयान के आधार पर सिलयारी चौकी प्रभारी ने एसपी कार्यालय तथा न्यायालय को प्रकरण की खारिजी रिपोर्ट पेश की। खारिजी रिपोर्ट पेश होने के बाद किशोरी के दादा ने एक वीडियो वायरल किया। वायरल वीडियो में कथित रूप से घटित अपराध को छिपाने के लिए पैसे लेते हुए दिखाया गया है। इस आधार पर एसपी ग्रामीण द्वारा खारिजी प्रस्ताव को अस्वीकार करते हुए पुनः विवेचना हेतु आदेशित किया गया। विवेचना के दौरान नाबालिग का कथन दर्ज किया गया, जिसमें अपराध होना पाए जाने पर दो आरोपियों को तत्काल हिरासत में लेकर पूछताछ कर जुर्म कबूल करने पर गिरफ्तार किया गया। चौकी प्रभारी द्वारा नाबालिग बच्ची के अपहरण जैसे संवेदनशील मामले को केवल कानूनी नजरिए से देखा गया, जबकि ज्ञात होना चाहिए था कि प्रकरण में लगातार स्थानीय संसूचना व सामाजिक स्तर पर प्राप्त होने वाली सूचनाओं पर संज्ञान लेते हुए अपराधियों की पतासाजी की जाती। प्रकरण की गंभीरता के आकलन में कमियां परिलक्षित होने पर चौकी प्रभारी जितेंद्र दुबे को निलंबित किया गया।

### तेज कार ने बाइक सवार को ठोका, युवक की मौत

**रायपुर।** शंकर नगर इलाके में बर्गर किंग के पास एक तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद इलाके में अफरातफरी मच गई। जानकारी के अनुसार, मृतक लाखेनगर निवासी उदय रगड़े किसी कार्य से शंकर नगर क्षेत्र से गुजर रहा था, इसी दौरान दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, कार की रफ्तार काफी तेज थी और टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि युवक को संभलने का मौका ही नहीं मिला। हादसे के तुरंत बाद आसपास मौजूद लोगों ने पुलिस को सूचना दी। तब पुलिस ने शव कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू की। मृतक के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए मेकाहारा अस्पताल भेजा गया है। घटना की जानकारी मिलते ही मृतक के परिजन भी मौके पर पहुंच गए, जहां उनका रो-रोकर बुरा हाल था। अचानक हुई इस घटना ने पूरे परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया है। इलाके में भी इस हादसे को लेकर शोक का माहौल है।

# अरब की नमी से 42 के तापमान में 45 डिग्री की गर्मी, राहत की संभावना अभी नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी समेत प्रदेश में भले ही अधिकतम तापमान 42-43 डिग्री के बीच हो, मगर अरब सागर से आने वाली नमी से 45 डिग्री जैसी गर्मी लोगों को हलाकान किए हुए है। माना जा रहा है कि अगले दो-तीन दिन में मानसून बस्तर के कुछ भागों में पहुंच सकता है, मगर इसके रायपुर समेत मध्य इलाके में पहुंचने में थोड़ी देर है। राज्य में दस जून के बाद ही बारिश की गतिविधि में बढ़ोतरी होने की संभावना बनती नजर आ रही है।

- 12 जून से वर्षा की गतिविधि में वृद्धि होने की संभावना बन रही है।



### दोपहर में ग्रीष्मलहर

राज्य में अरब सागर से हवा के साथ नमी का आगमन लगातार जारी है, जो डेढ़ से दो डिग्री अधिक तापमान में लू जैसी गर्म हवा के थपेड़ों से लोगों को झुलसा रही है। रविवार को भी कुछ ऐसा माहौल बना रहा और राजधानी में दोपहर की तेज धूप से ग्रीष्मलहर का अहसास हुआ। वातावरण में मौजूद आर्द्रता चिपचिपाहट भरी गर्मी से लोगों को असहज बना रही है। मौसम विशेषज्ञों का मानना है कि अगले दो दिनों तक इस परेशानी भरी गर्मी से राहत मिलने की संभावना काफी कम है। अनुमान है कि अगले दो से तीन दिनों में दक्षिण-पश्चिम मानसून बस्तर के रास्ते छत्तीसगढ़ में प्रवेश कर सकता है।

निगम मुख्यालय जाकर मैनुअल तरीके से करना पड़ रहा किराया भुगतान

# एक क्लिक पर निगम की दुकानों का किराया भुगतान का सिस्टम एक साल में भी पूरा नहीं, अब होगा डाटा अपडेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रॉपर्टी टैक्स की तर्ज पर घर बैठे एक क्लिक पर नगर निगम की दुकानों के किराए के ऑनलाइन भुगतान की योजना फिस्स हो गई है। एक साल में केवल 4 हजार दुकानों की ऑनलाइन एंट्री ही हो पाई, डाटा अपडेट करने और उसे वेरीफाई करने का काम अभी भी अधूरा पड़ा है। यही वजह है कि निगम की दुकानों के आवंटितियों को अब भी मैनुअल तरीके से किराया जमा करने मुख्यालय तक जाना पड़ रहा है। जबकि निगम प्रशासन और शहरी सरकार ने दावा किया था कि शहर के 19 अलग-अलग लोकेशन पर स्थित 4 हजार दुकानों का डाटा सॉफ्टवेयर में अपलोड कर ऑनलाइन सिस्टम से दुकानदार निगम के दुकानों का घर बैठे किराए भुगतान मिनटों में कर सकेंगे।

दरअसल, प्रदेश का सबसे बड़ा नगर निगम अपने लाठीटेक सिस्टम से उबर नहीं पा रहा है। इसके चलते राजस्व वसूली के मामले में नगर निगम हर बार की तरह इस बार भी निर्धारित लक्ष्य से पिछड़ गया है। इसका एक बड़ा कारण नगर निगम की दुकानों का ब्योरा पूरी तरह से ऑनलाइन नहीं हो पाना है। यही नहीं, नगर निगम की कई दुकानें सालों से खाली पड़ी हैं। ऐसे में प्रापर्टी टैक्स की तर्ज पर नगर निगम की दुकानों का किराया वसूली, लीज नवीनीकरण के लिए ऑनलाइन सिस्टम की जरूरत है।

- 19 लोकेशन पर स्थित 4 हजार दुकानें, एंट्री कंपलीट, पर डाटा अपडेट नहीं



### ऑनलाइन सिस्टम पहली प्राथमिकता

*प्रापर्टी टैक्स की तर्ज पर एक क्लिक पर घर बैठे निगम की दुकानों के किराए भुगतान का सिस्टम ऑनलाइन है, इसके लिए प्राथमिकता के साथ कार्य किया जाएगा। पूर्व में कराए गए सर्वे का डाटा अपडेट कर वेरीफाई कर रहे हैं, इसमें जो खामियां सामने आई हैं, उसे सुधार कर 15 से 20 दिनों में यह सुविधा देने का हरसंभव प्रयास रहेगा।*

*- डॉ. अंजलि शर्मा, उपायुक्त राजस्व, ननि रायपुर*

### भौतिक सत्यापन हुआ दस्तावेज जांचे, पर न एप बना न डाटा अपडेट

*राजस्व विभाग की टीम द्वारा पूर्व में निगम की 4 हजार दुकानों के भौतिक सत्यापन कराने का कार्य प्राथमिकता के आधार पर किया गया। दुकानों की स्थल पर जाकर नापजोख हुई, दस्तावेज खंगाले गए, पर सॉफ्टवेयर में डाटा अपडेट कर अलग से एप बनाने का कार्य लंबित होने से काम आगे नहीं बढ़ पाया।*

खबर संक्षेप

### गलत नीति से खाद की किल्लत व महंगे डीजल से किसान हैं बदहाल

**धरसींवा/सिलयारी।** खरीफ सीजन की शुरुआत के साथ ही प्रदेश का अन्नदाता चौतरफा संकटों के चक्रव्यूह में फंस गया है। बढ़ती कृषि लागत, खाद की भारी



किल्लत और महंगे डीजल ने किसानों की कमर तोड़कर रख दी है, जिससे वे आर्थिक बोझ तले दबने को मजबूर हैं। इस गंभीर स्थिति पर गहरा आक्रोश व्यक्त करते हुए किसान नेता और पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष उधोराम वर्मा ने सरकार की नीतियों को आड़े हाथों लिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार एक सोची-समझी रणनीति के तहत पहले कृषि आदानों की किल्लत पैदा करती है और फिर किसानों को ऊंचे दामों पर सामग्रियां खरीदने के लिए मजबूर करती है। कांग्रेस नेता उधोराम वर्मा ने दो टूक शब्दों में कहा कि सरकार की 'फूट डालो और शासन करो' की नीति के कारण आज राज्य का छोटा और मझोला किसान सबसे ज्यादा प्रताड़ित हो रहा है। किसान नेता उधोराम वर्मा ने जमीनी हकीकत बयां करते हुए कहा कि समितियों से खाद गायब है, जिसके चलते किसानों को निजी दुकानों का रुख करना पड़ रहा है। बाजार में कालाबाजारी का आलम यह है कि सरकारी दर पर मिलने वाला 266 रुपये का यूरिया किसानों को 800 से 1000 रुपये में और 1350 रुपये का डीएपी 2500 रुपये की भारी-भरकम कीमत पर ब्लैक में खरीदना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि ठीक बोआई और जुताई के समय डीजल के दामों में बेतहाशा वृद्धि कर सरकार ने किसानों की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। ट्रैक्टर का किराया जो पहले 1000 से 1200 रुपये प्रति घंटा था, वह अब बढ़कर 1400 से 1500 रुपये हो चुका है। महंगाई के कारण कीटनाशक दवाइयां महंगी हो गई हैं और धान की रोपाई का खर्च भी 6000 रुपये से बढ़कर 7000 रुपये प्रति एकड़ के पार पहुंच रहा है।

### ग्रामीण अंचलों में मानसून से पूर्व मकानों की मरम्मत जारी

**आरंग।** मानसून की दस्तक से पहले ग्रामीण क्षेत्रों में लोग अपने कच्चे मकानों की मरम्मत और रखरखाव में जुट गए हैं। बरसात के दौरान किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए घरों की छतों पर लगे टूटे-फूटे कवेलू (खपरा) को बदला और सुधारा जा रहा है। भीषण गर्मी और तेज धूप के बावजूद मजदूर एवं ग्रामीण खुले बदन छतों पर चढ़कर मरम्मत कार्य में लगे हुए हैं। पसीने से तरबतर होकर वे घंटों मेहनत कर घरों की छतों को बारिश के लिए तैयार कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि बरसात शुरू होने के बाद मरम्मत कार्य करना मुश्किल हो जाता है, इसलिए समय रहते टूटे कवेलू और कमजोर हिस्सों को ठीक किया जा रहा है। गांवों में इन दिनों सुबह से लेकर शाम तक छतों पर मरम्मत का काम देखने को मिल रहा है। एक ओर जहां गर्मी लोगों का हाल बेहाल कर रही है, वहीं दूसरी ओर मजदूरों की मेहनत और लगन यह दर्शाती है कि वे अपने परिवार को बारिश के मौसम में सुरक्षित रखने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं। मानसून पूर्व चल रही यह गतिविधि ग्रामीण जीवन की मेहनत, दूरदर्शिता और आत्मनिर्भरता की एक सुंदर तस्वीर प्रस्तुत कर रही है।

### सशिमं में नवीन आचार्य प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ किया गया वैदिक रीति से

**तरपोंगी।** स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर तरपोंगी के प्रांगण में 3 जून से 14 जून तक आयोजित होने वाले 10 दिवसीय 'नवीन आचार्य प्रशिक्षण वर्ग' का भव्य शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में रतन चक्रधर अध्यक्ष सरस्वती ग्राम शिक्षा समिति छत्तीसगढ़ उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में देवकी सावन नायक सरपंच प्रतिनिधि ग्राम पंचायत तरपोंगी एवं अध्यक्षता कृष्णकांत साहू सरपंच प्रतिनिधि ग्राम पंचायत लखना द्वारा की गई। विशिष्ट अतिथियों में पुनाराम वर्मा अध्यक्ष ग्राम भारती जिला रायपुर, सुरेंद्र नशीने सचिव ग्राम भारती जिला रायपुर, पुरुषोत्तम साहू सचिव बलौदाबाजार, नीलकंठ यादव सहसचिव एवं तोषण साहू संयुक्त सचिव शामिल हुए।

# गांधी स्कूल के समर कैंप में कराते, जुंबा, आर्ट एंड क्राफ्ट पर बच्चों ने दिखाया हुनर

## कैंप में लगभग 150 बच्चों ने विविध विधा पर अपनी प्रतिभा का किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल आरंग द्वारा नगर के सभी बच्चों के समग्र विकास हेतु ग्रीष्मकालीन अवकाश में निःशुल्क समर कैंप का आयोजन किया गया।

यह सभी वर्गों के बच्चों के लिए निःशुल्क था और इसमें कराते, जुंबा, आर्ट एंड क्राफ्ट, अबेकस तथा फोनिक्स जैसी रोचक गतिविधियाँ शामिल थीं। कैंप का उद्देश्य बच्चों के शारीरिक, मानसिक एवं रचनात्मक कौशलों का विकास करना था, ताकि वे गर्मियों का सदुपयोग कर सकें। समर कैंप में विद्यालय सहित अन्य विद्यालयों के लगभग 150 बच्चों ने विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया।

इस समर कैंप में हेल्थ कैंप भी लगाया गया, जिसमें थीम्स हॉस्पिटल, आरंग के डेंटिस्ट एवं एम.डी. मेडिसिन डॉक्टरों की टीम ने बच्चों एवं पालकों की स्वास्थ्य जांच की तथा दवाइयाँ भी वितरित कीं। बच्चों को स्वच्छता, दांतों, नाखूनों एवं शरीर की सफाई तथा संतुलित आहार के संबंध में भी जागरूक किया गया। विद्यालय की ओर से सभी बच्चों को मूंग, चना एवं फल्ली के अंकुरित अनाज (स्प्राउट्स) नाश्ते के रूप में वितरित किए गए। विभिन्न गतिविधियों के लिए अनुभवी प्रशिक्षकों एवं शिक्षकों



की सेवाएँ ली गईं। कराते के लिए ब्लैक बेल्ट रहीम खान के मार्गदर्शन में कोपल योगी, तान्या जलक्षत्री एवं महत्व नाथ योगी ने प्रशिक्षण में सहयोग किया। ड्राइंग, पेंटिंग, आर्ट एवं क्राफ्ट के लिए खुशी नेताम (छात्रा, इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय, खैरागढ़), अबेकस के लिए शिक्षिका राखी नेभवानी तथा जुंबा के लिए विद्यालय की क्रीड़ा शिक्षिका प्रीयल साहू ने प्रशिक्षण दिया। अंग्रेजी एवं हिन्दी फोनिक्स की कक्षाओं में उमर खान, संतोषी साहू, हेमलता बेलगहे, चांदनी साहू एवं हुलसी साहू ने बच्चों को मौखिक अभ्यास के माध्यम से शब्दों के सही उच्चारण की बारीकियों का अभ्यास कराया। समापन समारोह में बच्चों ने समर कैंप में सीखी गई विभिन्न कलाओं का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर संकुल समन्वयक हरीश दीवान एवं जीतेंद्र शुक्ला ने सभी बच्चों को प्रमाण-पत्र, मेडल एवं उपहार प्रदान कर सम्मानित किया। उल्लेखनीय है कि गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, आरंग द्वारा प्रतिवर्ष निःशुल्क समर कैंप का आयोजन किया जाता है। विद्यालय के इस प्रयास की अभिभावकों ने सराहना की।

## कार्रवाई : दुष्कर्म के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

# नाबालिग से दुष्कर्म मामले की विवेचना में लापरवाही, चौकी प्रभार जितेंद्र निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा

छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के ग्रामीण इलाके से एक बेहद संवेदनशील आपराधिक और गंभीर प्रशासनिक लापरवाही का मामला सामने आया है।

धरसींवा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली सिलयारी पुलिस चौकी क्षेत्र में एक नाबालिग बच्ची के साथ दो अलग-अलग दिनों में दो दरिंदों द्वारा दुष्कर्म किए जाने की रूह कंपा देने वाली वारदात हुई है। इस बेहद संवेदनशील और संगीन मामले में तत्परता दिखाने के बजाय घोर लापरवाही और उदासीनता बरतने पर पुलिस महकमे ने सख्त कदम उठाया है। रायपुर ग्रामीण की एसपी श्वेता श्रीवास्तव सिन्हा ने सिलयारी पुलिस चौकी प्रभारी (उप निरीक्षक) जितेंद्र दुबे को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। वहीं दूसरी ओर, पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए इस घिनौने कृत्य में शामिल दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया है।पकड़े गए आरोपियों में पहला आरोपी ईश्वर धृतलहरे ( 38) दूसरा आरोपी तामेश्वर मानिकपुरी ( 19 ) दोनों देवगांव थाना खरोरा का रहने वाला है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ विभिन्न संगीन धाराओं के तहत मामला दर्ज कर उन्हें न्यायालय में पेश किया, जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया है।






### कांग्रेस ने दी थी उग्र आंदोलन की चेतावनी

दूसरी ओर, मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस ने भी इस मुद्दे को लेकर धरसींवा और आसपास के इलाकों में उग्र आंदोलन छेड़ दिया था। पूर्व विधायक अनिता शर्मा, जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष पप्पू राजेंद्र बंजारे और उधोराम वर्मा सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन करते हुए माना सीएसपी को ज्ञापन सौंपा था। कांग्रेस ने इस मामले में पुलिस प्रशासन को घेरते हुए आगामी 9 जून को चक्काजाम करने की बड़ी चेतावनी भी दे दी थी। चौतरफा राजनीतिक दबाव, जनता के आक्रोश और खुद के महकमे में घोर लापरवाही की पुष्टि होने के बाद आखिरकार पुलिस कप्तान ने यह दंडात्मक कदम उठाया और चौकी प्रभारी को निलंबित किया।

### रायपुर एसपी ने उप निरीक्षक जितेंद्र दुबे को किया निलंबित

हालांकि, इस पूरे घटनाक्रम में स्थानीय पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हुए हैं। सिलयारी चौकी में दर्ज अपराध क्रमांक 207/26, धारा 137(2) भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के तहत दर्ज इस मामले की विवेचना में उप निरीक्षक जितेंद्र दुबे द्वारा ढर्रे सा रवैया अपनाया गया। मामले की गंभीरता को भांपते हुए और जांच में प्रथम दृष्टया घोर लापरवाही पाए जाने पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय रायपुर (ग्रामीण) द्वारा एक आधिकारिक निलंबन आदेश जारी किया गया। आदेश के मुताबिक, जितेंद्र दुबे को तुरंत निलंबित कर रायपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक कार्यालय से संबद्ध (अटैच) कर दिया गया है।

### नेताओं ने दिया कड़ी कार्रवाई का आश्वासन

इस संवेदनशील अपराध और पुलिस की सुस्ती को लेकर समूचे क्षेत्र में भारी जनाक्रोश व्याप्त हो गया था। पीड़िता को न्याय दिलाने और लापरवाह अधिकारियों पर गाज गिराने के लिए सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों ने ही सड़क से लेकर अधिकारियों के दफ्तर तक मोर्चा खोल दिया था। राजनीतिक सरगर्मी इस कदर बढ़ी कि भाजपा व कांग्रेस नेताओं ने पीड़ित परिवार के साथ एसपी ग्रामीण के पास पहुंचकर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की। इस बीच, 'सुशासन शिविर' के दौरान क्षेत्रीय विधायक अनुज शर्मा, सांसद बृजमोहन अग्रवाल और जिला पंचायत सदस्य सरोज चन्द्रवंशी ने भी पीड़ित पक्ष को ढांढस बंधाते हुए दोषियों और लापरवाह पुलिसकर्मियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का ठोस आश्वासन दिया था।

# जिला साहू संघ के चुनाव में विधायक पैनल का दबदबा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

जिला साहू संघ रायपुर ग्रामीण के चुनाव शांतिपूर्ण एवं उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुए। चुनाव परिणामों में विधायक इंद्रकुमार साहू समर्थित पैनल का दबदबा देखने को मिला। अध्यक्ष सहित सभी प्रमुख पदों पर पैनल प्रत्याशियों ने जीत दर्ज कर संगठन में मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई।

अध्यक्ष पद पर हीरामण साहू ने 115 मत प्राप्त कर विजय हासिल की। उपाध्यक्ष (पुरुष) पद पर तोषण साहू, उपाध्यक्ष (महिला) पद पर धनमती साहू, संगठन सचिव (पुरुष) पद पर योगेश साहू तथा संगठन सचिव (महिला) पद पर सरस्वती साहू विजयी रहीं। परिणाम घोषित होते ही समर्थकों में उत्साह का माहौल बन गया। विजयी प्रत्याशियों का फूल-मालाओं से स्वागत किया गया और मिठाई बांटकर जीत का जश्न मनाया गया। इस अवसर पर विधायक इंद्रकुमार साहू ने कहा कि यह जीत पूरे साहू समाज की जीत है। उन्होंने नव निर्वाचित पदाधिकारियों से शिक्षा, सामाजिक समरसता, युवा नेतृत्व और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने तथा संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का आह्वान किया। चुनाव के बाद समाजजनों ने संगठन की एकजुटता बनाए रखते हुए उसे और अधिक मजबूत बनाने का संकल्प लिया।

# केंद्री यात्री प्रतीक्षालय में लूट अपचारी समेत दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

थाना क्षेत्र में हुई लूट की सनसनीखेज वारदात का खुलासा करते हुए पुलिस ने एक आरोपी और विधि के साथ संघर्षरत एक बालक को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों ने ग्राम केंद्री स्थित यात्री प्रतीक्षालय के पास एक युवक से सोने की चैन और अंगूठियां लूट ली थीं।

मिली जानकारी अनुसार प्रार्थी आकाश कुमार तिवारी 2 मई की रात राजिम से रायपुर लौट रहे थे। रात करीब 12:30 बजे ग्राम केंद्री के बस स्टॉप स्थित यात्री प्रतीक्षालय के पास रुकने के दौरान दो युवक पल्सर मोटरसाइकिल से पहुंचे। पहले उन्होंने माचिस मांगी और फिर गांजा रखने की बात कहकर युवक से जबरदस्ती करने लगे। विरोध करने पर दोनों आरोपियों ने युवक को यात्री प्रतीक्षालय के पीछे खेत में ले जाकर जान से मारने की धमकी दी तथा उसके गले की सोने की चैन और हाथ में पहनी दो सोने की अंगूठियां लूटकर फरार हो गए।

घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस उपायुक्त (क्राइम एवं साइबर) स्मृतिक राजनाला तथा रायपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक श्रीमती श्वेता श्रीवास्तव सिन्हा के निर्देशन में एंटी क्राइम एवं साइबर यूनिट तथा अभनपुर थाना पुलिस की संयुक्त टीम गठित की गई। टीम ने सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी



साक्ष्यों और मुखबिर तंत्र की सहायता से आरोपियों की तलाश शुरू की।

जांच के दौरान पुलिस को राखी निवासी धर्मेन्द्र टंडन उर्फ लल्ला उर्फ हटेला के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी मिली। पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिसमें उसने अपने एक नाबालिग साथी के साथ मिलकर लूट की वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया। इसके बाद विधि के साथ संघर्षरत बालक को भी पकड़ लिया गया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त पल्सर मोटरसाइकिल, जिसकी कीमत लगभग 1.50 लाख रुपये बताई जा रही है, जप्त कर ली है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार आरोपी धर्मेन्द्र टंडन के विरुद्ध थाना तेलीबांधा में लूट और अन्य अपराधों सहित कई मामले दर्ज हैं। वहीं थाना राखी के एक प्रकरण में उसके विरुद्ध स्थायी वारंट भी जारी है। पुलिस द्वारा इन लंबित मामलों में भी उसकी गिरफ्तारी की प्रक्रिया की जा रही है।

### पुलिस वेरिफिकेशन नौकरी देने पर स्टील कंपनी को नोटिस

# वर्षों से फरार इनामी शातिर, सिलतरा में गिरफ्तार, ट्रांजिट रिमांड में भेजा गया बिहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा

छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर का प्रमुख औद्योगिक क्षेत्र सिलतरा इन दिनों बाहरी राज्यों के शातिर अपराधियों और गैंगस्टरों के लिए एक सुरक्षित पनाहगाह (शरण स्थली) बनता जा रहा है। इसका ताजा और बेहद चौंकाने वाला उदाहरण तब सामने आया, जब रायपुर ग्रामीण की सिलतरा पुलिस और बिहार की जहानाबाद पुलिस ने एक संयुक्त और बड़ी कार्रवाई करते हुए पिछले पांच वर्षों से फरार चल रहे 25 हजार रुपये के इनामी अपराधी को धर दबोचा।

सिलतरा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गिरफ्तार आरोपी अजय यादव बिहार के जहानाबाद जिले के गोछिया गांव का मूल निवासी है। वह रायपुर के सिलतरा औद्योगिक क्षेत्र में अपनी वास्तविक पहचान पूरी तरह छिपाकर एक निजी स्टील कंपनी में आम श्रमिक के रूप में काम कर रहा था। आरोपी के खिलाफ बिहार के जहानाबाद महिला थाने में साल 2019 से सामूहिक दुष्कर्म, हत्या का प्रयास, डकैती और आर्म्स एक्ट जैसे कई जघन्य और संगीन मामले दर्ज हैं। घटना को अंजाम देने के बाद से ही वह लगातार अपनी लोकेशन बदल रहा था, जिसके चलते पुलिस महानिरीक्षक मगध क्षेत्र द्वारा उस पर नकद पुरस्कार की घोषणा की गई थी।



### छत्तीसगढ़ में छिपा बिहार का कुख्यात अपराधी अजय यादव गिरफ्तार

बिहार पुलिस को तकनीकी विश्लेषण और साइबर सेल के इनपुट से यह पुख्ता जानकारी मिली थी कि शातिर अपराधी अजय यादव रायपुर के ग्रामीण इलाके में शरण लिए हुए है। सूचना मिलते ही जहानाबाद पुलिस की एक विशेष टीम रायपुर पहुंची और सिलतरा पुलिस चौकी से संपर्क कर सहयोग मांगा। इसके बाद सिलतरा चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक राजेन्द्र सिंह कंवर के नेतृत्व में दोनों राज्यों की पुलिस की एक संयुक्त टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम ने औद्योगिक क्षेत्र में अपनी तफ्तीश शुरू की और पुख्ता इनपुट के आधार पर स्टील कंपनी में दबिश देकर आरोपी को योजनाबद्ध तरीके से घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया। स्थानीय कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद जहानाबाद पुलिस आरोपी को ट्रांजिट रिमांड पर लेकर बिहार रवाना हो गई है।

### अन्य राज्यों के श्रमिकों का पुलिस सत्यापन जरूरी

इस हाईप्रोफाइल गिरफ्तारी के बाद सिलतरा औद्योगिक क्षेत्र में सुरक्षा को लेकर हड़कंप मच गया है। पुलिस जांच में यह गंभीर बात सामने आई कि संबंधित स्टील कंपनी प्रबंधन द्वारा बाहरी राज्यों से आने वाले श्रमिकों के पुलिस सत्यापन संबंधी सरकारी निर्देशों का पालन नहीं किया गया था। इसी लापरवाही का फायदा उठाकर इतना बड़ा अपराधी वहां अपनी पहचान छिपाकर काम करता रहा। पुलिस प्रशासन ने कंपनी प्रबंधन को इस घोर लापरवाही को बेहद गंभीरता से लिया है और संबंधित स्टील कंपनी संचालक व प्रबंधन को कारण बताओ नोटिस जारी कर वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है। इसके साथ ही पुलिस ने क्षेत्र के सभी औद्योगिक प्रतिष्ठानों को कड़ा अल्टीमेटम दिया है कि वे अपने सभी कर्मचारियों का अनिवार्य रूप से समयबद्ध पुलिस वेरिफिकेशन कराएं, अन्यथा नियमों की अवहेलना करने वाली कंपनियों के खिलाफ सख्त कानूनी कदम उठाए जाएंगे।

### कारण बताओ नोटिस जारी

सिलतरा पुलिस ने संयुक्त रूप से घेराबंदी कर आरोपी अजय यादव को गिरफ्तार किया है। आरोपी छत्तीसगढ़ के शांत माहौल का फायदा उठाकर और अपनी पहचान छिपाकर यहां एक निजी स्टील कंपनी में काम कर रहा था। उस पर बिहार में गंभीर धाराओं के तहत मामले दर्ज थे और इनाम भी घोषित था। इस मामले में संबंधित स्टील कंपनी प्रबंधन द्वारा बाहरी श्रमिकों के अनिवार्य पुलिस वेरिफिकेशन नियमों का उल्लंघन पाया गया है, जिसके लिए उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

**- राजेन्द्र कंवर,**
चौकी प्रभारी सिलतरा

## समय सीमा की बैठक में शामिल होने के बाद समस्या का समाधान नही

# भूमि बंदोबस्त त्रुटि सुधार मामला नौ साल से लंबित, सुशासन तिहार में सौंपा ज्ञापन

**आरंग।** समय सीमा (टीएल) मामलों को निपटारे की एक निश्चित समयावधि होती है और ऐसे मामलों की समीक्षा इस हेतु निर्धारित बैठकों में समय-समय पर हर जिले का जिलाधीश करता है पर मंदिर हसौद तहसील के ग्राम टेकारी में हुये व्यापक बंदोबस्त त्रुटि को सुधरवाने ग्राम में शिविर लगवा सुधरवाने के आवेदन पर दर्ज टी एल प्रकरण आज भी कहीं फाईलों में दबा पड़ा है। बीते 18 मई को मंदिर हसौद तहसील के ग्राम सिवनी में आयोजित सुशासन तिहार में पंचायत द्वारा आवेदन देने पर नौकरशाही का यह रव्वैया सामने आया है। ज्ञातव्य हो कि ग्राम टेकारी में बंदोबस्त के दौरान हुये व्यापक त्रुटियों की ओर ग्राम के लगभग 70 प्रतिशत किसानों के हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन पंचायत ने सन् 2017 के 11 दिसंबर को तात्कालिक संभागायुक्त व जिलाधीश को सौंप ग्राम में शिविर लगवा त्रुटियों के सुधार करवाने का आग्रह किया था।

### नौ साल बाद आवेदन प्रक्रिया शुरू करना टालमटोल

*जानकारी के अनुसार इसके बाद मंदिर हसौद में पदस्थ नायब तहसीलदार ने बीते 3 जून को एक ज्ञापन जारी कर टेकारी में एक दिवसीय शिविर लगा किसानों से पुनः आवेदन लेने राजस्व निरीक्षक भुनेश्वर वर्मा व पटवारी राजेश शर्मा को अधिकृत करते हुये आवश्यकता पड़ने पर पुनः सर्वेक्षण किये जाने हेतु जिला कार्यालय को प्रस्ताव प्रेषित करने की बात लिखा गया है। ज्ञापन मिलने की पुष्टि सरपंच ने की है।*

### शिविर लगाने का आग्रह काम नहीं आया

इसके परिप्रेक्ष्य में बंदोबस्त के पूर्व के सभी संबंधित व वर्तमान अभिलेखों को ले ग्राम में व्याप्त लगवा किसानों के सामने त्रुटियां सुधरवाने का आग्रह किया गया था। मामले की गंभीरता व संवेदनशीलता को देखते हुये तात्कालीन जिलाधीश ने इसे टी एल प्रकरण दर्ज कर कार्यवाही हेतु आरंग के अनुविभागीय अधिकारी को भेजा था जिन्होंने सन 2018 के 10 जनवरी को मंदिर हसौद के नायब तहसीलदार को कार्यवाही हेतु प्रेषित किया था। 05 माह तक कोई सुगबुगाहट न होने व ग्राम से रेलवे लाइन गुजरने की जानकारी किसानों द्वारा दिये जाने पर मुआवजा का भी समस्या उठ खड़े होने की समस्या की ओर किसानों द्वारा ध्यानाकर्षण कराये जाने पर किसान संघर्ष समिति के संयोजक भूपेंद्र शर्मा ने सन 2018 के 23 मई को तात्कालीन संभागायुक्त ब्रजेश चंद्र मिश्रा व जिलाधीश ओ पी चौधरी (वर्तमान वित्त मंत्री) को ज्ञापन सौंप सभी अभिलेखों को ले टेकारी में अविलंब शिविर लगवाने का आग्रह किया था। इसके बाद भी कोई सुगबुगाहट न होने से ग्रामीणों की मांग पर सुशासन तिहार में पंचायत द्वारा आवेदन सौंप जिलाधीश का भी ध्यान इस ओर आकृष्ट कराया गया।

# पशु-पक्षियों के लिए पीपला का जलदान अभियान जारी

**आरंग।** कड़ाके की धूप और भीषण गर्मी के इस मौसम में जहां इंसान पानी के लिए बेहाल हैं, वहीं मूक पशु-पक्षियों के लिए पानी की तलाश और भी बड़ी चुनौती बन जाती है। ऐसे समय में स्वयंसेवी संस्था पीपला वेलफेयर फाउंडेशन का जलदान अभियान बेजुबानों के लिए किसी वरदान से कम साबित नहीं हो रहा है। विगत चार वर्षों से लगातार चलाए जा रहे इस सेवाभावी अभियान की आज छत्तीसगढ़ के कोने-कोने में जमकर सराहना हो रही है। इस अभियान के तहत संस्था द्वारा जनसहयोग से जगह-जगह मूक पशुओं के लिए बड़े जलपात्र (कुंड) रखे जा रहे हैं। संस्था न केवल ये पात्र रख रही है, बल्कि स्थानीय नागरिकों से इनमें नियमित रूप से स्वच्छ पानी डालने का विनम्र आग्रह भी करती है, ताकि कोई भी बेजुबान प्यासा न रहे। फाउंडेशन के सक्रिय सदस्य महेंद्र पटेल ने बताया कि इस मानवीय पहल की शुरुआत कुछ वर्ष पहले आरंग क्षेत्र से छोटे स्तर पर की गई थी। संस्था के सदस्यों ने जब मूक पशुओं को पानी के लिए तड़पते देखा, तो उन्होंने आपसी सहयोग से मिट्टी और सीमेंट के जलपात्र रखवाने शुरू किए। देखते ही देखते यह मुहिम एक बड़े जन-आंदोलन में तब्दील हो गई। आज पीपला वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा आरंग के साथ-साथ रायपुर, नया रायपुर, भिलाई, दुर्ग, मंदिर हसौद, धरसींवा, तिल्दा, राजिम, अभनपुर, महासमुंद, पिथौरा, सरायपाली और तुमगांव सहित आसपास के सैकड़ों गांवों में हजारों जलपात्र रखवाए जा चुके हैं।

# नाका चेक में धरे गए बेटिकट यात्री, लोकल ट्रेनों के मामले ज्यादा, 51 लाख जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की ट्रेनों में बिना टिकट सफर करने वाले यात्रियों की बढ़ती संख्या पर लगाम कसने और लोगों को जागरूक करने के लिए रेलवे प्रशासन ने 15 दिवसीय विशेष नाका चेक अभियान चलाया। इस अभियान के तहत रायपुर, बिलासपुर और नागपुर मंडलों में सघन चेकिंग की गई, जिसमें रेलवे ने बिना टिकट और अनियमित यात्रा करने वालों से 51 लाख रुपए से अधिक जुर्माना वसूला है।

कार्रवाई के मामले में बिलासपुर मंडल सबसे आगे रहा, जिसके बाद रायपुर मंडल ने विभिन्न स्टेशनों और ट्रेनों में जांच कर भारी जुर्माना वसूला। रेलवे के आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, इस 15 दिवसीय महाभियान में बिना टिकट यात्रा के 5265 मामले और अनियमित यात्रा के 2558 मामले पकड़े गए। कुल 7823 मामलों में संबंधित यात्रियों से किराया और जुर्माने के रूप में लगभग 51 लाख रुपए वसूले गए हैं। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक विजय कुमार ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य यात्रियों को वैध टिकट के साथ यात्रा करने के प्रति जागरूक करना और बिना टिकट यात्रा की प्रवृत्ति को हतोत्साहित करना है। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि रेलवे का किराया अत्यंत किफायती है, इसलिए यात्रियों को सदैव उचित और वैध यात्रा प्राधिकार टिकट के साथ ही सफर करना चाहिए।

- दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे का 'नाका चेक' महाभियान, 7823 मामलों में हुई कार्रवाई
- जुर्माना वसूलने में बिलासपुर अव्वल, रायपुर दूसरे नंबर पर


फाइल फोटो

### अब छोटे स्टेशनों पर भी तैनात होंगे टीटीई

*रेलवे प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि टिकट जांच का यह अभियान आगे भी अनवरत जारी रहेगा। यात्रियों को जागरूक करने के साथ-साथ इस तरह के हर पखवाड़े की जांच से मंडल के राजस्व में 5 से 10 लाख रुपए की वृद्धि हो रही है। अब रेलवे ने बड़े स्टेशनों के साथ-साथ छोटे स्टेशनों पर भी टीटीई की तैनाती कर दी है, ताकि टिकट जांच का कार्य और तेज किया जा सके। रायपुर मंडल के अंतर्गत आने वाले कुम्हारी, सरोना, हथबंद, तिल्दा के साथ-साथ अभनपुर और राजिम जैसे स्टेशनों पर सक्रिय रूप से चेकिंग की जा रही है। रेलवे अब विशेष रूप से उन सभी छोटे स्टेशनों को जांच के दायरे में शामिल कर रहा है, जहां रोजाना 500 से अधिक यात्रियों की आवाजाही होती है।*

### छोटे स्टेशनों और लोकल ट्रेनों में धड़ल्ले से हो रहा था सफर

इस विशेष जांच अभियान में एक अहम बात यह सामने आई कि बिना टिकट यात्रा करने वालों की सबसे अधिक संख्या छोटे स्टेशनों पर है। कम दूरी का सफर करने वाले यात्री अक्सर लोकल ट्रेनों में बिना टिकट यात्रा करते पाए गए। एक्सप्रेस ट्रेनों में भी अनियमित यात्रा के 600 से अधिक मामले सामने आए। जांच के दौरान लोकल ट्रेनों पर विशेष फोकस किया गया, जहां रायपुर मंडल ने ऐसे यात्रियों पर बड़ी कार्रवाई करते हुए लाखों रुपए जुर्माना वसूला है।

## खबर संक्षेप

### दिनेश कश्यप बीजापुर विधानसभा के प्रभारी

**रायपुर।** भाजपा प्रदेश संगठन ने पूर्व सांसद दिनेश कश्यप को बीजापुर विधानसभा का प्रभारी नियुक्ति किया है। इसी के साथ श्रीनिवास राव मद्दी को बस्तर का प्रभारी और श्रीनिवास मिश्रा को सहप्रभारी बनाया है। रूपसिंह मडावी को कोटा विधानसभा का प्रभारी बनाया गया है। इसके अलावा उर्मिला तोकल को बीजापुर का जिलाध्यक्ष नियुक्ति किया गया है। माया झाड़ी को कार्यसमिति सदस्य बनाया गया है।



### सर्व गुजराती समाज के प्रदेशाध्यक्ष और राष्ट्रीय सदस्य ने किया पौधारोपण



**रायपुर।** पर्यावरण दिवस के अवसर पर सर्व गुजराती समाज छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष एवं भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश सह कार्यालय मंत्री प्रीतेश गांधी एवं राष्ट्रीय सदस्य अखिल भारत गुजराती समाज ने गुजराती कॉलोनी में धार्मिक आस्था एवं पूजा विधान को संपन्न करने वाले वृक्ष बेल, कनेर, नीम आदि पेड़ों का रोपण किया। साथ ही उन्होंने समाज तथा सार्वजनिक जीवन से जुड़े हुए सक्रिय लोगों के लिए आग्रहपूर्वक अपील करते हुए कहा कि इसे जनअभियान बनाएं, जिससे हमें पुण्य भी मिलेगा और हमारा आने वाला कल भी सुरक्षित होकर संवर्धित होगा। प्रकृति हमसे यही अपेक्षा कर रही है, क्योंकि मां धरती का श्रृंगारिक आभूषण हैं वृक्ष, हरियाली की चादर से समाज में सुख, शांति व समृद्धि का संचार होता है, जिसके लिए हम सभी का योगदान हमारे नैतिक दायित्व के साथ पुनीत धर्म भी है। पौधारोपण के इस अवसर पर प्रीतेश गांधी के साथ सहयोग करने के लिए नगर निगम के पूर्व सभापति राजेंद्र शर्मा, गुजराती समाज के वरिष्ठ, जलाराम ज्ञानयज्ञ समिति अध्यक्ष बिपिन पटेल, गुजराती समाज धमतरी के पूर्व अध्यक्ष लखमशी भानुशाली, हरि कटारिया, महेंद्र राजपुरिया, प्रकाश गांधी, पूर्व अध्यक्ष गुजराती समाज धमतरी, भूपेश शाह, योगेश गांधी, कांति माणेक, कीर्ति गांधी, नादू त्रिवेदी एवं समाजजन उपस्थित रहे।

### पिछड़ा वर्ग संगठन ने किया योगाचार्य का सम्मान



**रायपुर।** रावणभाठा दशहरा मैदान में क्रमबद्ध वृक्ष लगाने वाले योगाचार्य झूमुख लाल यादव पर्यावरणविद का छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग संगठन ने सम्मान किया। इस मौके पर संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर ने कहा कि बढ़ती हुई आबादी और भीषण गर्मी से पौधारोपण करने से ही निजात मिल सकती है। राजधानी कंक्रीट का जंगल बन रही है, जिसको हमें बचाना है। उन्होंने जोर देकर कहा कि जितने भी पर्यावरणविद या अन्य क्षेत्रों में देशहित, राज्यहित, शहरहित में काम करने वाले संबंधित महानुभाव है, उन्हें हम लोगों को प्रोत्साहित करना है और सम्मान करना है। यथाशक्ति आर्थिक सहयोग भी प्रदान करें।

### खाद्य, राजस्व और सहकारिता विभाग की संयुक्त टीम कर रही सत्यापन

# धान का भौतिक सत्यापन, शार्टेज पर समिति प्रबंधकों के खिलाफ एफआईआर

**जिला सहकारी बैंकों को दी जा रही रिपोर्ट, जिला प्रशासन कर रहा कार्रवाई**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी पूरी होने के बाद उपार्जन केंद्रों से धान का उठाव हो चुका है। अब संयुक्त दल के माध्यम से उपार्जन केंद्रों में धान शार्टेज और कमी पाए जाने पर समिति प्रबंधकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की कार्रवाई शुरू हो गई है। रायपुर जिले की पांच उपार्जन केंद्रों की रिपोर्ट आने के बाद मामला सीधे थानों का सौंपा जा रहा है।

खास खबर

बताया गया है कि खाद्य, राजस्व एवं सहकारिता विभाग की संयुक्त टीम द्वारा उपार्जन केंद्रों का भौतिक सत्यापन किया जा रहा है। सत्यापन के दौरान पाई जाने वाली कमियों के संबंध में प्रतिवेदन तैयार कर जिला प्रशासन का सौंपा जा रहा है। जिला प्रशासन द्वारा ऐसे मामलों में यह ध्यान रखा जा रहा है कि कितनी खरीदी हुई, खरीदी की गई मात्रा में कितना उठाव किया गया, उसके बाद समितियों में स्टॉक की स्थिति क्या रही। जारी रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्यवाही की जा रही है।

### सरफोंगा में 510 क्विंटल धान, 4640 नग बारदाना कम

तिल्दा के सरफोंगा उपार्जन केंद्र में 510 क्विंटल धान का कम होना पाया गया। साथ ही यहां पर 1844 नग नया और 2796 मिलर्स द्वारा प्रदाय किए गए बारदाने में से कुल 4640 नग बारदाना गायब पाया गया। सरफोंगा के समिति प्रबंधक एवं फड़ प्रभारी युगल किशोर वर्मा, लिपिक तोरनलाल वर्मा एवं बारदाना प्रभारी मोहित कुमार वर्मा के खिलाफ धान उपार्जन नीति के प्रावधानों का उल्लंघन किए जाने की रिपोर्ट आई है। इसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है।


फाइल फोटो

### देवरी में साढ़े पांच हजार नग बारदाना गबन

खाद्य नियंत्रक ने शाखा प्रबंधक जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित तिल्दा के अंतर्गत आने वाले देवरी उपार्जन केंद्र का भौतिक सत्यापन किए जाने पर 560 क्विंटल धान का कम होना और 5660 नग बारदाना का गबन होना पाया। यहां के प्रभारी समिति प्रबंधक राजूलाल सोनवानी और बारदाना प्रभारी सतीश कुमार वर्मा के खिलाफ कार्रवाई कर प्रतिवेदन दिया गया है। वहीं छड़िया उपार्जन केंद्र मे भी धान की कमी पाए जाने पर मामले में एफआईआर कराने के निर्देश जारी किए गए हैं।

### दो प्रबंधकों पर एफआईआर

*उपार्जन केंद्र रींवा के भौतिक सत्यापन में 856 क्विंटल धान की कमी पाई गई। धान में कमी पाए जाने पर समिति प्रबंधक जगदीश साहू के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने थाना प्रभारी मंदिर हसौद को जिला सहकारी बैंक के शाखा प्रबंधक ने पत्र जारी किया है। वहीं उपार्जन केंद्र फरफौद के भौतिक सत्यापन में 734 क्विंटल धान की कमी होने पर संस्था के प्रभारी समिति प्रबंधक संतोष कुमार टंडन के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने थाना प्रभारी आरंग को पत्र जारी किया गया है।*

### कहा- सिर्फ पूंजीवादियों का ही हुआ इजाफा

# मोदी सरकार पर सांसद तन्खा ने साधा निशाना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- रोटरी के कार्यक्रम में हिस्सा लेने पहुंचे सांसद विवेक तन्खा

राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा ने केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधते हुए इसे पूंजीवादियों की सरकार बताया। केंद्र सरकार के लगभग 12 वर्षों के कार्यकाल पर प्रतिक्रिया दी।

उन्होंने कहा, यह पूंजीवादी सरकार है, जिसमें पूंजीवादियों का ही इजाफा हुआ है। उन्होंने आगे कहा, पिछले वर्षों में देश की आम जनता ने कई चुनौतियों का सामना किया, यह सरकार की नीतिगत विफलता है। रोटरी इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट के एक कार्यक्रम में शामिल होने रायपुर पहुंचने पर संवाददाताओं से चर्चा में उन्होंने कहा, महंगाई आसमान छू रही है। मिडिल क्लास के लिए यह मुसीबत की घड़ी है। सबको पता था कि आज यह वैश्विक मुसीबत है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पुराने बयानों का जिक्र करते हुए कहा, प्रधानमंत्री ने भारत को विश्वगुरु बताते हुए चुनौती से निपटने का दावा किया था, लेकिन क्या हुआ?

### छत्तीसगढ़ को बताया अपना दूसरा घर

रायपुर दौरे पर पहुंचे सांसद श्री तन्खा ने बताया कि यह उनका निजी दौरा है। रोटरी उनका पैशन है। आज मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और पश्चिम ओडिशा जिलों के उन रोटरी लीडर्स को अवॉर्ड दिए जाएंगे, जिन्होंने बहुत अच्छा काम किया है। नेपाल से रोटरी इंटरनेशनल के एक डायरेक्टर आए हैं। यहां आकर मुझे बहुत खुशी हो रही है। छत्तीसगढ़ मेरे लिए दूसरे घर जैसा है।

# स्थानीय मुद्दों को उठाएगी पार्टी चलेगा संगठन विस्तार अभियान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- प्रदेश कार्यकर्ताओं की बैठक में शामिल होने रायपुर पहुंचे सांसद संजय सिंह

आम आदमी पार्टी ने विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन रविवार को किया। शहीद स्मारक भवन में आयोजित इस सम्मेलन में राज्यसभा सांसद संजय सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ में डबल इंजन की सरकार नहीं बल्कि गड़बड़ इंजन की सरकार है। भाजपा सरकार ने छग की खनिज सम्पदा को लूट लिया है। नरेंद्र मोदी की नीतियों ने देश को बर्बाद कर दिया है। महंगाई और बेरोजगारी चरम पर है। पेपर लीक कर देश के युवाओं का भविष्य बर्बाद किया जा रहा है। मोदी की गलत विदेश नीति के कारण पेट्रोल-डीजल और गैस के दाम बढ़े हैं। प्रदेश का किसान आत्महत्या करने मजबूर हैं। स्वास्थ्य व्यवस्था खराब है। हरे-भरे जंगल को अडाणी को सौंपे जा रहे हैं। छत्तीसगढ़ को आयरन और कोयला निकालकर खोखला कर दिया है। दिल्ली में केजरीवाल ने वर्ल्ड क्लास स्कूल बनाए। मोहल्ला क्लिनिक खोलकर गरीबों का इलाज करवाया। राजनीति में पढ़े-लिखे और जनहित सोच वाले लोगों को चुनना चाहिए। पार्टी अब प्रदेश में अपने संगठन को मजबूत करेगी और जनहित के मुद्दों को प्रमुखता से उठाएगी।

### संसद में उठाएंगे डीएलएड अभ्यर्थियों की मांग



संजय सिंह ने कहा, पूरे देश में आम आदमी पार्टी का संगठन विस्तार अभियान चल रहा है। कुछ राज्यों की जिम्मेदारी स्वयं अरविंद केजरीवाल देख रहे हैं। अन्य राज्यों में अलग-अलग नेताओं को संगठन मजबूत करने की जिम्मेदारी दी गई है। रविवार दोपहर संजय सिंह माना धरना स्थल पर डीएलएड अभ्यर्थियों के बीच उनको समर्थन देने धरना स्थल पहुंचे। उन्होंने आगामी संसद सत्र में उनके विषय को संसद में उठाने का आश्वासन देते हुए कहा, आप सभी लंबे समय से आंदोलन कर रहे है। गर्मी, सर्दी, बारिश में घर छोड़कर कठिन परिस्थितियों में यहां बैठे हुए हैं। कई लोग इस दौरान बीमार भी हो चुके हैं। राज्य सरकार को मांगें माननी चाहिए। इस दौरान प्रदेश प्रभारी मुकेश अहलावत, सौरभ झा, समर कुमार, कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष उत्तम जायसवाल, अभिषेक मिश्रा, देवलाल नरेटी, वदूद आलम, सूरज उपाध्याय विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### राज्यपाल को अकबर का पत्र

# केंद्र से राशि आने तक अन्य मद से पेंशन दिलाने करें पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में सामाजिक सुरक्षा पेंशन की राशि नहीं मिलने को लेकर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व कैबिनेट मंत्री मोहम्मद अकबर ने राज्यपाल रमन डेका को पत्र लिखकर वृद्धावस्था, विधवा, दिव्यांग और अन्य सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों को बकाया राशि दिलाने की मांग की है। उन्होंने कहा, राज्यपाल से अपने अधिकारों का उपयोग करते हुए केंद्र से राशि मिलने तक अन्य मद से भुगतान कराने की मांग रखी है।



- 22.70 लाख पेंशनधारियों को पांच माह से नहीं मिली पेंशन, पूर्व मंत्री अकबर ने लिखा राज्यपाल को पत्र

उन्होंने अपने पत्र में कहा है कि प्रदेश के करीब 22.70 लाख पेंशनधारियों को पिछले 5 महीने से पेंशन नहीं मिली है। गरीब, बुजुर्ग, विधवा और दिव्यांग हितग्राहियों को इस कारण भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। महंगाई के दौर में इन लोगों के सामने आजीविका का संकट खड़ा हो गया है। कई परिवारों की स्थिति बेहद चिंताजनक है। उन्होंने कहा, प्रदेश में चल रहे सुशासन तिहार के दौरान सबसे अधिक संख्या पेंशन नहीं मिलने से परेशान हितग्राहियों की है। इसके बावजूद अब तक समस्या का समाधान नहीं हो पाया है।

### पहले भी हो चुकी है ऐसी व्यवस्था

उन्होंने राज्यपाल से आग्रह किया कि जब तक केंद्र सरकार से संबंधित मद की राशि प्राप्त नहीं होती, तब तक नियमों के तहत किसी अन्य मद से पेंशनधारियों को भुगतान कराया जाए। बाद में राशि मिलने पर उसका समायोजन किया जा सकता है। अकबर ने कहा, पहले भी इस तरह की व्यवस्था की जा चुकी है।

### संवैधानिक अधिकारों का दिया हवाला

उन्होंने अपने पत्र में संविधान के अनुच्छेद-154 का उल्लेख करते हुए कहा, राज्य की कार्यपालिका शक्ति राज्यपाल में निहित होती है। उन्होंने राज्यपाल से अपने संवैधानिक अधिकारों का उपयोग करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी करने का आग्रह किया है।

# समृद्ध, संगठित और शिक्षित समाज ही सशक्त राष्ट्र की आधारशिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

संगठित, शिक्षित और जागरूक समाज ही मजबूत राष्ट्र निर्माण की वास्तविक शक्ति होता है। समाज जितना सशक्त होगा, राष्ट्र उतना ही प्रगतिशील, समृद्ध और आत्मनिर्भर बनेगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज धमतरी जिले के ग्राम छाती स्थित कृषि उपज मंडी परिसर में आयोजित चन्द्रनाहू (चंद्राकर) कुर्मी-क्षत्रिय समाज के 55वें केंद्रीय अधिवेशन को संबोधित करते हुए यह बात कही।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि इस गौरवशाली समाज के केंद्रीय अधिवेशन में शामिल होना उनके लिए सौभाग्य का विषय है। उन्होंने कहा कि चन्द्रनाहू कुर्मी-क्षत्रिय समाज समृद्ध परंपराओं, सामाजिक चेतना, संगठन क्षमता और उत्कृष्ट मूल्यों का वाहक है। यह वही समाज है जिसने देश को छत्रपति शिवाजी महाराज और लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जैसे महान व्यक्तित्व दिए हैं, जिनके आदर्श आज भी राष्ट्र निर्माण और जनसेवा के लिए प्रेरित करते हैं।

मुख्यमंत्री ने समाज के उद्यमियों और व्यवसायियों से राज्य सरकार की नई औद्योगिक नीति का अध्ययन करने और निवेश के अवसरों का लाभ उठाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में उद्योग और निवेश के लिए अनुकूल वातावरण तैयार किया गया है। नई औद्योगिक नीति में युवाओं, उद्यमियों और निवेशकों के लिए अनेक प्रोत्साहन प्रावधान किए गए हैं। इससे रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे और प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी।

### पुस्तक का विमोचन भी

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री साय ने समाज की सांस्कृतिक एवं साहित्यिक धरोहर पर आधारित पुस्तक 'अद्भुत श्री तुलसी चरितायणम' का विमोचन भी किया। इस दौरान प्रशासनिक सेवाओं, विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों तथा अन्य क्षेत्रों में चयनित और कार्यरत अधिकारी-कर्मचारियों के साथ-साथ शैक्षणिक एवं खेल क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।समाज के केंद्रीय अध्यक्ष दिनेश चंद्राकर ने समाज का प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए बताया कि केंद्रीय अधिवेशन का यह 55वां वर्ष समाज की संगठनात्मक शक्ति, सामाजिक जागरूकता और निरंतर प्रगति का प्रतीक है। इस अवसर पर सांसद विजय बघेल, विधायक अजय चंद्राकर, विधायक ललित चंद्राकर, पूर्व विधायक विनोद चंद्राकर, लालबहादुर चंद्रवंशी, पूनम चंद्राकर, समाज के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधिगण तथा बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

# मछुआरा समाज के उत्थान के लिए सरकार प्रतिबद्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि राज्य सरकार मछुआरा समाज के आर्थिक और सामाजिक उत्थान के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र को आधार बनाकर प्रदेश में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री श्री साय रविवार को राजधानी रायपुर के सरदार बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम में राष्ट्रीय मछुआरा संघ के विधानसभा पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण समारोह एवं समाजिक प्रगति चिंतन सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए समाजहित में सक्रिय भूमिका निभाने का आव्हान किया। उन्होंने मछुआरा कल्याण बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष स्व. भरतलाल मटियारा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनका योगदान समाज सदैव याद रखेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत आज दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है और वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण का संकल्प लेकर आगे बढ़ रहा है। इसी लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए छत्तीसगढ़ सरकार ने भी विजन डॉक्यूमेंट-2047 तैयार किया है।

**राष्ट्रीय मछुआरा संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए मुख्यमंत्री साय**



### जागरूक और संगठित होने का आव्हान

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने कहा कि मछुआरा समाज का गौरवशाली इतिहास रहा है और प्रदेश में मत्स्य पालन की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि सरकार मत्स्य पालकों के हितों की रक्षा और उनके आर्थिक विकास के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को भी चेतावनी दी कि कार्य में लापरवाही बरतने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग की अध्यक्ष साध्वी निरंजन ज्योति ने समाज के लोगों से नशामुक्ति का संकल्प लेने का आह्वान किया। उन्होंने बच्चों की शिक्षा पर विशेष जोर देते हुए कहा कि समाज को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक और संगठित होना होगा। उन्होंने आगामी जनगणना में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का भी आग्रह किया। कार्यक्रम को राष्ट्रीय मछुआरा संघ की अध्यक्ष गायत्री गायग्वाल ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर विधायक ललित चंद्राकर, महासचिव ओमप्रकाश धीवर, नंद कुमार सिंह धीवर सहित बड़ी संख्या में समाज के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### ग्रीन आर्मी एवं जेसीआई सुपर चैप्टर का भव्य आयोजन

रायपुर। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर ग्रीन आर्मी एवं जेसीआई सुपर चैप्टर के संयुक्त तत्वावधान में वृंदावन हॉल में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रगीत वंदे मातरम के सामूहिक गायन से हुआ। पर्यावरण संरक्षण, जल संवर्धन एवं वृक्षारोपण को समर्पित इस आयोजन में 200 से अधिक लोगों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता दर्ज कराई। कार्यक्रम के मुख्य संरक्षक एवं संस्थापक सदस्य, उद्यमी एवं समाजसेवी राजेश अग्रवाल तथा पूर्व महापौर प्रमोद दुबे विशेष रूप से उपस्थित रहे।
इस अवसर पर श्री अग्रवाल, ग्रीन आर्मी के संस्थापक एवं प्रदेश अध्यक्ष अमिताभ दुबे ने उपस्थितजनों को संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन मिस्टर टारगेट ने किया। स्वागत उद्बोधन में रायपुर जिला अध्यक्ष गुरदीप टुटेजा ने सभी अतिथियों, पदाधिकारियों एवं उपस्थित नागरिकों का स्वागत करते हुए ग्रीन आर्मी के उद्देश्यों एवं गतिविधियों की जानकारी दी। ब्लू विंग अध्यक्ष भारती श्रीवास्तव, रात्रि लहरी, जेसीआई सुपर चैप्टर की कोऑर्डिनेटर लीना वाढेर, मोनिका बागरेचा, ब्राउन विंग अध्यक्ष संजय भौमिक आदि ने अपना उद्बोधन दिया।

### समहिता को मिली पीएचडी की उपाधि

रायपुर। पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय ने समहिता सिंह को



पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। उन्होंने अपना शोधकार्य 'कल्चरल वैल्यूज इन सिलेक्ट साउथ एशियन नोवेल्स: अ स्टडी' विषय पर डॉ. जया तिवारी के मार्गदर्शन में पूरा किया है। उनका शोध का विषय साहित्य के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। आमानाका निवासी समहिता रिटायर्ड कर्नल सीएम सिंह और सपना सिंह की पुत्री हैं, जो वर्तमान में कलिंगा यूनिवर्सिटी में अस्सिटेंट प्रोफेसर हैं।

### जोन-7 में सुशासन तिहार शिविर आज

रायपुर। नगर निगम जोन 7 के वार्डो के लिए सोमवार को पं. दीनदयाल उपाध्याय आडिटोरियम में सुशासन तिहार शिविर आयोजित है। जनसमस्या निवारण शिविर में प्रातः 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक आवेदन लिए जाएंगे। जोन 7 के 7 वार्डों के रहवासी इस शिविर का लाभ उठा सकते हैं।

## निधन

### चंद्रदेव यादव

रायपुर। कैलाशपुरी निवासी



चंद्रदेव यादव का 7 जून को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 8 जून को सुबह 10.30 बजे मारवाड़ी श्मशानघाट में किया जाएगा। वे अविनाश और अमित यादव के पिता थे।

### निर्मला डुकरे

रायपुर। अवंति विहार निवासी



निर्मला डुकरे (80) का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 8 जून को दोपहर 12 बजे मारवाड़ी श्मशानघाट में किया जाएगा। वे कृष्णराव डुकरे की पत्नी और विकास डुकरे, स्वाति तुपकर की माता थीं।

# गांजा तस्कर ने मचाया शोर...यूपी में बदमाश और भीड़ ने रायपुर के पुलिसकर्मी को पीटा

## गांजा तस्कर को पकड़ने उत्तरप्रदेश गई पुलिस पर जानलेवा हमला, पांच गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

- अज्ञात 50 लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज
- उत्तरप्रदेश के कौशांबी की घटना

उत्तरप्रदेश के कौशांबी में कुख्यात गांजा तस्कर शिवम केसरवानी तथा उसके एक अन्य साथी को पकड़ने गई पुलिस पर जानलेवा हमला करने के आरोप में उत्तरप्रदेश पुलिस ने पांच बदमाशों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ, बलवा, हत्या की कोशिश सहित कई गंभीर धाराओं में अपराध दर्ज किया है। बदमाश तथा ग्रामीणों के हमले से एक पुलिस गंभीर रूप से घायल हो गया है, जिनका प्रयागराज मेडिकल कॉलेज में उपचार कराया जा रहा है। घटना शुक्रवार की है।

जानकारी के मुताबिक, कौशांबी, कोखराज स्थित इचौली गांव में घटना दिनांक को गंज पुलिस की टीम दो गांजा तस्कर शिवम केसरवानी तथा आकाश को पकड़ने गई थी। बदमाशों को पकड़ने गई गंज पुलिस की टीम ने कोखराज थाना को सूचना दी थी। स्थानीय पुलिस के देर से आने पर गंज पुलिस की टीम खुद से बदमाशों को पकड़ने के लिए पहुंच गई। स्थानीय पुलिस ने शिवम के साथी को पकड़ लिया। इसके बाद पुलिस शिवम को पकड़ने पहुंची। तब शिवम के भाई तथा उसके अन्य रिश्तेदारों ने पुलिस को देख चोर आने का शोर मचाते हुए ग्रामीणों को एकत्र कर पुलिसकर्मियों को घेर लिया।

### यूपी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पुलिसकर्मी को बचाया

ग्रामीणों ने जगदेव वर्मा नामक पुलिसकर्मी घेर लिया और उनके साथ जमकर मारपीट की। इसी दौरान स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और जगदेव को भीड़ से बचाकर उपचार कराने अस्पताल रवाना किया। हालत गंभीर होने पर घायल पुलिसकर्मी को उपचार के लिए लिए प्रयागराज मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। बताया जा रहा है, शिवम और उसके साथियों को रायपुर के पुलिसकर्मियों के आने की पहले से जानकारी मिल गई थी। इसके बाद शिवम तथा उसके साथी रायपुर पुलिस के आने का इंतजार करते रहे। रायपुर पुलिस के पहुंचने के बाद शिवम तथा उसके साथियों ने साजिश कर पुलिसकर्मी की घेराबंदी कर पिटाई कराई। पुलिस ने शिवम, उसके भाई, आकाश उर्फ मास्टर के साथ दो अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया है।



### केस दर्ज, पांच अरेस्ट

वारंटी को पकड़ने के लिए गंज पुलिस इचौली गांव गई थी। जहां पर पुलिस टीम पर हमला कर दिया गया। हमले में एक सिपाही गंभीर रूप से घायल हुआ है। पुलिसकर्मी की शिकायत पर मुकदमा दर्ज करा दिया गया है। पांच आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

*- सत्यनारायण प्रजापतएसपी, कौशांबी*

# गौरवपथ-2 निर्माण में खर्च होंगे 14 करोड़ अभी रेट का पेंच, इसलिए वर्कआर्डर नहीं

हरिभूमि सरोकार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

कलेक्टोरेट से शंकरनगर वाले पुराने गौरवपथ की तर्ज पर राजधानी के बूढ़ापारा बिजली आफिस चौक से सिद्धार्थ चौक टिकरापारा होते हुए पचपेड़ी नाका तक गौरवपथ-2 नए मार्ग का निर्माण शासन स्तर पर रेट अप्रूवल की स्वीकृति नहीं मिल पाने से पिछले 6 माह से लंबित है। इसके चलते रायपुर नगर निगम इस कार्य के लिए अनुबंधित ठेका एजेंसी रायपुर कंस्ट्रक्शन को वर्कआर्डर जारी नहीं कर पा रहा है। नगर निगम की सामान्य सभा द्वारा इस प्रोजेक्ट को पहले ही मंजूरी दी जा चुकी है। निगम के लोककर्म विभाग ने ऑनलाइन टेंडर कर इसके लिए रायपुर कंस्ट्रक्शन कंपनी को 13.93 करोड़ रुपए में गौरवपथ-2 निर्माण के लिए अनुबंधित किया है। नए गौरवपथ के बनने से पचपेड़ी नाका, टिकरापारा, सिद्धार्थ चौक होते हुए बूढ़ापारा के बिजली आफिस क्षेत्र वाले मार्ग में लोगों को सुगम आवागमन के लिए 80 फीट चौड़ी सड़क मिलेगी। इससे इस मार्ग में आए दिन भारी ट्रैफिक जाम से राहत मिलने लगेगी।

राजधानी में ढांचागत सुधार और आम जनता के लिए यातायात को सुगम बनाने के लिए गौरवपथ-2 का निर्माण शहर के घने और व्यस्त यातायात वाले हिस्से को सुव्यवस्थित करने के लिए किया जा रहा है।

नगर निगम के प्रस्तावित प्रोजेक्ट के अनुसार यह मार्ग पचपेड़ी नाका बस स्टैंड रोड के पास से शुरू होकर टिकरापारा और सिद्धार्थ चौक होते हुए बूढ़ापारा के बिजली आफिस कार्यालय तक बनाया जाएगा। इसकी लंबाई करीब 2.2 किलोमीटर होगी, साथ ही सड़क 80 फीट चौड़ी की जाएगी।

प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारी का कहना है कि जिस तरह शहर में शंकरनगर से कलेक्टोरेट चौक तक के पहले गौरवपथ को एक वीआईपी और सुंदर मार्ग के रूप में विकसित किया गया है, ठीक उसी तर्ज पर इस दूसरे गौरवपथ को भी सुगम आवागमन के लिए आधुनिक बनाने की योजना बनाई गई है।

### इस तरह से होगा काम कवर्ड ड्रेनेज और फुटपाथ

सड़क के दोनों ओर कंक्रीट की ढंकी हुई नालियां होंगी, जिसके ऊपर पैदल चलने वालों के लिए सुव्यवस्थित फुटपाथ तैयार किया जाएगा। बिजली और अन्य केबल्स के लिए जमीन के अंदर डक्टिंग की जाएगी, जिससे सड़क पर बार-बार खुदाई करने की जरूरत नहीं पड़ेगी और लटकते हुए तारों से मुक्ति मिलेगी।

### बूढ़ापारा बिजली आफिस से पचपेड़ी नाका तक 80 फीट चौड़ी सड़क ट्रैफिक जाम से मिलेगी राहत



### ई रिक्शा चार्जिंग पाइंट

पर्यावरण और ग्रीन मोबेलिटी को बढ़ावा देने के लिए इस मार्ग पर विशेष रूप से ई-रिक्शा चार्जिंग स्टेशन बनाए जाने की योजना है। इसी तरह सड़क किनारे व्यवसाय करने वाले स्ट्रीट वेंडर्स और खोमचे वालों के लिए अलग से जगह तय की जाएगी, जिससे मुख्य मार्ग पर ट्रैफिक बाधित न हो। सुगम आवागमन के लिए सड़क के बीच आधुनिक डिवाइडर का निर्माण कर उसकी सुंदरता बढ़ाने अनुबंधित एजेंसी आकर्षक पौधे लगाएगी, एलईडी लाइट से गौरवपथ-2 को जीई रोड की तर्ज पर रोशन करने का कार्य कराया जाएगा।

### एप्रूवल के लिए भेजा है

बूढ़ापारा बिजली आफिस चौक से पचपेड़ी नाका तक गौरवपथ-2 निर्माण के लिए एजेंसी तय कर 6 माह पूर्व दर की स्वीकृति के लिए प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। स्वीकृति मिलते ही नगर निगम द्वारा अनुबंधित एजेंसी को वर्कआर्डर जारी किया जाएगा। *- पद्माकर श्रीवास, ईई, लोककर्म विभाग, ननि रायपुर*

# पीएम मोदी की 12 साल की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाना है : कृष्णा गौर



हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

मध्यप्रदेश सरकार की राज्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कृष्णा गौर ने इस बात पर बल दिया है कि छत्तीसगढ़ ओबीसी मोर्चा अत्यन्त मजबूत संगठन है, अतः हम सभी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 साल के कार्यकाल की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाना है। राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रमों के आधार पर 5 जून से 21 जून तक ओबीसी मोर्चा के कार्यक्रम को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करना है। सोशल मीडिया के माध्यम से प्रत्येक कार्यक्रम का प्रचार-प्रसार हमें करना है। श्रीमती गौर ने रविवार को यहां कुशाभाऊ ठाकरे परिसर स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय में आहूत भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा की संगठनात्मक बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन किया। श्रीमती गौर ने कहा, श्री मोदी के 12 साल के कार्यकाल में हर वर्ग की तस्वीर व तकदीर बदली है।

### छत्तीसगढ़ का हो रहा सर्वांगीण विकास : चौधरी

बैठक में प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा, प्रदेश में 52 प्रतिशत से भी ज्यादा ओबीसी वर्ग, 32 प्रतिशत एसटी, 13 प्रतिशत एससी वर्ग के लोग निवासरत हैं। प्रदेश के प्रत्येक विधानसभा में सभी वर्गों के साथ ओबीसी समाज के मतदाता भी जीत-हार का निर्णायक फैसला करते हैं। समाज का झुकाव भाजपा की ओर होने के कारण आज भाजपा सरकार में है। हम सभी को मोर्चा के माध्यम से समाज के लिए बनाई गई सरकार की योजनाओं को ओबीसी वर्ग तक पहुंचाना चाहिए। श्री चौधरी ने भाजपा सरकार की योजनाओं के बारे में विशेष जानकारी भी दी। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ का सर्वांगीण विकास हो रहा है। भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं बारह साल विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के अभियान के प्रदेश प्रभारी अखिलेश सोनी ने ओबीसी मोर्चा के कार्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

# गाड़ा समाज ने किया ऐतिहासिक जनगणना अभियान का शंखनाद



हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

राजधानी रायपुर में निवासरत गाड़ा समाज की वास्तविक जनसंख्या, सामाजिक स्थिति एवं भागीदारी के आंकड़ों को व्यवस्थित रूप से संकलित करने के उद्देश्य से रविवार को गाड़ा समाज द्वारा एक ऐतिहासिक जनगणना अभियान का शुभारंभ किया गया। अभियान की शुरुआत समाज की आराध्य देवी बूढ़ी माई की गुड़ी में पूजा-अर्चना कर रायपुर के सिविल लाइंस वार्ड स्थित दुर्गानगर से की गई, जहां दुर्गानगर के अध्यक्ष रामू नायक ने सर्वप्रथम जनगणना प्रपत्र भरकर इस महाभियान का शुभारंभ किया। इस मौके पर सामाजिक नेता अधिवक्ता भगवानू नायक ने कहा कि जिस समाज में हमारा जन्म हुआ है, उस समाज के उत्थान और सम्मान के लिए कार्य करना हम सभी का नैतिक दायित्व है। उन्होंने कहा कि पहले हमारा समाज है, बाद में कोई संस्था, संगठन या राजनीतिक दल है। समाज है तो हम हैं, समाज से ही हमारी पहचान है। उन्होंने समाज के सभी वर्गों, युवाओं, महिलाओं एवं बुद्धिजीवियों से इस अभियान में सक्रिय भूमिका निभाने का आव्हान किया। इस दौरान समाज के वरिष्ठ नेता किशोर महानंद ने कहा, अधिकार मांगने से नहीं, बल्कि संगठित होने से प्राप्त होते हैं। कार्यक्रम को रामू नायक, समाज के युवा नेता प्रकाश जगत ने भी संबोधित किया।

# पीलिया से पांच मौत की खबर से हड़कंप, जांच टीम का दावा कारण अलग-अलग

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

मैनपाट में पीलिया एवं हेपेटाइटिस से पांच ग्रामीणों की मौत की सूचना से हड़कंप मच गया है। सूचना पर पहुंची स्वास्थ्य, राजस्व एवं पीएचई की संयुक्त टीम का दावा है कि सभी की मृत्यु का कारण अलगे-अलग थे। इनमें से तीन मरीजों का इलाज राजधानी के अलग-अलग अस्पतालों में चल रहा था। जांच टीम का यह भी दावा है कि इन मृत्यु को सामूहिक रूप से पीलिया या जलजनित संक्रमण से जोड़ना तथ्यात्मक रूप से उचित नहीं है। संयुक्त दल ने मृतकों के परिजनों से चर्चा, वर्बल ऑटोप्सी, संभावित मरीजों की स्वास्थ्य जांच तथा पेयजल स्रोतों का परीक्षण किया गया। जांच में पाया गया कि ग्राम कुनिया के जितेन्द्र यादव की मृत्यु अस्पताल की रिपोर्ट एवं वर्बल ऑटोप्सी के अनुसार सेप्टिक शॉक के कारण हुई थी। वहीं ग्राम बरिमा में रहने वाली भगवती यादव में हेपेटाइटिस-ए की पुष्टि हुई थी जबकि रायपुर स्थित चिकित्सकीय संस्थानों की रिपोर्ट में उनकी मृत्यु का कारण यकृत संबंधी जटिलताएं एवं कार्डियो-रेस्पिरेटरी अरेस्ट बताया गया है। ग्राम बरिमा के विकास यादव की मृत्यु से संबंधित चिकित्सकीय रिपोर्टों में अलग-अलग कारणों का उल्लेख है। वहीं ग्राम नर्मदापुर निवासी विकास यादव को हेपेटाइटिस नहीं था तथा वे बचपन से सिकल सेल रोग से पीड़ित थे। रायपुर में उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हुई। ग्राम केसरा निवासी आकांक्षा यादव भी हेपेटाइटिस से प्रभावित नहीं थीं। वे लंबे समय से टीबी एवं श्वसन संबंधी बीमारी से पीड़ित थीं तथा उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हुई। जांच दल ने बताया कि सभी मृतक अलग-अलग गांवों एवं पारों के निवासी थे, जिनके बीच लगभग 15 से 20 किलोमीटर की दूरी है।

# ओबीसी महासभा ने राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन

ओबीसी की अलग से जनगणना कराने, 27 फीसदी आरक्षण और केंद्रीय सूची में वंचित जातियों को शामिल करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

राष्ट्रीय ओबीसी आयोग की अध्यक्ष साध्वी निरंजन ज्योति रविवार को छत्तीसगढ़ प्रवास पर रायपुर पहुंचीं।

राजधानी के राज्य अतिथि गृह पहुना में ओबीसी महासभा छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष ओबीसी राधेश्याम के नेतृत्व में राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग, भारत सरकार को दो महत्वपूर्ण विषयों पर ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में देशभर के अन्य पिछड़ा वर्ग के संवैधानिक, सामाजिक, शैक्षणिक एवं आर्थिक अधिकारों के संरक्षण और संवर्धन की मांग की गई। साथ ही छत्तीसगढ़ राज्य की कई पिछड़ी जातियों एवं उपजातियों को केंद्रीय पिछड़ा वर्ग सूची में शामिल करने की मांग उठाई गई। महासभा ने



कहा कि वर्षों से विभिन्न स्तरों पर ज्ञापन सौंपे जाने के बावजूद ओबीसी समाज की अनेक महत्वपूर्ण मांगें लंबित हैं।

सामाजिक न्याय एवं समानुपातिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए केंद्र सरकार एवं राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग को तत्काल पहल करनी चाहिए।

### जिन्हें लाभ नहीं मिल रहा उन्हें केंद्रीय सूची में जोड़ा जाए

महासभा ने आयोग का ध्यान इस ओर आकर्षित किया कि राज्य की पिछड़ा वर्ग सूची में शामिल कई जातियां एवं उपजातियां अभी तक केंद्रीय पिछड़ा वर्ग सूची में दर्ज नहीं हैं। इसके कारण इन समुदायों को केंद्रीय सेवाओं, शैक्षणिक संस्थानों एवं अन्य केंद्रीय योजनाओं में आरक्षण का लाभ नहीं मिल पाता, उन्हें केंद्रीय सूची में जोड़ा जाए। सौजन्य मुलाकात में प्रदेश अध्यक्ष राधेश्याम, प्रदेश कोषाध्यक्ष रायपुर संभाग महासचिव लाल बहादुर यादव, रायपुर जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा बरखा गुप्ता, हरदिहा साहू समाज पूर्व सचिव भागीरथी साहू, विनय यादव रायपुर, प्रेमप्रकाश गजेंद्र रायपुर सहित ओबीसी महासभा छत्तीसगढ़ के प्रतिनिधिमंडल शामिल रहे।

### प्रमुख मांगें

- जनगणना 2027 में ओबीसी की पृथक गणना की जाए तथा जनगणना प्रपत्र में ओबीसी के लिए पृथक कोड शामिल किया जाए।
- ओबीसी को उनकी आबादी के अनुपात में सभी क्षेत्रों में हिस्सेदारी एवं आरक्षण प्रदान करने की मांग।
- ओबीसी आरक्षण में लागू क्रीमीलेयर एवं 50 प्रतिशत कैपिंग की व्यवस्था समाप्त की जाए।
- भारतीय संविधान के अनुच्छेद में स्पष्ट उल्लेख कर ओबीसी को पूर्ण संवैधानिक दर्जा प्रदान किया जाए।
- छत्तीसगढ़ में लंबित 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण को अविलंब लागू किया जाए।
- आरक्षण लागू न होने की अवधि के बैकलॉग पदों पर विशेष भर्ती की मांग।
- 2 दिसंबर 2022 को पारित आरक्षण संशोधन विधेयक को प्रभावी बनाने हेतु आवश्यक कार्रवाई की जाए।
- देश के सभी राज्यों में ओबीसी आरक्षण की समान व्यवस्था लागू की जाए।
- ओबीसी आरक्षण को संविधान की नौवीं अनुसूची में शामिल कर संवैधानिक सुरक्षा प्रदान की जाए।

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर 16 सारागांव तहसील धरसींवा जिला- रायपुर (छ.ग.)**
**// आम सूचना //**
जारी दिनांकः 29/05 /2026

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुरेश कुमार अग्रवाल पिता/पति श्याम लाल अग्रवाल निवासी मकान नंबर 5/55 रामकुंज छ.ग. द्वारा आवेदित ग्राम गिरौध पटवारी हल्का नंबर 22 राजस्व निरीक्षक मण्डल रायपुर-16 सारागांव में स्थित भूमि जिसका खसरा नम्बर 532/2 रकबा 0.399 हे. का सीमांकन न्यायालय नायब/अतिरिक्त तहसीलदार, धरसींवा के आदेश क्रमांक क्यू / वाचक / ना. तह. /2026 दिनांक 18/05/2026 के परिपालन में दिनांक 10/06/2026 को समय 11 बजे पश्चात मेरे द्वारा किया जाना नियत है।

अतः उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा / आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह उक्त तिथि में पटवारी हल्का नम्बर 22 के ग्राम गिरौध में स्थित कार्यालय में मय दस्तावेज सहित स्वंय अथवा वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात मेरे द्वारा किसी प्रकार की दावा / आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं है। **जस्व निरीक्षक, रायपुर-16 सारागांव-16**

**नाम परिवर्तन**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की मैं सार्थक संजय कुमार पाटिल, पिता संजय कुमार पाटिल, निवासी 40, श्री जी कल्पतरु अमलिडिह रायपुर, 492001, छत्तीसगढ़ यह शपथ करता हूँ की मैंने अपने पुराने नाम को त्याग कर नया नाम सार्थक संजय पाटिल, पिता संजय कुमार पाटिल रख लिया हूँ। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेज़ो में मेरे नए नाम सार्थक संजय पाटिल पिता संजय कुमार पाटिल से ही जाना पहचाना जावे

**सार्थक संजय कुमार पाटिल 40, श्री जी कल्पतरु अमलिडिह रायपुर, 492001 छत्तीसगढ़**

**नाम परिवर्तन**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की मैं सपना संजय कुमार पाटिल, पिता बाबूराव जगदेवराव ठाकरे, निवासी 40, श्री जी कल्पतरु अमलिडिह रायपुर, 492001, छत्तीसगढ़ यह शपथ करती हूँ की मैंने अपने पुराने नाम सपना संजय कुमार पाटिल उर्फ़ सपना एस पाटिल को त्याग कर नया नाम सपना पाटिल, पिता बाबूराव जगदेवराव ठाकरे रख लिया है। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेज़ो में मेरे नए नाम सपना पाटिल, पिता बाबूराव जगदेवराव ठाकरे से ही जाना पहचाना जावे।

**सपना संजय कुमार पाटिल उर्फ़ सपना एस पाटिल 40, श्री जी कल्पतरु अमलिडिह रायपुर, 492001 छत्तीसगढ़**

# आगजनी घटना के बाद कलेक्टर ने किया बैंक का निरीक्षण

रायपुर। जयस्तम्भ चौक बॉम्बे मार्केट स्थित सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के जोनल ऑफिस में शनिवार को सुबह आग लग गई। इस घटना में बैंक में रखे कई दस्तावेज जलकर खाक हो गए। घटना के



बाद कलेक्टर गौरव सिंह घटनास्थल पहुंचकर स्थिति का निरीक्षण किया। इस दौरान एसडीएम नंदकुमार चौबे, जिला सेनानी नगर सेना पुष्पराज सिंह, रायपुर तहसीलदार राममूर्ति दीवान सहित संबंधित अधिकारी भी सक्रिय थे।

# मस्कट 'पहाड़ी मैना' का मुख्यमंत्री ने किया विमोचन

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने रविवार को राजधानी रायपुर स्थित अपने निवास कार्यालय में 36वीं राष्ट्रीय सब जूनियर एवं जूनियर कयाकिंग-केनोईंग प्रतियोगिता के मस्कट 'पहाड़ी मैना' का विमोचन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए आयोजकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राज्य सरकार खेलों के विकास और खिलाड़ियों को बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि खेल केवल प्रतिस्पर्धा का माध्यम नहीं, बल्कि अनुशासन, नेतृत्व और व्यक्तित्व विकास का सशक्त आधार हैं। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ प्रदेश कायाकिंग-केनोईंग एसोसिएशन द्वारा भारतीय कयाकिंग-केनोईंग संघ एवं छत्तीसगढ़ ओलम्पिक संघ के संयुक्त तत्वाधान में 36वीं राष्ट्रीय सब जूनियर एवं जूनियर कायाकिंग-केनोईंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता 12 से 14 जून 2026 तक नवा रायपुर स्थित सेंध लेक में आयोजित होगी।

### सीजीपीएससी मुख्य परीक्षा केंद्र का निरीक्षण

रायपुर। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग सदस्य डॉ. प्रवीण वर्मा एवं कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने शनिवार को सुबह सीजीपीएससी मुख्य परीक्षा केंद्र जे.आर. दानी शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला का निरीक्षण किया। उन्होंने केंद्र में अभ्यर्थियों के लिए की गई व्यवस्थाओं का जायजा लेकर अधिकारियों को सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। गर्मी को देखते हुए केंद्र में कूलर, ठंडे पेयजल, ओआरएस, आवश्यक दवाइयों एवं चिकित्सा दल की व्यवस्था की गई है।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### स्व सशक्तिकरण से राष्ट्र का सशक्तिकरण अभियान का शुभारंभ

रायपुर। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के अनुषांगिक संगठन राजयोगा एजुकेशन एंड रिसर्च फाउण्डेशन के सुरक्षा प्रभाग द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य में सुरक्षा बलों के मनोबल में वृद्धि करने तथा तनाव मुक्ति के लिए आयोजित विशेष अभियान का शुभारंभ नवा रायपुर के सेक्टर-20 स्थित शांति शिखर में किया गया। विषय स्व-सशक्तिकरण से राष्ट्र का सशक्तिकरण था। कार्यक्रम में पुलिस महानिदेशक अरूण देव गौतम, सीआईएसएफ के कमाण्डेंट मनिंदर सिंह, बीएसएफ के कमाण्डेंट एसआर खान सहित बड़ी संख्या में सुरक्षाबलों के अधिकारी और जवान शामिल हुए। पुलिस महानिदेशक अरूण देव गौतम ने कहा कि मन में जब द्वंद्व छिड़ा हो तो उसका समाधान गीता के माध्यम से प्राप्त होता है। मन बड़ा बलवान होता है। इसे बहुत अच्छी तरह से गीता में समझाया गया है। जिस दिन अपने मन को समझ जाएंगे, उस दिन बहुत सारी दुविधाओं से मुक्त हो जाएंगे। इसी दौरान रायपुर संचालिका ब्रह्माकुमारी सविता दीदी ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। ब्रह्माकुमारी आशा दीदी ने आभार प्रदर्शन किया। सभा का कुशल संचालन सेवानिवृत्त कर्नल बीसी सती ने किया।

### भारत नृत्य महोत्सव गोवा में समृद्धि ने जीता रनरअप का अवार्ड




रायपुर। कल्पवृक्ष टैलेंट ग्रो एकेडमी की प्रतिभाशाली छात्रा समृद्धि यादव ने भारत नृत्य महोत्सव, पणजी (गोवा) में आयोजित राष्ट्रीय स्तर की नृत्य प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए रनरअप अवार्ड प्राप्त किया है। देश के विभिन्न राज्यों से आए प्रतिभागियों के बीच समृद्धि ने अपनी आकर्षक प्रस्तुति, उत्कृष्ट भाव-भंगिमा एवं तकनीकी दक्षता से निर्णायकों और दर्शकों को प्रभावित किया। उनके शानदार प्रदर्शन के लिए उन्हें जूनियर वर्ग में रनर-अप सम्मान से नवाजा गया। समृद्धि कई वर्षों से कल्पवृक्ष टैलेंट ग्रो एकेडमी में नृत्य गुरु हरीश बहादुर के मार्गदर्शन में भरतनाट्यम की शिक्षा एवं प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। वे वर्तमान में केपीएस रायपुर की छात्रा हैं। उनकी इस उपलब्धि पर उनके नाना पीआर अहीर, पिता डॉ. संजीव कुमार यादव और माता डॉ. डॉली अहीर ने प्रसन्नता व्यक्त की है।

### सतनामी समाज ने त्याग व संघर्ष की मूरत नरसिंह मंडल को किया याद



रायपुर। सतनामी समाज के पुरोधा एवं आरडीए के पूर्व अध्यक्ष नरसिंह मंडल की 14वीं पुण्यतिथि पर स्मृति दिवस का आयोजन किया गया। रविवार को यह आयोजन न्यू राजेंद्र नगर स्थित गुरु घासीदास साहित्य एवं संस्कृति अकादमी भवन प्रांगण में किया गया। इस मौके पर समाज के लोगों ने नरसिंह मंडल की आदमकद प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उनके त्याग व संघर्षों को याद किया। साथ ही उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। अकादमी के प्रवक्ता चेतन चंदेल ने बताया कि पुष्पांजलि के बाद मंडल की याद में स्मृति दिवस व विचार गोष्ठी आयोजित हुई, जहां पं. अंजोर दास बंजारे ने सुमिरन हार चढ़ावंव तोला...की मंगल प्रस्तुति दी। इस अवसर पर अकादमी के प्रदेश अध्यक्ष केपी खण्डे ने कहा कि जीवनभर अविवाहित रहकर सतनामी समाज की दिशा व दशा सुधारने के लिए सदैव संघर्षरत रहे मंडलजी सामाजिक समरसता व एकता की मिसाल थे।

# अब पुलिस थानों और जेल में बनेगी अपराधियों की पहचान की कुंडली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य में आपराधिक प्रक्रिया (पहचान) अधिनियम, 2022 के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए पुलिस विभाग और जेल विभाग को अधिकृत एजेंसियों के रूप में अधिसूचित कर दिया है। गृह (पुलिस) विभाग के आदेश के मुताबिक, दोनों विभाग अपने-अपने अधिकार क्षेत्र में आरोपियों और दोषियों से संबंधित पहचान संबंधी मापदंडों (मेजरमेंट) का संग्रह, संरक्षण और साझा करने का कार्य करेंगे।

### क्या है पूरा मामला

*यह आदेश आपराधिक प्रक्रिया (पहचान) अधिनियम, 2022 की धारा 4(3) के तहत जारी किया गया है। केंद्र सरकार ने वर्ष 2022 में यह कानून लागू किया था, जिसने ब्रिटिशकाल के आईडेंटीफिकेशन ऑफ प्रिजनर्स एक्ट-1920 का स्थान लिया। नए कानून के तहत पुलिस और अन्य अधिकृत एजेंसियों को अपराध के आरोपियों, दोषसिद्ध व्यक्तियों तथा कुछ अन्य श्रेणियों के व्यक्तियों के जैविक और शारीरिक पहचान संबंधी आंकड़े एकत्र करने का अधिकार दिया गया है।*

**गृह विभाग ने जारी किया आदेश**

### आरोपियों-अपराधियों की पहचान इस तरह होगी

*खास बात ये है कि थानों में आरोपियों और जेलों में बंद अपराधियों की कुंडली तैयार करने के लिए उनके शरीर के विभिन्न अंगों से संबंधित डाटा जुटाया जाएगा। इन आंकड़ों में फिंगरप्रिंट, हथेली और पैरों के निशान, फोटोग्राफ, आईरिस और रेटिना स्कैन, हस्ताक्षर, लिखावट तथा अन्य वैज्ञानिक माप शामिल हो सकते हैं।*

### जांच और अपराध नियंत्रण में मदद का दावा



**जेल और थानों के डाटा संग्रह को मिलेगा कानूनी अधिकार**

*माना जा रहा है कि आधुनिक तकनीक आधारित पहचान प्रणाली से अपराधों की जांच तेज और अधिक सटीक होगी। विभिन्न राज्यों और केंद्रीय एजेंसियों के बीच आंकड़ों का आदान-प्रदान आसान होने से अपराधियों की पहचान और पुराने मामलों की जांच में सहायता मिलेगी। गृह विभाग ने साफ किया है कि पुलिस विभाग और जेल विभाग अपने-अपने क्षेत्राधिकार में इन मापदंडों को एकत्र, सुरक्षित और साझा करने के लिए उपयुक्त एजेंसियां होंगी।*

### कानून को लेकर उठे थे सवाल

*हालांकि यह कानून शुरू से ही बहस का विषय रहा है। कई नागरिक अधिकार संगठनों और कानूनी विशेषज्ञों ने आशंका जताई थी कि व्यापक स्तर पर बायोमेट्रिक और व्यक्तिगत डेटा संग्रह से निजता के अधिकार पर असर पड़ सकता है। दूसरी ओर सरकार का कहना है कि डेटा का उपयोग केवल कानून प्रवर्तन और आपराधिक जांच के उद्देश्यों के लिए किया जाएगा।*

### छत्तीसगढ़ में क्या बदलेगा

*इस अधिसूचना के बाद राज्य में पुलिस थानों और जेलों के स्तर पर पहचान संबंधी डेटा संग्रह की प्रक्रिया को कानूनी आधार मिल जाएगा। इससे राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड प्रणाली और अन्य जांच एजेंसियों के साथ समन्वय बढ़ने की संभावना है। विशेष रूप से अंतर्राज्यीय अपराध, पुनरावृत्ति करने वाले अपराधियों की पहचान और लंबित मामलों की जांच में इसका उपयोग महत्वपूर्ण माना जा रहा है।*

# लूट के आरोपियों का आखिरी लोकेशन मिला रायपुरा के पास

## सुपरवाइजर का पूरे रास्ते पीछा करते रहे बदमाश

**बदमाशों की पतासाजी करने डीडीनगर पुलिस के साथ एसीसीयू की अलग-अलग टीमें गठित**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर


डीडीनगर थाना क्षेत्र के डगनिया बाजार के पास शनिवार देर शाम की घटना

गैस एजेंसी के सुपरवाइजर से 10 लाख रुपए की लूट, पुलिस को मिला सुराग

हरिभूमि फॉलोअप

डीडीनगर थाना क्षेत्र के डगनिया बाजार के पास टाटीबंध स्थित एचपी गैस एजेंसी के सुपरवाइजर के साथ शनिवार को 10 लाख रुपए लूट की घटना को पुलिस 24 घंटे बाद भी नहीं सुलझा पाई है। बदमाशों की पतासाजी करने डीडीनगर पुलिस के साथ एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट की अलग-अलग टीमें लगी हुई हैं। पुलिस दो संदिग्धों से पूछताछ कर रही है। बताया जा रहा है कि बदमाशों का आखिरी लोकेशन पुलिस को रायपुरा के पास मिला है। इसके बाद से बदमाशों का पुलिस को लोकेशन मिलना बंद हो गया है। एचपी गैस एजेंसी के सुपरवाइजर श्रवण साहू अग्रसेन चौक से आजाद चौक जाने वाले मार्ग पर स्थित किसी बालाजी इन्फ्रास्ट्रक्चर से रकम हासिल कर वापस टाटीबंध लौट रहे थे। इस दौरान श्रवण के पास उसके मालिक ने कॉल कर डगनिया स्थित एक कस्टमर के सिलेंडर की गैस लीकेज ठीक करने जाने के लिए कहा। श्रवण 7 बजे के करीब कस्टमर के घर के पास कार रोककर उतर रहा था, इस दौरान बाइक सवार तीन बदमाश श्रवण के करीब पहुंचे और बाइक यू-टर्न कर श्रवण के हाथ से नोटों से भरा बैग छीनकर मौके से भाग निकले।

### सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही पुलिस

*घटना के बाद पुलिस श्रवण जिन रास्तों से रुपए लेकर निकला था, उन रास्तों पर लगे तमाम सीसीटीवी फूटेज की पड़ताल की है। साथ ही घटना के बाद बदमाशों के भाग निकलने के संबंधित अलग-अलग रास्तों पर लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले गए हैं। पुलिस को पड़ताल में जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक, बदमाशों का आखिरी लोकेशन रायपुरा के आसपास मिला है। उसके बाद पुलिस को आगे का लोकेशन नहीं मिल पाया है।*

### घटना के बाद इस रूट से भागे बदमाश

*पुलिस को घटनास्थल के पास जो सीसीटीवी फूटेज मिले हैं, उसमें पता चल रहा है कि बदमाश लूट की घटना को अंजाम देने के बाद रोहिणीपुरम होते हुए गोल चौक के रास्ते रायपुरा की ओर भाग निकले। पुलिस को रायपुरा में बदमाशों का लोकेशन नहीं मिल पाया है। बदमाशों का लोकेशन ट्रेस करने पुलिस की टीम महादेवघाट की ओर जाने वाले मार्ग के साथ अम्लेश्वर जाने वाले मार्ग पर लगे सीसीटीवी कैमरों की पड़ताल कर रही है।*

### रेकी करते बदमाशों के मिले फूटेज

लूट की घटना में शामिल बदमाशों के अग्रसेन चौक स्थित बालाजी इन्फ्रास्ट्रक्चर के पास कुछ फूटेज मिले हैं। आशंका जताई जा रही है, जिन संदिग्धों के फूटेज मिले हैं, उनके द्वारा रेकी कर श्रवण के साथ लूट की गई है। लूट की घटना को सुलझाने एडीसीपी क्राइम सहित 70 पुलिसकर्मियों की टीम लगाई गई है। पुलिस को लूट की घटना में किसी जानकार के शामिल होने की आशंका है। लूट की घटना को सुलझाने पुलिस कई एंगल से जांच कर रही है।

## उद्योग नगर में ग्राउंड फ्लोर से 20 सीढ़ियां चढ़कर दूसरे फ्लोर से यात्री पकड़ेंगे ट्रेन

# नवा रायपुर में आकार ले रहे दो नए स्टेशन, अगस्त में एनआरडीए रेलवे को कर सकता है हैंडओवर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

*महानगरों की तर्ज पर नवा रायपुर में पुरखौती मुक्तांगन के पास फेयर ग्राउंड स्टेशन और उद्योग नगर स्टेशन लगभग बनकर तैयार हो चुके हैं। दोनों स्टेशन का कार्य 80 फीसदी से अधिक पूरा हो चुका है, जिसके बाद अब स्टेशन रेलवे को हैंडओवर करने की तैयारी भी तेज हो चुकी है। बता दें कि वर्तमान में नवा रायपुर क्षेत्र में अभी सीबीडी स्टेशन पर सुविधा मिल रही है।*

हरिभूमि सरोकार

संभवना है कि अगस्त के बाद नवा रायपुर में फेयर ग्राउंड और उद्योग नगर स्टेशन स्टेशन पर भी यात्री सुविधाएं मिलने लगेंगी। ये दोनों स्टेशन एनआरडीए तैयार कर रहा है, जिसे रेलवे को सौपने की तैयारी लगभग अगस्त तक बताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक, यात्रियों के लिए जल्द ही धमतरी तक जाने ट्रेन शुरू होने वाली है। इसी दौरान इन दोनों स्टेशनों पर सुविधा दी जा सकती है। दोनो स्टेशनों को भविष्य के मद्देनजर बनाया गया है, जिसमें एंट्री और बाहर निकलने के रास्ते बड़े बनाए गए हैं। इसके अलावा दर्जनभर से अधिक दुकानें और यात्रियों से जुड़ी सभी सुविधाओं का ध्यान रखा गया है। बता दें कि इन स्टेशन पर स्टॉपेज रेलवे ने पहले ही निर्धारित कर दिया है। एनआरडीए जब रेलवे को स्टेशन हैंडओवर करेगा, तब जायजा लेने के बाद यात्रियों के लिए स्टेशन पर सुविधाएं दी जाएंगी। फेयर ग्राउंड स्टेशन शुरू होने से मुंक्तागन तक जाना आसान हो जाएगा, वहीं उद्योग नगर से क्रिकेट स्टेडियम मात्र 30 रुपए के टिकट किराए में पहुंच सकेंगे।



**एनआरडीए ने जगह का बेहतर उपयोग करने आधुनिक मॉडल स्टेशन किया तैयार**

### फिलहाल एक प्लेटफॉर्म से चलेगी ट्रेन, यात्रियों को मिलेंगी सुविधाएं

*उद्योग नगर से फिलहाल एक ही प्लेटफॉर्म से ट्रेनों का परिचालन होगा, लेकिन भविष्य में यहां प्लेटफॉर्म की संख्या बढ़ाई जा सकती है। बता दें कि स्टेशन में प्रवेश करते ही यात्रियों को प्लेटफॉर्म नहीं मिलेगा। पहले फ्लोर से करीब 20 सीढ़ियां चढ़कर दूसरे फ्लोर पर जाना होगा। इसके अलावा फेयर ग्राउंड स्टेशन में एनआरडीए ने यात्री सुविधाओं के लिए वेटिंग हॉल, टिकट काउंटर, पेयजल और कैंटीन के साथ शॉपिंग के लिए दुकानें भी बनाई हैं। यहां यात्रियों को सभी तरह की आधुनिक सुविधाएं मिलेंगी। साथ ही इस प्लेटफॉर्म की चौड़ाई भी सामान्य स्टेशनों से अधिक है।*

### नवा रायपुर में 4 स्टेशन बना रहा एनआरडीए, सीबीडी तैयार



नवा रायपुर में एनआरडीए द्वारा कुल चार रेलवे स्टेशन तैयार किए जा रहे हैं। इनमें से सीबीडी स्टेशन बनकर तैयार हो चुका है, यहां ट्रेन रुकती है और अब उद्योग नगर स्टेशन व फेयर ग्राउंड स्टेशन की सुविधा भी जल्द ही यात्रियों को मिलने लगेगी। वहीं नवा रायपुर स्टेशन के निर्माण में अभी और समय लगेगा। बता दें कि नवा रायपुर स्टेशन का काम लंबे समय से चल रहा है, लेकिन अभी तक इसका केवल 50 प्रतिशत कार्य ही पूरा हो सका है। इसलिए एनआरडीए उद्योग नगर स्टेशन के बाद मेला स्थल स्टेशन की सुविधा यात्रियों को देने की तैयारी में है।

### जगह का बेहतर उपयोग मेट्रो की तर्ज पर स्टेशन

*उद्योग नगर रेलवे स्टेशन को मेट्रो सिटी के स्टेशन की तरह विकसित किया जा रहा है। इसका 80 फीसदी से अधिक निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। यह प्रदेश का पहला ऐसा रेलवे स्टेशन है, जो आधुनिक मॉडल डिजाइन में बनाया गया है, जहां ट्रेनें दूसरी मंजिल से गुजरेंगी। मेट्रो स्टेशन की तरह ही यहां ग्राउंड फ्लोर से कुछ सीढ़ियां चढ़कर यात्रियों को ट्रेन की सुविधा मिलेगी और साथ ही यहां शॉपिंग मॉल भी उपलब्ध होगा। नवा रायपुर में भविष्य में बढ़ने वाली बसावट को देखते हुए एनआरडीए ने मेट्रो की तर्ज पर इस स्टेशन का निर्माण कराया है। हरिभूमि टीम ने उद्योग नगर स्टेशन का जायजा लिया। बता दें कि पिछले 5 सालों से इस स्टेशन का निर्माण कार्य जारी है, जो अब पूरा होने की कगार पर है। इस वर्ष यहां ट्रेनों का ठहराव भी शुरू हो जाएगा। एनआरडीए ने जगह का बेहतर उपयोग करने के लिए यह आधुनिक मॉडल स्टेशन तैयार किया है। यहां ग्राउंड फ्लोर पर दर्जनभर अलग-अलग कमरे बने हुए हैं, जहां रेलवे के परिचालन से जुड़े ऑपरेशनल कार्य होंगे और रेलवे अधिकारियों के कार्यालय होंगे। वहीं दूसरे फ्लोर पर प्लेटफॉर्म मिलेगा। जगह का बेहतर उपयोग करने के लिए इसे इस तरह से डिजाइन किया गया है। यह स्टेशन अन्य स्टेशनों की तुलना में काफी बड़ा है और यहां सामान्य से अधिक जगह है। आने वाले समय में स्टेशन परिसर में शॉपिंग मॉल खुलने से यात्रियों को बड़ी सुविधा मिलेगी।*

# मोर खारुन मोर सम्मान सफाई अभियान में महापौर एमआईसी सदस्यों ने सफाई मित्रों के साथ किया श्रमदान

**जलकुंभी नदी से निकालकर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश**

**स्वच्छता हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी : मीनल चौबे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

महापौर मीनल चौबे के नेतृत्व में रविवार को शहर की जीवनदायिनी खारुन नदी को जलकुंभी मुक्त करने मोर खारुन मोर सम्मान सफाई अभियान चलाया गया। इस अभियान में महापौर के अलावा एमआईसी सदस्य, निगम आयुक्त, पार्षद और स्वच्छता दीदियों के साथ सफाई मित्रों ने सामूहिक श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया। इस मौके पर महापौर मीनल चौबे ने कहा, जीवनदायिनी खारुन मैया की सफाई करके स्वच्छ रखना हम सबका सामूहिक दायित्व है।



मोर खारुन मोर सम्मान सफाई महाभियान खारुन नदी स्थित महादेवघाट पर रविवार को चलाया गया। महापौर श्रीमती चौबे की अपील पर नगर निगम के जनप्रतिनिधि, आयुक्त संबित मिश्रा की उपस्थिति में बड़ी संख्या में सफाई मित्रों, स्वच्छता दीदियों सहित आमजनों ने भी खारुन मैया को जलकुंभी से मुक्त कराने सामूहिक श्रमदान किया।

### ये हुए शामिल

*मोर खारुन मोर सम्मान सफाई महाभियान में नगर निगम स्वास्थ्य विभाग अध्यक्ष गायत्री चंद्राकर, एमआईसी सदस्य सरिता दुबे, सुमन पांडे, महेंद्र खोडियार, मनोज वर्मा, अमर गिदवानी, भोलाराम साहू, नंदकिशोर साहू, खेम कुमार सेन, जोन अध्यक्ष गज्जू साहू, जोन 3 अध्यक्ष प्रतिनिधि डॉ. प्रमोद साहू, जोन 4 अध्यक्ष मुरली शर्मा, जोन 5 अध्यक्ष अंबर अग्रवाल, जोन अध्यक्ष बद्री प्रसाद गुप्ता, श्वेता विश्वकर्मा, प्रीतम सिंह ठाकुर, जोन अध्यक्ष गोपेश साहू, वार्ड पार्षद महेंद्र औसर, अर्जुन यादव, प्रभा विश्वकर्मा, स्वप्निल मिश्रा, आशु चंद्रवंशी, आनंद अग्रवाल, देवदत्त द्विवेदी, राजेश कुमार देवांगन, मोहन साहू, सोहन साहू, अपर आयुक्त स्वास्थ्य विनोद पांडे, जोन 8 जोन कमिश्नर राजेश्वरी पटेल, स्वच्छ भारत मिशन नोडल अधिकारी योगेश कडू सहित स्वच्छता मित्र और स्वच्छता दीदी उपस्थित रहे।*

# मोदी निर्मित महंगाई जनता पर कहर ढा रही : बैज

**रसोई गैस सिलेंडर 3 महीने में दूसरी बार महंगा**



रायपुर। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, आम लोगों को आज महंगाई का एक और झटका लगा है। घरेलू रसोई गैस सिलेंडर की कीमत में 29 रुपए प्रति सिलेंडर की बढ़ोतरी कर दी गई है। पिछले तीन महीनों में यह दूसरी बार है, जब घरेलू गैस सिलेंडर के दाम बढ़ाए गए हैं। विगत विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा ने मोदी की गारंटी के नाम पर छत्तीसगढ़ में 500 रुपए में गैस सिलेंडर देने वादा किया था, लेकिन अब यह सरकार वादाखिलाफी पर उतर आई है।

उन्होंने कहा, पांच राज्यों में हाल ही में संपन्न विधानसभा चुनाव के बाद से यह सरकार जनता के जेब पर डकैती कर लगातार मुनाफाखोरी कर रही है। विगत डेढ़ माह में अर्थव्यवस्था के कोर सेक्टर ऊर्जा, ईंधन में 34 गुना इजाफा हुआ है, जिसका सीधा असर थोक महंगाई दर में वृद्धि के तौर पर हुआ है। इसका असर आम जनता की घटती क्रय क्षमता के रूप में स्पष्ट तौर पर दिख रहा है।

# घरेलू कनेक्शन से कमर्शियल ई-वाहन चार्ज करने पर कसेगा शिकंजा, होगा सर्वे

**मप्र सहित कई राज्यों में हो रहा है लगातार एक्शन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



छत्तीसगढ़ में भी लगातार ई-वाहनों की संख्या में इजाफा हो रहा है। हर माह प्रदेश में 15 हजार से ज्यादा ई-रिक्शा के साथ कमर्शियल वाहन भी बिक रहे हैं। इसी के साथ ई-बाइक और ई-कारों की बिक्री में भी तेजी से बढ़ोतरी हो रही है। इन वाहनों को आमतौर पर वाहन मालिक अपने घरेलू बिजली कनेक्शनों से ही चार्ज कर रहे हैं। निजी वाहनों को चार्ज करने में तो परेशानी नहीं है, लेकिन कमर्शियल वाहनों को घरेलू कनेक्शन से चार्ज करना विद्युत अधिनियम 2003 के मुताबिक अनाधिकृत है। मप्र सहित कई राज्यों में ऐसे मामलों में एक्शन हो रहा है।

खास खबर

अपने राज्य में अब तक कोई एक्शन तो नहीं लिया गया है, लेकिन अब सर्वे कराने की तैयारी है। इसके बाद यहां भी एक्शन लिया जाएगा। पेट्रोल के लगातार बढ़ते दाम के कारण अब लोगों का रुझान ई-वाहनों की तरफ ज्यादा हो रहा है। प्रदूषण से बचने के लिए लगातार ई-रिक्शा का भी उपयोग हो रहा है। राजधानी रायपुर में ही 20 हजार से ज्यादा ई-रिक्शा हो गए हैं। प्रदेश में एक अनुमान के मुताबिक, दो लाख से ज्यादा ई-रिक्शा हैं। इसी के साथ कमर्शियल वाहन भी भारी संख्या में हो गए हैं।

### कमर्शियल वाहनों की चार्जिंग के लिए अलग कनेक्शन जरूरी

*निजी ई-बाइक, ई-स्कूटी और ई-कारों के वाहन मालिक इनको अपने घरेलू बिजली कनेक्शनों से चार्ज कर सकते हैं, लेकिन घरेलू कनेक्शन से ई-रिक्शा सहित अन्य कमर्शियल वाहनों को चार्ज करना अनाधिकृत है। इसके लिए अलग से ठीक उसी तरह से व्यावसायिक कनेक्शन जरूरी है, जिस तरह से किसी दुकान को चलाने के लिए अलग से बिजली कनेक्शन लेना जरूरी होता है, लेकिन अपने राज्य में अलग से कनेक्शन लिए बिना प्रदेश में ज्यादातर कमर्शियल वाहन घरेलू बिजली कनेक्शन से ही चार्ज किए जा रहे हैं। प्रदेश में अब तक इन पर कोई एक्शन नहीं लिया गया है। विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 (उपधारा 2) के तहत ऐसा करने वालों पर एक्शन लिया जा सकता है। भारी जुर्माना लगाने के साथ ई-वाहन और चार्जिंग उपकरणों को जब्त भी किया जा सकता है।*

### कराएंगे सर्वे

प्रदेश में कितने वाहन हैं, इन पर कितनी बिजली खर्च हो रही है। कौन-से वाहनों को घरेलू कनेक्शन से चार्ज किया जा रहा है, इसका सर्वे कराएंगे।

**भीम सिंह कंवर एमडी**
**वितरण कंपनी**

### प्रदेश में पहले होगा सर्वे

छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी के अधिकारियों का कहना है कि अब तक कोई एक्शन तो नहीं लिया गया है, लेकिन अब एक सर्वे कराने की तैयारी है। इसमें देखा जाएगा कि कितने और किस तरह से ई-वाहनों को घरेलू कनेक्शनों से चार्ज किया जा रहा है। इसमें कितनी बिजली की कितनी खपत हो रही है। इसके बाद कमर्शियल वाहनों के लिए वाहन मालिकों को अलग से कनेक्शन लेने के लिए कहा जाएगा। ऐसा न करने वालों पर एक्शन होगा।

## रायपुर से होगी शुरुआत, पीएचसी, सीएचएसी, जिला अस्पताल स्तर पर होगा अध्ययन

# अपडेट होगी हेल्थ सेंटरों की महत्वपूर्ण दवाओं की सूची

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्राथमिक स्तर के स्वास्थ्य केंद्रों में दवाओं की किल्लत की शिकायतों की दूर करने आवश्यक और जीवनरक्षक दवाओं की सूची अपडेट होगी। सीएमएचओ, सिविल सर्जन और पीएचसी-सीएचसी और सीजीएमएससी की टीम पुरानी लिस्ट पर आवश्यकतानुसार संशोधन करेगी। दावा किया जा रहा है कि अपडेट लिस्ट के आधार पर दवा निगम के गोदामों में संबंधित दवाओं का पर्याप्त स्टॉक रखा जाएगा। पुरानी सूची अपडेट करने का काम रायपुर जिले से शुरू करने की तैयारी की जा रही है। जिला अस्पताल, प्राथमिक और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में आए दिन एंटी रैबीज, टिटनेस के इंजेक्शन, बीपी-शुगर की जरूरी दवाओं की किल्लत होने की शिकायत होती रहती है। इसे दूर करने सीजीएमएससी के अधिकारियों ने प्राथमिक स्तर के हेल्थ सेंटरों में जरूरी दवाओं की करीब दस साल पुरानी सूची को बदलने की तैयारी में है। वर्तमान जरूरतों और स्वास्थ्य केंद्रों में ज्यादा खपत होने वाली दवाओं के बारे में जानने के लिए पुरानी लिस्ट में संशोधन किया जाएगा। इसके लिए दवा निगम के प्रतिनिधि जिला स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ मंथन करेंगे। इस आधार 100 महत्वपूर्ण जीवनरक्षक एवं अत्यावश्यक दवाओं की पहचान कर नई सूची तैयार की जाएगी। इसकी पहचान की जा रही है। इस विशेष पहल के बाद सुनिश्चित किया जाएगा कि इन प्रमुख दवाओं का पर्याप्त स्टॉक राज्य के सभी सीजीएमएससी गोदामों में हर समय उपलब्ध रहे, ताकि किसी भी परिस्थिति में स्वास्थ्य संस्थानों को दवाओं की कमी का सामना न करना पड़े।

### दवा निगम और हेल्थ की बनी टीम

*अपडेट लिस्ट के आधार पर सीजीएमएससी के वेयर हाउस में रहेगा हमेशा पर्याप्त स्टॉक*



### 4 सौ दवाएं स्टॉक में, डेढ़ सौ का क्रय आदेश जारी

अधिकारियों का दावा है कि छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेज कॉर्पोरेशन शासकीय स्वास्थ्य संस्थानों में आवश्यक दवाओं की सतत उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है। वर्तमान में सीजीएमएससी के विभिन्न गोदामों में 400 से अधिक प्रकार की दवाईयां उपलब्ध हैं, जिनका स्वास्थ्य संस्थानों की मांग के अनुसार नियमित रूप से वितरण किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त लगभग 150 अन्य दवाओं के लिए क्रय आदेश जारी किए जा चुके हैं तथा उनकी आपूर्ति विभिन्न चरणों में प्रगति पर है।

### बारिश की तैयारी भी

*सीजीएमएससी के एमडी रितेश अग्रवाल ने बताया कि वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते हुए सीजीएमएससी द्वारा आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए विशेष तैयारी की जा रही है। मलेरिया, डायरिया, वायरल बुखार, श्वसन संक्रमण एवं अन्य मौसमी बीमारियों के उपचार में उपयोग होने वाली दवाओं प्राइमाक्वीन, क्वीनिन सल्फेट आदि का पर्याप्त भंडारण किया गया है। मलेरिया रोधी दवाओं का पर्याप्त स्टॉक वर्तमान में उपलब्ध है तथा अतिरिक्त मात्रा में कई दवाओं की आपूर्ति भी शीघ्र प्राप्त होने वाली है।*

02


हरिभूमि-आईएनएच न्यूज की संडे ...

लाइव इवेंट

## ट्रिपल आईटी में वोकेशनल ट्रेनिंग और आउटरीच इंस्टीट्यूट प्रोग्राम का आगाज



**रायपुर।** ट्रिपल आईटी नवा रायपुर में वोकेशनल ट्रेनिंग प्रोग्राम एवं आउटरीच इंस्टीट्यूट प्रोग्राम का आज से आगज होगा। इसके उद्घाटन समारोह में छत्तीसगढ़ शासन के वित्त मंत्री ओपी चौधरी मुख्य अतिथि तथा तकनीकी शिक्षा मंत्री गुरु खुशवंत साहेब विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम सुबह 11.30 बजे से आयोजित होगा। इस वोकेशनल ट्रेनिंग प्रोग्राम एवं आउटरीच इंस्टीट्यूट प्रोग्राम के दौरान युवा विद्यार्थियों को शोध, नवाचार और उभरती प्रौद्योगिकियों से जोड़ने का एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान किया जाएगा। इसके माध्यम से प्रतिभागियों को देश की अग्रणी तकनीकी संस्थाओं के विशेषज्ञों से सीखने, अनुसंधान की संभावनाओं को समझने तथा भविष्य की तकनीकी चुनौतियों एवं औद्योगिकी जरूरतों के लिए स्वयं को तैयार करने में मदद मिलेगी। वोकेशनल ट्रेनिंग प्रोग्राम के लिए इस वर्ष दो प्रशिक्षण स्लॉट निर्धारित किए गए हैं। पहला स्लॉट 8 जून से 22 जुलाई तक संचालित होगा, जिसके लिए 86 प्रतिभागियों ने पंजीकरण कराया है।

### देश भर के संस्थानों से स्टूडेंट्स ले रहें भाग

प्रोग्राम में चयनित विद्यार्थियों में आईआईटी पटना, बीआईटी मेसरा, वीआईटी वेल्लोर, एसआरएम यूनिवर्सिटी, केआईआईटी भुवनेश्वर सहित देश के प्रतिष्ठित संस्थानों के छात्र-छात्राएं शामिल हैं। ये प्रतिभागी छत्तीसगढ़, झारखंड, ओडिशा, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, आंध्र प्रदेश तथा अन्य राज्यों से आए हैं और अगले 45 दिनों तक संस्थान के विशेषज्ञ संकाय सदस्यों के मार्गदर्शन में अत्याधुनिक तकनीकों का अध्ययन एवं प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे।

### नौ तकनीकी ट्रैक्स में होगी ट्रेनिंग

वोकेशनल ट्रेनिंग प्रोग्राम कार्यक्रम के अंतर्गत इस वर्ष नौ तकनीकी ट्रैक्स संचालित किए जा रहे हैं, जिनमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, ब्लॉकचेन, साइबर सुरक्षा, वीएलएसआई एवं सेमीकंडक्टर प्रौद्योगिकी, ड्रोन एवं रोबोटिक्स तथा बिजनेस एवं एप्लाइड एआई जैसे उभरते हुए क्षेत्र शामिल हैं। प्रत्येक ट्रैक का संचालन संस्थान के वरिष्ठ एवं अनुभवी संकाय सदस्यों और इंडस्ट्री पार्टनर्स के सहयोग से संचालित किया जाएगा।

राजधानी में संस्थाओं ने शुरू की पहल, अभिभावक भी कैंप में हुए शामिल, लिया अहम निर्णय

# स्कूल खुलने से पहले बच्चों और युवाओं के लिए कैंप संस्कारों का बीज बोने गुरुओं ने दिया जीवन का मंत्र

स्कूल खुलने से पहले बच्चों को संस्कार से जोड़ने और व्यावहारिक शिक्षा देने के साथ ही युवाओं में संस्कारों का बीज बोने के लिए गुरुओं ने जीवन जीने की कला का मूलमंत्र देना शुरू किया है। इस तरह के कैंपों का आयोजन सरोकार से जुड़ी अलग-अलग संस्थाओं ने शुरू किया है। इसमें बच्चों को श्लोकों और व्यावहारिक जीवन में संस्कारों का महत्व समझाया जा रहा है। वहीं, अभिभावकों और युवाओं को आत्म सम्मान और विश्वास के साथ जीवन जीने के लिए उन्हें स्वावलंबन से जोड़ने की पहल गुरुओं द्वारा की जा रही है।

**रायपुर।** बाल संस्कार शिविर में एक महीने तक गुरुओं के मार्गदर्शन में संस्कृत के श्लोकों का नियमित अभ्यास करने वाली उर्वी चंद्रवंशी ने शिव ताडंव स्त्रोत 'जटाटवीगलज्जल प्रवाहपावितस्थले गलेऽवलम्ब्य लम्बितां भुजंगतुंगमालिकाम्' को बेहिचक बिना अटके बोलते हुए अभिभावकों को गर्व का एहसास दिया। अभिज्ञा शुक्ला ने अनुभवी उद्घोषक की तरह धाराप्रवाह संवादों के साथ मंच का संचालन किया। महाराष्ट्र मंडल द्वारा संचालित कैंप में आध्यात्मिक समिति की समन्वयक आस्था काले के मार्गदर्शन में आरोही अलकरी ने गणेश वंदना पर सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया। शिविर को बच्चों की उम्र के अनुसार तीन वर्गों में विभक्त किया गया था। प्रथम वर्ग के बच्चों ने बिना कुछ देखे संस्कृत के श्लोकों का पाठ किया। इसके बाद अर्णव कुसरे, विधिका पंडित, प्रशस्ति आकांत, विशाल काले, वरदा चांदे ने संस्कृत के श्लोकों का पाठ किया।





### गृह उपयोग की सामग्री बनाने व्यावहारिक ज्ञान

गायत्री परिवार के प्रज्ञा प्रकाश निगम ने बताया कि प्रशिक्षण सत्र में युवाओं और महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। गृह उपयोगी सामग्री जैसे - साबुन, वाशिंग पाउडर, केश तेल, फ्लोर क्लिनर जैसी सामग्री बनाने की विधि बताते हुए व्यावहारिक ज्ञान दिया गया। इसका मुख्य उद्देश्य स्थानीय स्तर पर युवाओं और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाकर उन्हें स्वरोजगार के नए अवसरों से जोड़ना है, ताकि वे आर्थिक रूप से सशक्त हो सकें। वहीं, शाम के सत्र में शिविरार्थियों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई। इसमें युवाओं की प्रतिभा एवं संस्कारों की झलक पेश की जा रही है। तृतीय दिवस के मुख्य प्रशिक्षक दिलीप निर्मलकर, भोलश्वर सिन्हा, नामदेव साहू, जगमोहन साहू, पीलूराम साहू के साथ आर.एस. राय, टी.आर.साहू, विंध्याचल ठाकुर, उदय बिसेन, काशीराम ध्रुव रहे।



### आवासीय कैंप में स्वावलंबन और संस्कार की सीख

अखिल विश्व गायत्री परिवार, शांतिकुंज (हरिद्वार) के मार्गदर्शन में गायत्री प्रज्ञापीठ कुशालपुर एवं युवा प्रकोष्ठ के परिजनों द्वारा चार दिवसीय आवासीय व्यक्तित्व निर्माण युवा शिविर का संचालन किया जा रहा है। इसमें बच्चों के साथ युवाओं और महिलाओं के लिए विशेष स्वावलंबन प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया जा रहा है। प्रज्ञापीठ कुशालपुर की व्यवस्थापक उर्मिला नेताम एवं युवा प्रकोष्ठ प्रभारी आशीष राय ने कहा कि वर्तमान समय में स्वावलंबन केवल एक आर्थिक जरूरत ही नहीं, बल्कि यह व्यक्ति के आत्मविश्वास, आत्मसम्मान और आत्मनिर्भर जीवन का मजबूत आधार है। एक स्वावलंबी व्यक्ति न केवल अपना, बल्कि परिवार और पूरे समाज के विकास में अमूल्य योगदान देता है।



### सनातन संस्कृति, संस्कार देने शुरू करेंगे गुरुकुल

सृष्टि दंडवते की अगुवाई में वर्ग दो के बच्चों ने राम रक्षा स्तोत्र और गीता के 12वें और 15वें अध्याय का पाठ किया। वहीं, बच्चों ने एक साथ मिलकर सूर्य नमस्कार करते हुए सभी का मन मोह लिया। शिविर संचालन समिति की आकांक्षा गद्रे, मंजूषा मरकले, चारूशीला देव, संध्या खंगन, मंजूषा वैशंपायन, साक्षी टोले, वर्षा चोपकर, अक्षता पंडित, रीना बाबर, रचना ठेंगड़ी, सुमीता रायजादा, शुचिता देशमुख के कार्यों की प्रशंसा करते हुए उन्हें प्रमाण पत्र अध्यक्ष अजय काले ने दिया। साथ ही इस तरह के कार्य करने के लिए उन्हें प्रेरित किया। सचिव चेतन ने अभिभावकों को बताया कि महाराष्ट्र मंडल जल्द ही बच्चों के लिए गुरुकुल शुरू करेगा, ताकि बच्चों को सनातन संस्कृति, संस्कार सिखाया और समझाया जा सकें।

सिटी इवेंट

## आज से अंतरराष्ट्रीय अभिलेखागार सप्ताह में ऐतिहासिक दस्तावेजों से नागरिक होंगे रूबरू



**रायपुर।** संस्कृति विभाग, छत्तीसगढ़ शासन द्वारा अंतरराष्ट्रीय अभिलेखागार सप्ताह के अवसर पर 8 से 12 जून तक विशेष प्रदर्शनी व व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन महंत घासीदास स्मारक संग्रहालय स्थित आर्ट गैलरी में होगा, जहां आम नागरिकों, शोधार्थियों, विद्यार्थियों और इतिहास प्रेमियों को ऐतिहासिक अभिलेखों और दस्तावेजों को करीब से देखने का अवसर मिलेगा। प्रदर्शनी में नीति, नियम और शासन संबंधी महत्वपूर्ण ऐतिहासिक दस्तावेजों के छायाचित्र प्रदर्शित किए जाएंगे। इन अभिलेखों के माध्यम से प्रदेश और देश के प्रशासनिक, सामाजिक तथा सांस्कृतिक इतिहास की महत्वपूर्ण झलक देखने को मिलेगी। प्रदर्शनी प्रतिदिन प्रातः 11 बजे से अपराह्न 5 बजे तक आमजन के लिए खुली रहेगी।

### इतिहास और स्मृति के संरक्षण पर होगा विशेष व्याख्यान

अंतरराष्ट्रीय अभिलेखागार सप्ताह के अंतर्गत 9 जून को विशेष व्याख्यान कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा। न्याय के लिए अभिलेखागार, अधिकार, स्मृति और भविष्य विषय पर आयोजित इस व्याख्यान में अभिलेखों के महत्व, उनके संरक्षण और लोकतांत्रिक व्यवस्था में उनकी भूमिका पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। कार्यक्रम में राष्ट्रीय अभिलेखागार, नई दिल्ली के विशेषज्ञ दीपक तथा भुवनेश्वर, (ओडिशा) के सत्यनारायण मिश्र विषय विशेषज्ञ के रूप में अपने विचार साझा करेंगे। दोनों विशेषज्ञ अभिलेखागारों की उपयोगिता, ऐतिहासिक दस्तावेजों के संरक्षण की चुनौतियों तथा भविष्य की संभावनाओं पर प्रकाश डालेंगे।


### शोधार्थियों और विद्यार्थियों के लिए उपयोगी अवसर

आयोजकों के अनुसार यह प्रदर्शनी और व्याख्यान कार्यक्रम विद्यार्थियों, शोधकर्ताओं, इतिहासकारों तथा अभिलेख संरक्षण में रुचि रखने वाले नागरिकों के लिए विशेष रूप से उपयोगी होगा। कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को अभिलेखागारों की भूमिका, ऐतिहासिक दस्तावेजों के महत्व तथा सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के प्रति जागरूक किया जाएगा। आयोजन का उद्देश्य ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। पुरातत्व, अभिलेखागार एवं संग्रहालय संचालनालय, रायपुर द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में आम नागरिकों को आमंत्रित किया गया है।

## आज होगी फिल्म 'भारत भाग्य विधाता' की पहली स्क्रीनिंग अभिनेत्री कंगना रनौत के साथ सीएम साय होंगे शामिल

**रायपुर।** बॉलीवुड अभिनेत्री और सांसद कंगना रनौत करीब डेढ़ साल बाद बड़े पर्दे पर शानदार वापसी करने जा रही हैं। उनकी नई फिल्म 'भारत भाग्य विधाता' 12 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए पूरी तरह तैयार है। रिलीज से पहले इस फिल्म की देश में सबसे पहली विशेष स्क्रीनिंग आज राजधानी रायपुर में जोरा स्थित 'द मॉल' में शाम 4 बजे आयोजित की गई है। इस खास मौके पर फिल्म की मुख्य अभिनेत्री कंगना रनौत स्वयं रायपुर पहुंच रही हैं। उनके साथ इस भव्य स्क्रीनिंग में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

### फिल्म के निर्देशक की इच्छा पर रायपुर में स्क्रीनिंग



आमतौर पर बॉलीवुड की किसी भी बड़ी फिल्म की पहली स्क्रीनिंग मुंबई या दिल्ली जैसी मेट्रो सिटीज में ही की जाती है, लेकिन यह पहला मौका है जब रायपुर को यह अवसर मिला है। इसके पीछे की मुख्य वजह फिल्म के निर्देशक और लेखक मनोज तापड़िया का छत्तीसगढ़ से गहरा और पुराना जुड़ाव है। उन्होंने अपने जीवन का एक लंबा समय छत्तीसगढ़ में बिताया है। यही कारण है कि ट्रेलर लॉन्च के दौरान ही उन्होंने अपनी यह प्रबल इच्छा जताई थी कि उनकी फिल्म की पहली स्क्रीनिंग रायपुर की जनता के बीच ही की जाए। फिल्म भारत भाग्य विधाता मुख्य रूप से देश की बहादुर नर्सों के जीवन और उनके समर्पण पर आधारित है। इस फिल्म में मेडिकल क्षेत्र में काम करने वाली नर्सों की संघर्षपूर्ण कहानी और उनके चुनौतीपूर्ण कार्यों को बेहद संवेदनशीलता के साथ बड़े पर्दे पर उकेरा गया है।

## लायंस क्लब की नई टीम ने संयुक्त रूप से ली शपथ

**रायपुर।** देश-दुनिया में सरोकार से जुड़े कार्य करने वाली संस्था लायंस क्लब रायपुर और लायंस क्लब रायपुर समर्पण की नई टीम ने संयुक्त रूप से शपथ ग्रहण का आयोजन रविवार को किया। वृंदावन हाल में मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट गवर्नर इलेक्ट पीएम जे एफ़ लायन रिपुदमन सिंह पुसरी, विशेष अतिथि वी डी जी 2 इलेक्ट पी एम जे एफ़, लायन अनिल अग्रवाल एवं शपथ अधिकारी पूर्व गवर्नर लायन मनहर शाह ने मंच को सुशोभित किया। लायंस क्लब के नवनिर्वाचित अध्यक्ष एसएस प्रजापति, सचिव लायन डॉ. अरुण अग्रवाल एवं कोषाध्यक्ष जीआर इंग्लेकर ने पूरी टीम के साथ शपथ ली और वर्ष 2026-27 में सेवा गतिविधियों के नए आयाम स्थापित करने के लिए वचनबद्ध हुए।



### सेवा गतिविधियों की शुरुआत की गई

नई टीम द्वारा वर्षभर के लिए तय किए गए प्रोग्राम कैलेंडर का विमोचन किया। इस अवसर पर एक जरूरतमंद को सिलाई मशीन प्रदान करके सेवा गतिविधियों की शुरुआत की गई। इस आयोजन में लगभग 100 लोगों की उपस्थिति रही। इसमें रायपुर के सभी क्लबों के पदाधिकारी एवं लायन सदस्य एवं अतिथि प्रमुख रूप से शामिल हुए। सभी पदाधिकारियों ने क्लब से जुड़ी सेवाओं को बेहतर बनाने का संकल्प दोहराया। लायन सदस्यों ने अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उन्हें धन्यवाद दिया गया। इस दौरान नए पदाधिकारियों ने भी टीम भावना से सेवा कार्यों को आगे बढ़ाने का भरोसा दिलाया।

इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया के सम्मेलन में शामिल हुए राज्यपाल रमेन डेका

कार्नर न्यूज



# संसाधनों से नहीं, परिश्रम और समर्पण से होंगे सफल, बनेंगे भविष्य के चार्टर्ड अकाउंटेंट

**रायपुर।** जीवन में 'सफलता संसाधनों से नहीं, बल्कि परिश्रम, अनुशासन और समर्पण से प्राप्त होती है। आप सभी विद्यार्थी भविष्य के चार्टर्ड अकाउंटेंट हैं। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए कठोर परिश्रम करना होगा।' पंडित दीनदयाल उपाध्याय आडिटोरियम में रविवार को यह बात चार्टर्ड सम्मेलन का शुभारंभ करते हुए राज्यपाल रमेन डेका ने विद्यार्थियों से कही। उन्होंने इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) की रायपुर शाखा एवं सिकासा द्वारा आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सीए छात्र सम्मेलन 'कर्तव्य' के आयोजन के लिए सभी को बधाई दी। साथ ही भव्य सम्मेलन में देशभर से आए 1000 से अधिक सीए छात्रों की हौसला आफजाई की। इस अवसर पर सम्मेलन में भाग लेने के लिए देशभर से आए भावी चार्टर्ड अकाउंटेट का राज्यपाल ने स्वागत किया।





### इनकी उपस्थिति में सजे सम्मेलन के सत्र

सम्मेलन में बोर्ड ऑफ़ स्टडीज के अध्यक्ष राजेश शर्मा, उपाध्यक्ष ज्ञानचंद मिश्रा, सम्मेलन के संयोजक रवि अग्रवाल, महिंद्रा ग्रुप के डायरेक्टर मनोज अग्रवाल, सिकासा चेयरमैन सीए नितिन गुप्ता, रीजनल काउंसिल सदस्य सीए दिनेश कुमार अग्रवाल, राजीव गुप्ता सहित बोर्ड ऑफ स्टडीज के को-ऑप्टेड सदस्य अमित शर्मा प्रमुख रूप से शामिल हुए। वहीं, आईसीएआई मैनेजिंग कमेटी की चेयरपर्सन रश्मि वर्मा, वाइस चेयरमैन रवि जैन, सेक्रेटरी ऋषिकेश यादव, कोषाध्यक्ष शीतल काला, सिकासा के चेयरमैन संस्कार अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष विकास गोलछा, कार्यकारिणी सदस्य आयुषि अग्रवाल की उपस्थिति में सम्मेलन के सत्र संचालित हुए।

### फैकल्टी मेंबर्स ने साझा किया अनुभव

डॉ. भारती यादव 'मेधा 'ने बताया कि इस दो दिवसीय सम्मेलन में कुल 10 सत्रों का आयोजन किया जाएगा। इनमें 4 कौशल उन्नयन सत्र, 4 ज्ञानवर्धक सत्र और 2 विशेष सत्र शामिल हैं। सत्रों में विद्यार्थियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं टेक्नोलॉजी, कैपिटल मार्केट, फाइनेंशियल रिपोर्टिंग, फाइनेंसिंग एवं यूनिकॉर्न स्टार्टअप जैसे समकालीन विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन दिया जाएगा। सम्मेलन में देश के प्रसिद्ध वक्ताओं एवं फैकल्टी सदस्यों को विचार साझा करने के लिए आमंत्रित किया है, इसका लाभ विद्यार्थियों को सोमवार को भी मिलेगा। इनमें सीए शुभम केशवानी ने प्रेरक वक्ता के रूप में विद्यार्थियों को सफलता एवं व्यक्तित्व विकास के सूत्र भी बताए।

### तकनीकी दक्षता, व्यावहारिक समझ जरूरी

वहीं, सीए सुरभि गांधी एवं सीए अंकिता पाटनी ने ज्ञानवर्धक सत्रों के माध्यम से छात्रों को नवीनतम व्यावसायिक एवं तकनीकी विषयों की जानकारी दी। पहले दिन का समापन सीए छात्रों द्वारा प्रस्तुत आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ हुआ। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, तकनीकी दक्षता एवं व्यावहारिक समझ का विकास करना है, ताकि वे भविष्य में जिम्मेदारी व प्रोफेशनल अकाउंटेंट के रूप में प्रदेश एवं देश की आर्थिक प्रगति में योगदान दे सकें।

हरिभूमि-आईएनएच न्यूज की संडे मूवी मस्ती के दूसरे सप्ताह श्याम टॉकीज में साउथ मूवी 'पेद्दी' दिखाई गई। मूवी देखने समर सीजन की छुट्टी मना रहे स्कूली बच्चों संग पैरेंट्स-फ्रेंड्स बड़ी संख्या में पहुंचे। सुबह 8 बजे से 12 बजे तक प्रथम शो के लिए दर्शकों में मूवी मस्ती को लेकर भारी उत्साह देखने को मिला। सुबह 7 बजे से ही दर्शक बूढ़ातालाब के पास स्थित श्याम टॉकीज पहुंचकर कतार में लग गए। इनमें स्कूली बच्चे फैमिली-फ्रेंड्स के साथ मूवी मस्ती के साथ स्पेशल संडे मनाते दिखे।

### हरिभूमि-आईएनएच न्यूज की संडे मूवी मस्ती का शानदार दूसरा सप्ताह

# हरिभूमि-आईएनएच न्यूज की संडे मूवी मस्ती में 'पेद्दी' की कुश्ती और रफ्तार देख रोमांचित हुए दर्शक

**रायपुर।** पूरे शो के दौरान सभी दर्शक फिल्म के नायक पेद्दी के अपने गांव को पहचान दिलाने कुश्ती के अखाड़े से रेस के मैदान तक की संघर्ष, जज्बा को देख रोमांचित होते रहे। आयोजन में खासकर सिटी के स्कूली बच्चों, आमजनों, हरिभूमि-आईएनएच न्यूज के पाठक-दर्शकों का हर साल की तरह इस साल भी खूब प्यार मिल रहा है। दूसरे सप्ताह में संडे मूवी मस्ती का टिकट हाथों में थामे सिनेमाघर पहुंचने वाले सभी वर्ग के सैकड़ों दर्शकों के उत्साह ने इस आयोजन की लोकप्रियता को बयां किया।



### संडे मूवी मस्ती का पाठकों को हर साल बेसब्री से रहता है इंतजार

मूवी मस्ती में स्पेशल गेस्ट के तौर पर पहुंचे पूर्व पार्षद प्रमोद साहू ने हरिभूमि-आईएनएच न्यूज के इस आयोजन की सराहना की। उन्होंने कहा कि वह स्वयं हरिभूमि समाचार पत्र के नियमित पाठक हैं। वहीं, टीवी समाचार चैनल में आईएनएच न्यूज की अलग ही पहचान है। संडे मूवी मस्ती देखने पहुंचे दर्शकों के हुजूम व उत्साह को देखकर उन्होंने कहा कि हरिभूमि समाचार पत्र छत्तीसगढ़ के हर वर्ग का लोकप्रिय अखबार है। हरिभूमि-आईएनएच न्यूज संडे मूवी मस्ती की पाठकों को हर साल बेसब्री से इंतजार रहता है। हरिभूमि-आईएनएच न्यूज की मार्केटिंग टीम ने मूवी मस्ती में स्पेशल गेस्ट का बुके भेंट कर स्वागत किया।





### मूवी देखने परिवार के साथ पहुंचे

अपने परिवार के साथ संडे मूवी मस्ती में फिल्म का आनंद लेने पहुंची शहर की मानिका साहू, रोली साहू ने कहा कि हरिभूमि समाचार पत्र और आईएनएच न्यूज का यह आयोजन बेहद ही मनोरंजक है। मैं मम्मी व फ्रेंड्स के साथ फिल्म देखने पहुंची हूं। आज का दिन संडे मूवी मस्ती ने खास बना दिया है। इसके लिए हरिभूमि समाचार पत्र और आईएनएच न्यूज का आभार व्यक्त करते हैं।





### कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति

आयोजन में हरिभूमि-आईएनएच न्यूज मार्केटिंग के एजीएम प्रशांत तिवारी, एजीएम रीजनल निलेश द्विवेदी एवं मार्केटिंग टीम के सदस्य आनंद मिश्रा असिस्टेंट मार्केटिंग मैनेजर, समीर चौधरी, मूलचंद कश्यप, विजय शर्मा, कुणाल सेन, प्रसार विभाग से आशीष महंत, सुमित महोबिया, तरुण, गौतम निषाद उपस्थित रहे।



### मूवी मस्ती को लेकर दर्शकों में जबरदस्त क्रेज

स्कूली छात्र-छात्राओं की पूरी टोली हरिभूमि-आईएनएच न्यूज, संडे मूवी मस्ती एंजॉय करने पहुंची। छात्र-छात्राओं ने कहा कि हर साल उनकी गर्मी की छुट्टियों को हरिभूमि-आईएनएच न्यूज फूल इंटरटेनिंग बनाता है। इस साल भी मनपसंद मूवी देखने का अवसर मिला है, जिससे हमारा समर वेकेशन यादगार बन रहा है।

### संडे मूवी मस्ती के विशेष सहयोगी

हरिभूमि-आईएनएच न्यूज, संडे मूवी मस्ती के विशेष सहयोगियों में श्याम टॉकीज बूढ़ातालाब, स्पॉन्सर अविनाश ग्रुप, सिंघानिया ग्रुप, मैजिक पेंट, नारायणा एनएचएमएमआई, श्रीनारायणा हॉस्पिटल, श्रीबालाजी बिल्डर, श्रीस्वास्तिक, रहेजा ग्रुप, हर्षित सिंघानिया बिल्डकॉन, कलिंगा यूनिवर्सिटी, जायका ऑटोमोबाइल, शिवनाथ हुंडई, रालास मोटर्स, स्काई ऑटो, निराकार हॉस्पिटल, खंडेलवाल पॉली क्लीनिक, हीरा बेकरी, न्यूज 21 प्लस, सिंघानिया सरोवर पोर्टिको, बावर्ची रेस्टोरेंट शामिल हैं।

---

**समाज लाइव**

## टूटते रिश्ते, बिखरते परिवार को संवारने किया विधवा, विधुर-तलाकशुदा परिचय सम्मेलन



**रायपुर।** अग्रवाल सभा ने लभांडी स्थित अग्रसेन धाम में रविवार को टूटते रिश्ते और बिखरते परिवार को संवारने पर जोर देते हुए विधवा, विधुर और तलाकशुदा महिलाओं और पुरुषों को दोबारा जीवन शुरू करने के लिए परिचय सम्मेलन का आयोजन किया। सभा के प्रचार प्रभारी योगेश अग्रवाल ने बताया कि सुबह 11 बजे सम्मेलन का शुभारंभ समाजसेवी सुरेश गोयल एवं सीएसआईडीसी के प्रमुख राजीव अग्रवाल द्वारा विधि-विधान से किया गया। मंच पर अग्रवाल सभा रायपुर के अध्यक्ष विजय कुमार अग्रवाल, महामंत्री मनमोहन अग्रवाल, कोषाध्यक्ष प्रेमचन्द अग्रवाल और संरक्षक सियाराम अग्रवाल, ईश्वर प्रसाद अग्रवाल, हनुमान प्रसाद अग्रवाल, संगठन मंत्री योगी अग्रवाल, परिचय सम्मेलन प्रभारी बिसम्बर अग्रवाल ने गरिमामय सम्मेलन में पंजीयन करवाने वाले 151 महिलाओं, पुरुषों को दोबारा जीवन शुरू करने के लिए अवसर दिया।

### 100 पुरुषों, 30 महिलाओं ने दिया परिचय

समाज प्रमुखों की मौजूदगी में एक तरफ जहां पुरुषों और महिलाओं ने दोबारा घर बसाने से पहले भावी जीवन साथी कैसा हो, यह बताने का प्रयास किया। वहीं, मंच के सामने बैठे उनके परिजनों ने रिश्ते को लेकर बातचीत का सिलसिला शुरू किया। मीडिया प्रभारी ने बताया कि समाज लोगों को रिश्ता तलाशने में होने वाली समय की बर्बादी से बचाने के लिए परिचय सम्मेलन आयोजित कर मंच प्रदान करता है। सम्मेलन को सफल बनाने में सह प्रभारी डॉ. नीरज अग्रवाल, अग्रवाल महिला मंडल अध्यक्षा ममता अग्रवाल, युवा मंडल अध्यक्ष सौरभ अग्रवाल, युवती मंडल अध्यक्षा कंचन अग्रवाल ने सहयोग दिया। वहीं, परिचय पुस्तिका का विमोचन किया गया। युवा मंडल द्वारा योग दिवस पर आयोजित किए जा रहे एक्वायोगा के पोस्टर का विमोचन किया गया।

## फिट रहने के लिए रायपुरियंस ने चलाई साइकिल



**रायपुर।** विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर आउटडोर स्टेडियम के पास 'संडे ऑन साइकिल' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें बच्चे, युवा समेत सभी वर्गों के लोगों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में पुलिस कमिश्नर संजीव शुक्ला व महापौर मीनल चौबे समेत पुलिस के जवानों ने भी साइकिलिंग के लिए प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ाया। आउटडोर स्टेडियम से प्रतिभागियों ने तेलीबांधा तालाब मरीन ड्राइव तक साइकिलिंग कीं। कार्यक्रम में रायपुर महापौर की उपस्थिति ने प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ाया। युवाओं, बच्चों एवं नागरिकों ने साइकिलिंग कर फिटनेस, स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। पुलिस कमिश्नर संजीव शुक्ला ने भी 'साइकिल अपनाएं, स्वस्थ और फिट भारत बनाएं' के लिए प्रेरित किया।





## पूर्व सैन्य अधिकारी कर्नल अविनाश सिंह सर्वश्रेष्ठ अंतरराष्ट्रीय प्राचार्य से हुए सम्मानित

**रायपुर।** भारत के प्रमुख ऐतिहासिक विद्यालयों में से एक राजकुमार कॉलेज के प्राचार्य कर्नल अविनाश सिंह (सेवानिवृत्त) को प्रतिष्ठित सर्वश्रेष्ठ अंतरराष्ट्रीय प्राचार्य 2026 सम्मान से सम्मानित किया गया है। यह लगातार दूसरा वर्ष है, जब उन्हें यह सम्मान विद्यालय की साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन ओलंपियाड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन और उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए प्रदान किया गया है। यह पुरस्कार नई दिल्ली में न्यायमूर्ति विजय बिश्नोई (सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया के माननीय न्यायाधीश) द्वारा प्रदान किया गया। इससे पूर्व कर्नल सिंह को शिक्षा के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए जीएसएलसी द्वारा एड्यूबीकन ऑफ द ईयर 2025 सम्मान से भी नवाजा जा चुका है। एक प्रतिष्ठित सैनिक-शिक्षाविद्, लेफ्टिनेंट कर्नल अविनाश सिंह को वर्ष 1985 में भारतीय सेना की प्रसिद्ध स्किनर्स हॉर्स रेजिमेंट में कमीशन प्राप्त हुआ था। यह भारतीय सेना की सबसे पुरानी और गौरवशाली घुड़सवार रेजिमेंटों में से एक है, जिसका इतिहास 200 से अधिक वर्षों का है। वे प्रतिष्ठित डिफेंस सर्विसेज स्टाफ कॉलेज के स्नातक हैं।



### बारामूला डिवीजन में ऑपरेशन्स में थे शामिल

सैन्य कॅरियर के दौरान उन्होंने कई महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया, जिनमें नागालैंड डिवीजन में इंटेलिजेंस प्रमुख तथा बारामूला डिवीजन में ऑपरेशन्स प्रमुख के पद शामिल हैं। इसके अतिरिक्त उन्होंने आर्मर्ड कॉर्प्स सेंटर एंड स्कूल, सेंट्रल कमांड तथा सदर्न कमांड में भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाईं। सेना से समय पूर्व सेवानिवृत्ति के पश्चात वर्ष 2007 में उन्होंने राजकुमार कॉलेज, रायपुर का नेतृत्व संभाला। तब से वे शिक्षा और खेलों के क्षेत्र में आधुनिक मानकों को स्थापित करने तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। उनके नेतृत्व में विद्यालय ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अनेक उपलब्धियां अर्जित की हैं।

---

**सिटी लाइव**

## 23 वर्षों बाद मिले पुराने दोस्त स्कूल की यादें कीं ताजा



**रायपुर।** रविवार को सरस्वती ज्ञानोदय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के वर्ष 2003 बैच के छात्र-छात्राओं का मिलन समारोह आयोजित किया गया। 23 वर्षों बाद एक-दूसरे से मिलकर सभी पूर्व छात्र-छात्राओं ने अपने विद्यालयीन दिनों की यादें ताजा कीं तथा पुराने किस्से साझा किए। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी साथियों ने पुनः अपना परिचय दिया और अपने वर्तमान कार्यक्षेत्र एवं जीवन की उपलब्धियों से एक-दूसरे को अवगत कराया। लंबे अंतराल के बाद हुए इस मिलन समारोह में आत्मीयता, उत्साह और पुरानी मित्रता की झलक देखने को मिली। समारोह में अरुण केशरवानी, राम किंकर अग्रवाल, मोहित देशपांडे, निखिल मखीजा, जैकी मखीजा, विशाल केशवानी, रितेश रंगलानी, वरुण मुकाती, चित्रभान राठौर, कीर्ति पटेल, निलेश अजवानी, धनंजय पटेल, सुनील नागवानी, प्रकाश थेर, रियाजुद्दीन शेख, योगेश सिंघानिया, प्रिय जैन, अर्पिता देशमुख, दीपसिखा, हितेश वैरागड़े, तेजस खोडियार, मितुल पटेल, दीपिका मानिकपुरी तथा अभिषेक सहित अन्य पूर्व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने भविष्य में भी इस प्रकार के आयोजनों को नियमित रूप से आयोजित करने का संकल्प लिया।

### रोटरी इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3261 का आभार मित्रों का समारोह में पहुंचे देश भर के रोटेरियन

## 500 रोटेरियन 365 दिन समाज सेवा की अनूठी मिसाल बनकर हजारों लोगों के जीवन में बिखेर रहे हैं खुशियां

**कार्नर न्यूज**

**रायपुर।** रोटरी इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3261 का 'आभार मित्रों का' समारोह देश भर के रोटेरियन की मौजूदगी से यादगार बना। रविवार को वीआईपी रोड स्थित होटल बेबीलोन कैपिटल में सुबह 10 बजे भव्य समारोह का आयोजन हुआ। समारोह में मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ एवं ओडिशा के विभिन्न रोटरी क्लबों से जुड़े 500 से अधिक रोटेरियन पहुंचे। डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटे अमित पल्लवी जायसवाल के नेतृत्व में आयोजित इस समारोह में वर्षभर रोटरी के सात प्रमुख कार्यक्षेत्रों में किए गए उत्कृष्ट सेवा कार्यों, नवाचारों एवं समाजहित में उल्लेखनीय योगदान देने वाले क्लबों एवं रोटेरियन्स का मंच से सम्मान और संवाद का अनूठा संगम हुआ। इस समारोह को नेपाल से पहुंचे मुख्य अतिथि रोटे वासुदेव गोलियान (डायरेक्टर रोटरी इंटरनेशनल 2027-29) और विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व प्रांतपाल एवं राज्यसभा सांसद विवेक कृष्ण तन्खा की उपस्थिति ने खास बनाया। डिस्ट्रिक्ट मीडिया चेयरमैन रोटे नितिन जैन ने बताया कि यह समारोह रोटरी क्लब धमतरी के तत्वावधान में आयोजित किया गया। समारोह में डिस्ट्रिक्ट की वर्षभर की उपलब्धियों, सेवा परियोजनाओं एवं सदस्यता विकास की सफलताओं को मंच से साझा किया गया। यह आयोजन रोटरी के मूल मंत्र सर्विस एबो सेल्फ को समर्पित रहा। आभार मित्रों का केवल एक सम्मान समारोह नहीं, बल्कि उन सैकड़ों सेवा योद्धाओं के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर है, जिन्होंने पूरे वर्ष समाज के विभिन्न वर्गों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए निरंतर कार्य किया है। समारोह में रोटेरियन का उत्साह देखते ही बना।



### रोटरी की सेवा भावना समाज के लिए प्रेरणास्रोत : तन्खा



मुख्य अतिथि वासुदेव गोलियान ने बताया कि रोटरी वर्ष 2025-26 में प्रांतपाल अमित जायसवाल के नेतृत्व में डिस्ट्रिक्ट 3261 द्वारा उत्कृष्ट लीडरशिप में डिस्ट्रिक्ट आज भारत के तीन जोनों के 28 डिस्ट्रिक्ट्स में अग्रणी 10 डिस्ट्रिक्ट्स में स्थान प्राप्त कर चुका है। विशिष्ट अतिथि विवेक कृष्ण तन्खा ने जल संरक्षण, पर्यावरण संवर्धन और शिक्षा के क्षेत्र में किए गए कार्यों के लिए सभी क्लब अध्यक्षों, सचिवों एवं डिस्ट्रिक्ट टीम को बधाई देते हुए कहा कि रोटरी की सेवा भावना समाज के लिए प्रेरणास्रोत है।

### हैप्पी स्कूल स्किम से बदली शिक्षा का स्वरूप

रोटरी क्लब पिनाकल की प्रेसिडेंट डॉ. पूर्वा रोजिंदार ने बताया कि वह पिछले 7 सालों से रोटरी इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3261 का हिस्सा हूं। रोटरी क्लब पिनाकल की प्रेसिडेंट के तौर पर अपनी टीम के साथ मिलकर हैप्पी स्कूल स्किम चला रही हूं। इसमें शहर के स्कूलों को गोद लेकर उसकी मूलभूत सुविधाओं के विकास, छात्र-छात्राओं की आर्थिक मदद, शिक्षा के लिए प्रेरित करना और स्कूलों में हर महीने भोजन प्रदान करने का कार्य कर रही हैं। डॉ. पूर्वा रोजिंदार ने कहा कि यह हमारे आसपास शिक्षा के स्वरूप को सशक्त व उच्च स्तर पर पहुंचाने का प्रयास मात्र है।

### 367 उत्कृष्ट योगदान को अवार्ड


डिस्ट्रिक्ट के अंतर्गत आने वाले 100 से अधिक रोटरी क्लबों के अध्यक्षों, सचिवों एवं सदस्यों ने वर्षभर शिक्षा, स्वास्थ्य, जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण, सामुदायिक एवं आर्थिक विकास जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय सेवा कार्य किए हैं। इन कार्यों एवं परियोजनाओं के मूल्यांकन के उपरांत विभिन्न श्रेणियों में 367 अवार्ड प्रदान किए गए।

### रोटेरियन्स ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से बांधा समां

कार्यक्रम का विशेष आकर्षण भारत के विभिन्न प्रांतों से पधारे रोटेरियन्स द्वारा दिए रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां रहीं। समारोह में रोटेरियन्स ने मंच पर देश की सांस्कृतिक छटा बिखेरते हुए नृत्य एवं संगीत से समां बांध दिया। गीत-संगीत, समूह प्रस्तुतियों ने समारोह में मनोरंजन का तड़का लगाया। डिस्ट्रिक्ट पदाधिकारियों, क्लब अध्यक्ष एवं सचिव एक साथ मंच पर जमकर झूमे। इससे समारोह में उत्साह, मनोरंजन एवं आत्मीयता का विशेष वातावरण निर्मित हुआ।

हेल्थ टिप्स

## गर्मी में घमोरियों की परेशानी को दूर करेंगे कुछ देसी नुस्खे



चंदन और गुलाब जल का लेप त्वचा को ठंडक पहुंचा सकता है। एलोवेरा जेल लगाने से जलन और खुजली में राहत मिल सकती है। ठंडे पानी से स्नान करें। सूती कपड़े पहनें। शरीर को हाइड्रेट रखें। गर्मी का मौसम अपने साथ कई तरह की त्वचा संबंधी समस्याएं लेकर आता है। इनमें सबसे आम समस्या है घमोरियां । तेज धूप, अधिक पसीना और उमस भरा मौसम त्वचा के रोमछिद्रों को बंद कर देता है, जिससे शरीर पर छोटे-छोटे लाल दाने, जलन और खुजली की समस्या होने लगती है। बच्चे हों या बड़े, घमोरियां किसी को भी परेशान कर सकती हैं।

घमोरियों की वजह से न सिर्फ असहजता महसूस होती है, बल्कि कई बार त्वचा में जलन और संक्रमण का खतरा भी बढ़ जाता है। ऐसे में लोग महंगे पाउडर और क्रीम का इस्तेमाल करते हैं, लेकिन कई घरेलू उपाय भी इस समस्या में राहत पहुंचा सकते हैं।

भारतीय घरों में सदियों से कुछ प्राकृतिक नुस्खों का उपयोग त्वचा को ठंडक पहुंचाने और घमोरियों से राहत पाने के लिए किया जाता रहा है। इन उपायों में मौजूद प्राकृतिक गुण त्वचा को आराम देने में मदद कर सकते हैं। हालांकि, यदि समस्या गंभीर हो, पस बनने लगे या लंबे समय तक बनी रहे तो डॉक्टर की सलाह लेना जरूरी है।

आइए जानते हैं कि गर्मी में घमोरियों से राहत पाने के लिए कौन-से देसी उपाय अपनाए जा सकते हैं और किन बातों का ध्यान रखना चाहिए।

### घमोरियां क्यों होती हैं?

घमोरियां गर्मियों में होती है। इसका कारण है पसीने की ग्रंथियां बंद होना। अत्यधिक पसीना आने पर त्वचा के छिद्र बंद हो सकते हैं। उमस और गर्म वातावरण जोखिम बढ़ाता है। टाइट और सिंथेटिक कपड़े समस्या को बढ़ा सकते हैं। बच्चों और अधिक पसीना आने वाले लोगों में यह ज्यादा देखने को मिलती है। घमोरियों में कौन-सा देसी उपाय राहत दे सकता है?

### एलोवेरा और गुलाब जल

ताजा एलोवेरा जेल त्वचा को ठंडक



पहुंचाने में मदद कर सकता है। गुलाब जल त्वचा को तरोताजा महसूस करा सकता है। दोनों का उपयोग त्वचा की जलन कम करने में सहायक माना जाता है। पहले त्वचा के छोटे हिस्से पर परीक्षण कर लें।

### घमोरियों से बचने के लिए क्या करें?

दिन में पर्याप्त पानी पिएं। ढीले और सूती कपड़े पहनें। अधिक देर तक पसीने वाले कपड़े न पहनें। धूप से लौटने के बाद स्नान करें। त्वचा को साफ और सूखा रखें।

### क्या खानपान का भी असर पड़ता है?

घमोरियां से बचने के लिए शरीर को ठंडा रखना जरूरी है। नारियल पानी, छाछ और मौसमी फल लें। अधिक तला-भुना और मसालेदार भोजन कम करें। खीरा, तरबूज और खरबूजा जैसे पानी से भरपूर खाद्य पदार्थ खाएं। शरीर में पानी की कमी न होने दें।

### डॉक्टर से कब संपर्क करना चाहिए?

घमोरियां में कुछ लक्षणों को नजरअंदाज न करें। अगर ये लक्षण या संकेत दिखें तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें। जैसे, घमोरियों में तेज दर्द हो। पस या संक्रमण दिखाई दे। बुखार के साथ समस्या बढ़े। घरेलू उपायों के बावजूद आराम न मिले। त्वचा पर सूजन या गंभीर एलर्जी हो जाए। ध्यान दें: घरेलू उपाय सभी लोगों पर समान प्रभाव नहीं दिखाते। यदि लक्षण गंभीर हों तो चिकित्सकीय सलाह लें।



फिटनेस एक्सपर्ट की राय जरूर जानिए पोस्टपार्टम पर

# नई मां के लिए पोस्टपार्टम चुनौतियों का सामना करना हो सकता है मुश्किल, कुछ कदम उठा कर बन सकती है स्वस्थ एवं मजबूत

नई मां बनने के बाद पोस्टपार्टम चुनौतियों का सामना कितना मुश्किल होता है, फिटनेस एक्सपर्ट सुचेता पाल अपने अनुभव के साथ बताती हैं। जानें कैसे नई माताएं इन समस्याओं से लड़ सकती हैं और स्वस्थ एवं मजबूत बन सकती हैं।

हमने कई बार और कई लोगों के मुंह से यह बात सुनी होगी 'मां बनना आसान नहीं होता है।' इस बात में कितनी सच्चाई यह तो एक और मां बनकर ही जान सकती है। मगर मां बनने के बाद जो मानसिक और शारीरिक चुनौतियां आती हैं, उनके बारे में खुलकर बात करना बहुत जरूरी है। खासतौर पर तब जब महिला वर्किंग मॉम हो। मैं खुद एक मां और मैटर्नल फिटनेस एड्युकेटर हूं। मेरा अनुभव है कि 6 महीनी की मैटर्निटी लीव एक नई मां के लिए कई लिहाज से सफिशियंट नहीं है। खासतौर पर उसके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य की बात की जाए, तो बच्चा पैदा करने के 1 साल बात तक भी महिलाएं पूरी तौर पर शारीरिक और मानसिक रूप से रिकवर नहीं कर पाती हैं। पोस्टपार्टम से जुड़ी चुनौतियों का सामना उन्हें कई बार तो 1 वर्ष से अधिक समय तक भी करना पड़ता है। ऐसे में जब महिला अपनी वर्कप्लेस पर वापस लौटती है, तो लोगों की उम्मीद उससे वैसी ही होती है,



जैसे मां बनने से पहले थी। लोग उसके एफिशियंट होने पर भी सवाल उठा देते हैं। मगर लोगों को नहीं पता होता है कि पोस्टव डिलिवरी एक महिला को सेहत से जुड़ी किन परिस्थितियों से गुजरा पड़ सकता है।₹

### न्यू मॉम की फिटनेस के बारे में समझें



यह स्वकभाविक है कि वर्कप्लोस पर हमारे कलीग्से हमसे उसी तरह के काम और एफर्ट्स की अपेक्षा करते हैं, जैसा वो कर रहे हैं। इसमें कोई गलत बात भी नहीं है, मगर मैटरनिटी लीव के बाद जब एक महिला वापिस काप पर लौटती है, तो वापस से काम से जुड़ने में और उसे समझने में उसे थोड़ा वक्तज लग सकता है। दरअसल, एक नई मां कई चीजों से डील कर रही होती है। शारीरिक रूप से वह पूरी तरह से स्वास्थ्‍ मह नहीं हो पाती है, वहीं मानसिक और भावनात्म क रूप से भी वह कई परिस्थितियों का सामना कर रही होती है। सभी माताओं के साथ अलग-अलग सिचुएशन होती है, ऐसे में उन्हेंत एडजस्टर होने के लिए थोड़ी स्पोस और वक्त मिलना बहुत ही आवश्यरक है।

### कमजोरी और अस्थिरता

एक मैटरनल फिटनेस एड्युकेटर होने के नाते मैंने कई ऐसी न्यूट मॉम्से को देखा है, पोस्टि डिलिविरी डायस्टेसिस रेक्टि नामक परेशानी से जूझ रही होती हैं। दरअसल, प्रेग्नेंमसी के दौरान पेट की मांसपेशियां अलग हो जाती हैं। इसे डिलिवरी के बाद ठीक होने में समय लगता है। इससे हर वक्त लगता है कि पेट लटक रहा है। जाहिर है, महिला का शरीर वैसा नहीं दिखता जैसा पहले दिखता था। ऐसे में लो कॉन्फिडेंस का होना न्यूह मॉम के लिए बहुत बड़ी चुनौती होता है।


### पेल्विक फ्लोर समस्याएं



जरा सोचिए कि आपको थोड़ी-थोड़ी देर में वॉशरूम जाना पड़े और आपसे 1 मिनट भी न रुका जाए। जाहिर, वर्कप्लेसि पर यह परेशानी आपको कई बार बहुत ऑकवर्ड फील कराती है। दरअसल, ऐसा पेल्विक फ्लोर के कमजोर होने के कारण होता है। ऐसे में आपको पता भी नहीं चलता और पेशाब का रिसाव होने लगता है। कई बार आपको भारीपन महसूस होता है। पोस्टं डिलिवरी यह बहुत ही आम समस्यास है। हर महिला के साथ ऐसा नहीं होता मगर 3 में से 1 महिला के साथ ऐसा हो सकता है। इस पर खुलकर चर्चा जरूरी है ताकि न्यू मदर के साथ जब ऐसा हो तो उसके आस-पास के लोग उसकी परेशानी को समझ पाएं।

### पीठ दर्द का होना

प्रेग्नें सी और पोस्टे प्रेग्नेंसी महिलों के शरीर में कई हार्मोनल बदलाव होते हैं। इससे उनके लिगामेंट्स ढीले हो जाते हैं, जिससे एक ही मुद्रा में बैठे रहना और बहुत अधिक चलना या खड़े रहना भी उनके लिए मुमकिन नहीं होता है। यहां भी उन्हें सपोर्ट की जरूरत होती है। कई बार महिलाएं इस बारे में बात नहीं कर पाती हैं। अनुशासन और ऑफिस डेकोरम के चलते वो अपनी तकलीफों को नजरअंदाज भी करती हैं, मगर कलीग्से का सपोर्ट मिल जाए तो मुश्किल काम भी उनके लिए आसान हो जाता है।



## दोस्तों की जगह महिलाएं एआई से ले रही हैं सलाह, रिलेशनशिप में आया बदलाव

आज के डिजिटल दौर में एआई टूल्स ने हमारे कई कामों को आसान बना दिया है। वहीं, एआई टूल्स अब रिलेशनशिप एडवाइजर भी बन चुके हैं। आजकल महिलाएं एआई से अपने रिश्ते को लेकर सलाह ले रही हैं। आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में लोगों के पास एक-दूसरे के लिए ज्यादा समय नहीं है और अब तो डिजिटल दुनिया में महिलाएं अपने रिश्तों की उलझनों को सुलझाने के लिए दोस्तों या काउंसलर के पास भी कम ही जा रही हैं। महिलाएं अब खुलकर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) टूल्स से सलाह ले रही हैं, बिना किसी झिझक के! चाहे ब्रेकअप के बाद क्या करना है या किसी रिश्ते में क्या बोलना है, ऐसे सभी सवालों के जवाब उन्हें एआई टूल्स से मिल पा रहे हैं। अगर आपको लग रहा है कि यह सिर्फ एक नया ट्रेंड है, तो आप शायद गलत हैं। असल में, लोग अब अपनी भावनाओं को किसी इंसान से कहने के बजाय टेक्नोलॉजी से कहना ज्यादा पसंद कर रहे हैं। आइए जानते हैं कि आजकल औरतें अपने रिश्तों में मदद पाने के लिए इंसानों की जगह एआई को क्यों चुन रही हैं। जब हमारी लव लाइफ में कुछ गड़बड़ होती है, तो हम अक्सर अपने दोस्तों या घर के लोगों से सलाह मांगते हैं। लेकिन कई बार उनकी सलाह में उनकी अपनी सोच या इमोशन मिले होते हैं। वो भले ही हमारी भलाई चाहते हों, पर वो अपने हिसाब से ही हमें राय देते हैं। इसीलिए आजकल महिलाएं ऐसी सलाह के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की मदद ले रही हैं, जो बिना किसी का साथ दिए सिर्फ आपकी बात सुने और समझदारी से जवाब दे।



### जब भी जरूरत हो, तुरंत और पर्सनल मदद

कई बार जब हमारा दिल टूट जाता है या हम परेशान होते हैं, तो हमें किसी से बात करने का मन करता है, लेकिन जरूरी नहीं कि उस समय कोई दोस्त या अपना हमारे पास हो। ऐसे में एआई चैटबॉट तुरंत जवाब देता है। चाहे रात के दो बज रहे हों या जब हमें अकेलापन महसूस हो रहा हो।

# सरगुजा टायगर्स ने बस्तर बायसंस को 18 रनों से हराया



राहुल प्रधान -75 रन



हर्ष यादव -2 विकेट



अनुज तिवारी-50 रन

छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा छत्तीसगढ़ क्रिकेट प्रीमियर लीग (सी.सी.पी.एल.) के तृतीय संस्करण का आयोजन 03 जून से 14 जून तक शहीद वीर नारायण सिंह अंर्तराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, नवा रायपुर में किया जा रहा है। रविवार का पहला मैच सरगुजा टायगर्स तथा बस्तर बायसंस के मध्य खेला गया। बस्तर बायसंस ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय किया। सरगुजा टायगर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुये निर्धारित 20 ओवरों में 8 विकेट खोकर 204 रनों का विशाल स्कोर बनाया। सरगुजा टायगर्स की ओर से प्रारंभिक बल्लेबाज आशुतोष सिंह ने 52 रनों का योगदान दिया, साथ ही कृतेश साहु ने 42 रन तथा आनंद राव ने 41 रन बनाये। बस्तर बायसंस की ओर से विजय यादव ने 3 विकेट प्राप्त किये। 205 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी बस्तर बायसंस ने 20 ओवरों में 7 विकेट खोकर 186 रन ही बना पाई। बस्तर बायसंस की ओर से राहुल प्रधान ने 75 रन तथा अनुज तिवारी ने 50 रन बनाये। सरगुजा टायगर्स की ओर से वासुदेव बरेठ ने 3 विकेट, स्नेहिल चडडा तथा हर्श यादव ने 2-2 विकेट प्राप्त किये। सरगुजा टायगर्स ने 18 रनों से मैच जीत लिया। वासुदेव बरेथ प्लेयर ऑफ द मैच रहे।

इस श्रृंखला में 8 जून को अपराह्न 3 बजे से रायपुर राइनोज विरुद्ध बिलासपुर बुल्स, शाम 7:30 बजे से सरगुजा टाइगर्स विरुद्ध राजनांदगांव पैंथर्स, 9 जून को अपराह्न 3 बजे से राजनांदगांव पैंथर्स विरुद्ध बस्तर बाइसंस, शाम 7:30 बजे से रायपुर राइनोज विरुद्ध रायगढ़ लायंस, 10 जून को अपराह्न 3 बजे से रायगढ़ लायंस विरुद्ध बस्तर बाइसंस, शाम 7:30 बजे से बिलासपुर बुल्स विरुद्ध सरगुजा टाइगर्स के बीच मैच होगा।

# तेजी से फैट लॉस के लिए बढ़ रहा है ड्राई फास्टिंग का चलन, इंटरमिंटेंट फास्टिंग से है बिल्कुल अलग

आज का जमाना शॉर्ट कट का है और इसलिए लोग हर चीज फटाफट पाना चाहते हैं। यहां तक कि अगर उन्हें फैट लॉस करके बॉडी को शेप में लाना हो, तब भी वे इसके लिए इंतजार नहीं करना चाहते हैं। ऐसे में वे उन तरीकों के बारे में खोजते हैं, जो कम से कम समय में उन्हें बेहतर रिजल्ट दे सकें। यही वजह है कि लोग ड्राई फास्टिंग करना पसंद करते हैं। ड्राई फास्टिंग करना इंटरमिटेंट फास्टिंग का भी नेक्स्ट लेवल माना जाता है, क्योंकि इसमें आपको ना तो कुछ खाना होता है और ना ही कुछ पीना होता है। यहां तक कि पानी भी नहीं। ऐसा माना जाता है कि इससे काफी जल्दी फैट बर्न होता है, क्योंकि शरीर फैट को एनर्जी में बदलता है और फैट सेल्स से पानी निकालकर उन्हें बर्न करता है। साथ ही, सेल रिपेयर में भी मदद मिलती है और डाइजेशन को पूरा आराम मिलता है। ड्राई फास्टिंग को कम समय में फैट बर्न करने का एक अच्छा तरीका माना गया है, लेकिन यह थोड़ा एक्सट्रीम लेवल है और इसलिए इसे ध्यान से किया जाना चाहिए। अगर इसमें गड़बड़ की जाती है तो इससे आपकी सेहत पर भी उल्टा असर पड़ सकता है।

# केले के छिलकों की मदद से झटपट चमकाए वुडन आइटम

अगर आप अपने घर में मौजूद वुडन आइटम्स को नेचुरल तरीके से क्लीन करना चाहती हैं और उन्हें लंबे समय तक नया बनाए रखना चाहती हैं तो ऐसे में केले के छिलके का इस्तेमाल किया जा सकता है।

### लकड़ी का फर्नीचर चमकाएं


लकड़ी के फर्नीचर की चमक को वापिस लाने के लिए केले के छिलके की मदद ले सकते हैं। इसके लिए पके हुए केले के छिलके के अंदरूनी सफेद हिस्से की मदद से लकड़ी के फर्नीचर को हल्के हाथ से रब करें। दरअसल, इसमें मौजूद नेचुरल ऑयल और पोटैशियम लकड़ी को नमी देते हैं और उसमें चमक लौटाते हैं। फर्नीचर को रगड़ने के बाद एक साफ सूखे कपड़े से हल्के हाथ से पोंछें। इससे फर्नीचर और भी चमकने लगेगा।

### लकड़ी के फर्श के दाग करें साफ

लकड़ी के फर्श पर अगर गलती से छोटे दाग या स्क्रैच हों तो ऐसे में केले के छिलके को सीधे उस जगह रगड़ें। इससे ना केवल हल्के स्क्रैच को भरने में मदद मिलेगी, बल्कि लकड़ी को पोषण भी मिलेगा।













## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

# 'रैम्बो' की नई प्रीक्वल 'जॉन रैम्बो' में मुख्य भूमिका निभाएंगे नोआ



सिल्वेस्टर स्टेलोन की मशहूर फिल्म 'रैम्बो' सीरीज की अगली फिल्म 'जॉन रैम्बो' जल्द ही सिनेमाघरों में दस्तक देगी। आज निर्माताओं ने फिल्म की रिलीज डेट की घोषणा कर दी है। इस फिल्म में सिल्वेस्टर स्टेलोन नहीं बल्कि नोआ सेंटिनियो मुख्य भूमिका में नजर आएंगे।

'जॉन रैम्बो' फिल्म 'रैम्बो' के शुरुआती दिनों की कहानी दिखाएगी, जो 1982 में आई इस सीरीज की पहली फिल्म 'फर्स्ट ब्लड' से भी पहले के समय पर आधारित है। 'जॉन रैम्बो' 4 जून, 2027 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म में मुख्य भूमिका नोआ सेंटिनियो निभाएंगे।

इस फिल्म में सिल्वेस्टर स्टेलोन की जगह अब नोआ सेंटिनियो मुख्य किरदार 'जॉनी रैम्बो' के रूप में नजर आएंगे। इस फिल्म में 'मेजर ट्रॉटमैन' की भूमिका डेविड हार्बर निभाएंगे। उनके साथ जेम्स फ्रैंको, जेसन टोबिन और क्विंसी यशायाह जैसे कई बाकी कलाकार भी अहम रोल में दिखेंगे। इस एक्शन फिल्म का निर्देशन जलमारी हेलैंडर ने किया है, जो अपनी फिल्म 'सिसू' के लिए जाने जाते हैं। सिल्वेस्टर स्टेलोन और मार्वल फिल्मों के मशहूर निर्देशक 'रुसो ब्रदर्स' (एंथनी और जो रुसो) इस फिल्म के एग्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर हैं। यह पूरी सीरीज 'जॉनी रैम्बो' नाम के एक अमेरिकी सेना के पूर्व सैनिक के इर्द-गिर्द घूमती है, जो वियतनाम युद्ध के खौफनाक अनुभवों से जूझ रहा है। आगे चलकर वह अपनी फौजी ट्रेनिंग और हुनर का इस्तेमाल भ्रष्ट पुलिस, दुश्मनों और ड्रग माफियाओं से लड़ने के लिए करता है।

### टॉलीवुड

# 'जन नायकन' की रिलीज डेट टलने पर डायरेक्टर का आ गया बयान



एक्टर से राजनेता बने विजय की आने वाली फिल्म 'जन नायकन' की रिलीज डेट अभी तक सामने नहीं आई है। इस बीच फिल्म के निर्देशक एच विनोद ने बड़ा बयान दिया है। तमिल सुपरस्टार और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री विजय की आखिरी फिल्म 'जन नायकन' पिछले पांच महीनों से सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन में अटकी हुई है। अब फिल्म की रिलीज को लेकर निर्देशक एच विनोद ने प्रतिक्रिया दी है। हाल ही में फिल्म परिमला एंड को के प्रमोशनल इंटरव्यू के दौरान विनोद से इस फिल्म की रिलीज को लेकर सवाल पूछा गया। एसएस म्यूजिक पर हुए इंटरव्यू में विनोद के साथ पांडिराज, पा रंजीत, सैंडी मास्टर और संतोष भी मौजूद थे। बातचीत के दौरान एंकर ने उनसे पूछा, 'तमिलनाडु के लोग यह सवाल पहले ही पूछ चुके हैं, अब मैं भी पूछ रहा हूं- 'जन नायकन कब रिलीज होगी?' इस सवाल पर जहां एक तरफ दर्शक एक्साइटेड हो गए, वहीं विनोद ने थोड़ा रहस्यमय जवाब दिया। उन्होंने कहा, 'यह मेरे हाथ में नहीं है। सच बताने की हिम्मत भी मेरे पास नहीं है।' डायरेक्टर विनोद ने फिल्म के रिलीज को लेकर ये बयान दिया। इससे पहले जब बॉबी देओल ने अमर उजाला से बात की थी, तो उन्होंने कहा था- 'यह फिल्म कब रिलीज होगी इसकी कोई जानकारी मुझे अब तक मिली नहीं है। हो सकता है कि यह अगले महीने विजय के जन्मदिन पर रिलीज हो जाए।' एच विनोद की फिल्म 'जन नायकन' में विजय के साथ ममिता बैजू, बॉबी देओल और पूजा हेगड़े नजर आने वाले हैं। फिलहाल फिल्म की रिलीज डेट को लेकर अभी भी सस्पेंस बना हुआ है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म को पहली बार दिसंबर 2025 में सेंसर की जांच समिति को दिखाया गया था। उस समय कुछ सीन में बदलाव और कट्स बताए गए थे। मेकर्स ने बदलाव करने के बाद फिल्म दोबारा जमा की, लेकिन बाद में कुछ सीन को लेकर शिकायतें सामने आईं और मामला रिवाइजिंग कमेटी तक पहुंच गया।

### भोजपुरी

# 'पिया रखीह सेनुरवा के लाज' का फर्स्ट लुक रिलीज, 39 साल पुराना इतिहास दोहराएगी



भोजपुरी फिल्म 'पिया रखीह सेनुरवा के लाज' का फर्स्ट लुक रिलीज हो गया है, जिसमें प्रेम सिंह और रक्षा गुप्ता लीड रोल में हैं। फिल्म पारिवारिक मूल्यों, रिश्तों और भावनाओं पर आधारित है। इसी नाम से 39 साल पहले भी एक फिल्म आई थी और वह उस वक्त की सबसे ज्यादा कमाई वाली भोजपुरी फिल्म रही थी।

भोजपुरी फिल्म 'पिया रखीह सेनुरवा के लाज' का फर्स्ट लुक जारी कर दिया गया है। फिल्म के पोस्टर में भोजपुरी सिनेमा के लोकप्रिय एक्टर प्रेम सिंह और रक्षा गुप्ता की जोड़ी है। दोनों साथ में बेहद आकर्षक और दमदार अंदाज में नजर आ रहे हैं। फर्स्ट लुक रिलीज होते ही सोशल मीडिया पर भोजपुरी के फैंस के बीच फिल्म को लेकर उत्साह बढ़ गया है।

'पिया रखीह सेनुरवा के लाज' के प्रोड्यूसर सुरिंदर यादव हैं, जबकि निर्देशन की कमान विजय यादव ने संभाली है। को-प्रोड्यूसर महेन्द्र यादव हैं। फिल्म पारिवारिक मूल्यों, रिश्तों और भावनाओं पर आधारित बताई जा रही है, जिसमें मनोरंजन के साथ-साथ सामाजिक संदेश भी देखने को मिलेगा। प्रोड्यूसर सुरिंदर यादव ने कहा, 'पिया रखीह सेनुरवा के लाज' एक साफ-सुथरी, पारिवारिक और मनोरंजन से भरपूर भोजपुरी फिल्म है। फिल्म की कहानी समाज और परिवार के रिश्तों से जुड़ी हुई है, जिससे हर वर्ग के दर्शक खुद को जुड़ा हुआ महसूस करेंगे। आज भोजपुरी सिनेमा तेजी से बदल रहा है।

## चांद के पार




आर्टिस्टिक डायरेक्टर मैथ्यू ब्लेजी ने सार्वभौमिकता के विषय को मंच पर उतारने फैशन का सहारा लिया। मैथ्यू की कल्पनाशीलता देख कर लग रहा है कि मॉडल इस आकाशगंगा की सैर कर रहे हैं। उनकी डिजाइन की लोगों ने तारीफ की।

# शरारा और गरारा में फर्क, खरीदने से पहले जरूर जान लें



महिलाएं आज के समय में ऐसे कपड़े पहनना ज्यादा पसंद करती हैं, जो न सिर्फ खूबसूरत हों, बल्कि पहनने में कंफर्टेबल भी हों। कपड़े जितने आरामदायक होंगे, उन्हें उतनी ही देर तक पहना जा सकेगा। ऐसे में उन्हें शरारा सूट काफी पसंद आता है। शरारा और गरारा ये दो अलग-अलग आउटफिट होते हैं, जबकि ज्यादातर महिलाएं इन्हें एक जैसा ही समझती हैं। खरीदते वक्त भी वो ध्यान नहीं देतीं कि उन्होंने गरारा खरीदा है या फिर शरारा। इसी के चलते हम आपको शरारा और गरारा में फर्क आपको बताएंगे, ताकि आप अपने लिए सही आउटफिट का चयन कर सकें।



### कैसा होता है शरारा ?

सबसे पहले तो ये जान लें कि शरारा क्या होता है। शरारा एक तरह का प्लाजो ही होता है, जिसमें नीचे की तरफ काफी घेर होता है। इसमें किसी तरह का कोई जोड़ नहीं होता। ज्यादातर शरारा में गोटा-पट्टी का काम होता है। यदि कुर्ता हैवी है तो कई बार शरारा में सिर्फ घेर पर काम होता है।



### कैसा होता है गरारा ?

शरारा से गरारा सिर्फ इसलिए अलग होता है, क्योंकि उनमें जोड़ होता है। इसकी पहचान है कि इसमें घुटने के थोड़ा नीचे या फिर थोड़ा ऊपर एक जोड़ होता है। इसी जोड़ पर गरारा से घेर को अटैच किया जाता है। ये घुटनों तक अच्छी फिटिंग का यानी कि टाइट होता है, और घुटनों से नीचे इसमें घेर होता है।

### शरारा के साथ क्या-क्या पहन सकते हैं ?

यदि आप शरारा पहन रही हैं तो इसके साथ शॉर्ट कुर्ती, नी लेंथ कुर्ती कैरी कर सकती हैं। इसका लुक ज्यादातर एथनिक ही रहता है, जिस कारण आप इसे अपने कलेक्शन में अवश्य शामिल करें।

यदि गरारा पहनना है तो इसको आप एथनिक के साथ-साथ इंडो वेस्टर्न के अंदाज भी कैरी कर सकती हैं।

# बिना केमिकल वाला मॉइश्चराइजर अब घर पर करें तैयार

यदि आपको बाजार में मिलने वाले मॉइश्चराइजर सूट नहीं करते तो घर पर आसान विधि से इसे तैयार करें। यहां हम आपको मॉइश्चराइजर बनाने की विधि बताने जा रहे हैं। वैसे तो बाजार में तमाम तरह के मॉइश्चराइजर मिलते हैं, जो स्किन टाइप के हिसाब से ही होते हैं, पर कई बार ये किसी को सूट नहीं करते। ये मॉइश्चराइजर काफी महंगे भी आते हैं। ऐसे में ज्यादातर लोग इसे खरीदने से भी बचते हैं। इसी परेशानी को देखते हुए आप घर पर भी मॉइश्चराइजर तैयार कर सकते हैं। इस लेख में हम आपको आसान विधि से मॉइश्चराइजर तैयार करना बताएंगे। खास बात ये है कि इसे तैयार करने के लिए न तो किसी केमिकल की और न ही ज्यादा पैसों की जरूरत पड़ेगी। घर पर मॉइश्चराइजर बनाने एलोवेरा जेल–2, टेबल स्पून,नारियल तेल/बादाम तेल–1 टेबलस्पून, ग्लिसरीन–1 टीस्पून, विटामिन ई कैप्सूल और एसेंशियल ऑयल चाहिए।

### मॉइश्चराइजर बनाने की विधि

मॉइश्चराइजर बनाने के लिए सबसे पहले आपको सभी सामानों को अच्छी तरह से



मिक्स करने की जरूरत है। इसके लिए सबसे पहले एक कटोरी में एलोवेरा जेल और नारियल/बादाम तेल मिलाएं। इसके बाद उसमें ग्लिसरीन और विटामिन ई कैप्सूल का तेल मिलाएं। यदि आपको खुशबू पसंद है तो इसमें एसेंशियल ऑयल मिक्स करें। सामानों को मिक्स करने के बाद सबको अच्छे से फेंटें जब तक क्रीम जैसा टेक्सचर न बन जाए। बस ये मॉइश्चराइजर तैयार है। अब इसे एक साफ एयरटाइट कंटेनर में भरकर फ्रिज में रख सकते हैं।

### कैसे करें इस्तेमाल ?

अब जब आपने घर पर ही मॉइश्चराइजर बनाकर तैयार कर लिया है तो इसे रोजाना सुबह और रात को साफ चेहरे पर लगाएं। यदि आपके हाथ-पैर काफी रूखे हैं तो आप उनपर भी इस मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल कर सकते हैं। ये आपकी त्वचा को मुलायम बनाएगा।

### फायदे

त्वचा पर यदि आप नियमित रूप से इस मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल करेंगे तो ये आपकी स्किन को लंबे समय तक हाइड्रेटेड रखता है। इसमें जो एलोवेरा जेल मिक्स किया गया है, वो स्किन को कूलिंग पहुंचाता है। नारियल या बादाम तेल से स्किन सॉफ्ट बनती है, जिससे स्किन को काफी आराम मिलता है। ये मॉइश्चराइजर न सिर्फ काफी सस्ता है, बल्कि इसके इस्तेमाल से आपको किसी तरह का साइड इफेक्ट नहीं होगा।

# हर फंक्शन में चार-चांद लगा देंगे खास चांदबाली झुमके

किसी भी फंक्शन के मौके पर एक महिला खुद को खूब सजा-संवारकर खूबसूरत लुक देना चाहती है। यदि आपको किसी भी फंक्शन में अपना लुक परफेक्ट और ब्यूटीफुल बनाना है, तो उसके लिए चांदबाली झुमके बेस्ट हैं।

### कलरफुल बीड्स चांदबाली झुमके

यदि आपको अपना लुक खूबसूरत और एलिगेंट बनाना है, तो उसके लिए इस तरह के मीनाकारी चांदबाली झुमकों को ट्राई कर सकती हैं। इस झुमके में नीचे की साइड कलरफुल बीड्स भी लगे हुए हैं। ऐसे में आप इनको उस एथनिक ऑउटफिट के संग कैरी कर सकती हैं। जिसमें गोल्डन वर्क किया गया हो। इन झुमकों को पहनने के बाद अलग ही ग्रेस आता है। यह आपको आसानी से ऑनलाइन मिल 300 से 500 रुपये तक के बीच मिल जाएंगे।

### पर्ल विद मीनाकारी वर्क चांदबाली झुमके

किसी भी फंक्शन में अपने लुक को अट्रैक्टिव बनाने के लिए यह पर्ल विद मीनाकारी



चांदबाली झुमके बेस्ट हैं। इनको पहनकर आपका लुक बेहद क्लासी लगता है। खासकर यह इयररिंग्स लहंगों पर बहुत परफेक्ट लुक देते हैं। इनको आप किसी भी छोटे-बड़े फंक्शन के मौके पर स्टाइल कर सकती हैं। वहीं इस तरह के चांदबाली झुमके आपको आसानी से ऑनलाइन और ऑफलाइन मिल जाते हैं।

### कुंदन चांदबाली झुमके

रॉयल लुक के लिए आप कुंदन वर्क वाले चांदबाली झुमकों से नजरें नहीं हटा सकती हैं।कुंदन झुमके बहुत समय से पसंद किए जाते रहे हैं। ऐसे में यह आपके हर फंक्शन में लुक को ग्रेसफुल बना देंगे। अगर आपने इस तरह के कलरफुल वर्क वाले कुंदन चांदबाली झुमकों को किसी फंक्शन में पहन लिया तो उस पार्टी में आपका ही जलवा देखने को मिलेगा।


# गर्मी में बालों से आती है बू, गुलाब जल और लौंग की मदद से बनाएं हेयर परफ्यूम

अगर गर्मी के मौसम में आपके बालों से अजीब सी महक आती है तो ऐसे में आप गुलाब जल और लौंग की मदद से हेयर परफ्यूम बनाकर इस्तेमाल कर सकती हैं। सेलिब्रिटी मेकअप आर्टिस्ट और स्किन केयर एक्सपर्ट रिया वशिष्ट बता रही हैं कि गुलाब जल और लौंग की मदद से हेयर परफ्यूम किस तरह बनाएं-

लौंग सिर में रुसी को कम करने के साथ-साथ फंगल इंफेक्शन से बचाता है। इतना ही नहीं, इससे बालों की ग्रोथ भी बढ़ती है। वहीं, गुलाब जल स्कैल्प को ठंडक देता है और इससे बालों से हल्की खुशबू आती है। जब इन दोनों की मदद से हेयर परफ्यूम बनाया जाता है तो इससे ना केवल पसीने की बदबू दूर होती है, बल्कि आपके बाल अधिक फ्रेश फील करते हैं। इस हेयर परफ्यूम से हल्का एंटी-बैक्टीरियल असर भी होता है। हेयर परफ्यूम बनाने के लिए 1 बड़ा चम्मच लौंग, एक कप गुलाब जल, 3-4 बूंदें लैवेंडर एसेंशियल ऑयल और एक साफ़ स्प्रे बॉटल रख लीजिए।

### हेयर परफ्यूम कैसे बनाएं

सबसे पहले एक कप पानी में एक बड़ा चम्मच लौंग



डालकर 5-7 मिनट तक उबालिए। अब इसे ठंडा करके छान लीजिए। अब एक बाउल में आधा कप लौंग का पानी और आधा कप गुलाब जल मिलाइए। साथ ही, इसमें 3-4 बूंद एसेंशियल ऑयल डालकर मिक्स कीजिए। तैयार मिश्रण को एक साफ़ स्प्रे बॉटल में डाल दीजिए। हर बार इस्तेमाल से पहले हल्का हिला लीजिए। नहाने के बाद या जब भी बालों में ताज़गी चाहिए, हल्के से बालों की लेंथ पर स्प्रे करें। इसे थोड़े-थोड़े गीले बालों पर इस्तेमाल करना काफी अच्छा माना जाता है।

## कार्नर न्यूज


### कम खर्च में संवर जाएगी आपकी हेयर स्टाइल

# रिबन, क्लिप्स और लेस से बनाए आकर्षक हेयर स्टाइल, आसानी से मिलने वाली एक्सेसरीज देंगी आपको नया लुक

अगर आप मंहगी हेयर एक्सेसरीज नहीं खरीदना चाहतीं तो घर में मौजूद पुराने रिबन, क्लिप्स और लेस से भी आकर्षक हेयर स्टाइल बनाकर अपने लुक को संवार सकती हैं। आजकल महंगी हेयर एक्सेसरीज फैशन का हिस्सा बन गई हैं, लेकिन ये न केवल महंगी होती हैं, बल्कि बालों में फंसकर उन्हें नुकसान भी पहुंचा सकती हैं। ऐसे में घर में रखे पुराने रिबन, लेस और क्लिप्स से आप सुंदर डीआईवाई (डू इट योरसेल्फ) हेयर एक्सेसरीज बना सकती हैं। ये एक्सेसरीज बालों को बिना नुकसान पहुंचाए खूबसूरती से सजाती हैं और पारंपरिक तथा मॉडर्न, दोनों लुक में शानदार लगती हैं।

### रिबन चोटी

अगर आप किसी त्योहार या शादी के फंक्शन के लिए तैयार हो रही हैं तो रिबन की चोटी आपके लुक में चार चांद लगा सकती है। इसके लिए आपको कोई भी पुराना लेस या रिबन लेना होगा, जो रंगीन और चमकीला हो तो बेहतर होगा। बालों के एक हिस्से में रिबन को अच्छी तरह फंसाएं और फिर सामान्य तरीके से चोटी



बनाएं। इस तरह की चोटी न केवल सिंपल और आसान होती है, बल्कि यह आपके ट्रेडिशनल लुक को भी खास तथा आकर्षक बना देती है।

### क्लिप और लेस

इसके लिए सबसे पहले क्लिप की सतह को साफ करें। फिर अपनी पसंद के रंगीन या मिरर वर्क वाले लेस को क्लिप के आकार के अनुसार काट लें। इसके बाद क्लिप पर गोंद की मदद से लेस को सावधानी से चिपकाएं। आप लेस के किनारों को थोड़ा फोल्ड करके क्लिप में बेहतर फिट कर सकती हैं। चाहें तो छोटे फूलों या मोतियों से भी क्लिप को और सजाया जा सकता है। इस तरह की सजावट क्लिप्स को ट्रेडिशनल और स्टाइलिश बनाती है, जो किसी भी खास मौके पर शानदार लगेगी।

### पोनीटेल बो

ट्रेडिशनल हो या मॉडर्न, यह दोनों तरह के लुक के लिए परफेक्ट है, खासकर बच्चों पर यह ज्यादा आकर्षक लगता है। इसके लिए पहले हाई या लो पोनीटेल बनानी होगी, फिर रबर के चारों ओर लेस घुमाते हुए इसे कवर करें। अब आगे की ओर लेस से एक बो बना दें।

### जूड़ा पिन



साधारण-सी प्लेन जूड़ा पिन को सजाकर आप अपने लुक में चार चांद लगा सकती हैं। इसके लिए आप रंगीन लेस को छोटे-छोटे फूलों के आकार में काट लें। अब इसके बीच में बटन या कार्टन के छोटे टुकड़े लगाएं, ताकि लेस से बने फूल सीधे रहें। अब फूलों को जूड़ा पिन के अंत में चिपका दें। इन्हें कुछ घंटों के लिए सूखने दें, ताकि ये अच्छी पकड़ बना लें। अब आप अपने जूड़े में इन्हें सजा सकती हैं और हर मौके पर खास दिख सकती हैं।

### बन में रिबन

अगर आप त्योहार या शादी के किसी फंक्शन में साड़ी, सूट, लहंगा आदि जैसी ट्रेडिशनल ड्रेस पहन रही हैं तो इन कपड़ों पर बन में बंधा रिबन स्टाइल काफी आकर्षक लगेगा। इसके लिए आपको पहले सामान्य तरीके से बालों में बन बनाना होगा। घर में मौजूद कोई भी पुराना रिबन या लेस लेकर उसे अपने बालों पर लपेटना शुरू करें। पूरे बन को लेस से कवर कर दें। आखिर में किसी कोने में उसे रबर के नीचे दबा दें या फिर जूड़ा पिन की मदद से उसे फिक्स करें।